✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



गया हवाई अड्डा पर राष्ट्रपति का स्वागत करते सहकारिता मंत्री डा. प्रेम कुमार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 116 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 21 सितंबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# रोजगार, व्यापार व पर्यटन के नए द्वार खोल रही अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली/हाजीपुर।** भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा और आधुनिक अनुभव को ध्यान में रखते हुए देश में 11 अमृत भारत ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया है। इन ट्रेनों को सेमी-हाई स्पीड श्रेणी में रखा गया है और इन्हें लंबी दूरी के यात्रियों के लिए आरामदायक, सुरक्षित और तेज यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। अमृत भारत ट्रेनें अत्याधुनिक डिजाइन, बेहतर इंटीरियर, आधुनिक सीटिंग व्यवस्था और उन्नत सुविधाओं से लैस हैं, जिससे यात्रियों को सामान्य ट्रेनों से अलग एक नया अनुभव मिलता है। अमृत भारत ट्रेनें केवल एक यातायात साधन नहीं, बल्कि 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को धरातल पर साकार करने का माध्यम हैं। ये ट्रेनें उस सोच को साकार कर रही हैं जिसमें रेलवे सिर्फ लोहे की पटरियों तक सीमित नहीं है बल्कि यह लोगों की आकांक्षाओं, उनकी संस्कृति और आत्मगौरव से जुड़ी एक जीवनरेखा बन चुकी है। अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें राष्ट्रीय रेल मानचित्र पर नई पहचान बना रही हैं। यह अमृत काल की शुरुआत है जहां हर कोना जुड़े और हर सपना आगे बढ़े। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कई अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। ये ट्रेनें न केवल तेज और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करेगी बल्कि रोजगार, व्यापार और पर्यटन के नए द्वार भी खोलेगी। इन ट्रेनों का किराया सामान्य रखा गया है ताकि सभी वर्गों के लोग इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें। अमृत भारत ट्रेनें देश के दूर-दराज़ इलाकों को जोड़कर विकास की नई राहें खोल रही हैं। अमृत भारत ट्रेन 'मेक इन इंडिया' प्रोग्राम के तहत इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री में निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता को संबोधित करते हुए कहा है कि जो लोग अक्सर



अपने काम के सिलसिले में लंबी दूरी की यात्रा करते हैं और जिनकी उतनी आय नहीं है, वे भी आधुनिक सुविधाओं व आरामदायक यात्रा के हकदार हैं। इन ट्रेनों को गरीबों के जीवन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। यह ट्रेन कम आय वाले और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए उपहार के समान है। खासकर जो लोग रोजी के सिलसिले में दिल्ली-मुंबई के लिए निकलते हैं, उनके लिए वरदान साबित होगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अमृत भारत ट्रेनें कम आय वाले और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए हैं। ये बहुत सस्ती सेवा और बहुत उच्च गुणवत्ता वाली यात्रा का अनुभव प्रदान करेंगी। अमृत भारत 2.0 ट्रेन भारतीय रेल की आधुनिक पहल है। जो आम यात्रियों को कम किराए में बेहतर सुविधा, आराम और स्वदेशी तकनीक का अनुभव देती है। इस ट्रेन को विशेष रूप से मिडल क्लास के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके कोच पूरी तरह से भारत में बने हैं और आत्मनिर्भर भारत की भावना को और मजबूती देते हैं। अमृत भारत ट्रेन सुविधाजनक है। इसका लुक और डिज़ाइन भी अत्यंत आकर्षक है। ये किसी प्रीमियम ट्रेन जैसा अनुभव देती है। रेलवे की यह कोशिश है कि आम आदमी भी शान और आराम के साथ यात्रा कर सके और इसी सोच के साथ यह ट्रेन शुरू की गई है। पर्यावरण के प्रति सजगता, ऊर्जा की बचत और यात्रियों की सुविधा- ये तीनों पहलू इस ट्रेन की पहचान हैं। यह ट्रेन देश के विकास की नई रफ्तार और बदलते भारत की झलक है। पहली बार ट्रेन में सेमी-ऑटोमैटिक कॉपलर का उपयोग किया गया है। ट्रेन जुड़ते या अलग होते वक्त झटका नहीं लगता और ना ही आवाज आती है। इसमें लगा डिफॉर्मेशन ट्यूब किसी टक्कर की स्थिति में झटका कम कर देता है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ती है। लोकोमोटिव के साथ यह रेक न केवल स्थिरता प्रदान करता है, बल्कि उच्चतम गति एवं बेहतर संचालन की क्षमता भी सुनिश्चित करता है। ट्रेन को 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ अपडेट किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### वज्रपात से मौत

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के अधौरा थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अधौरा थाना क्षेत्र के गोइयां गांव निवासी यमुना सिंह खरवार के रूप में हुई है। यमुना सिंह खरवार अधौरा प्रखंड के विभोर गांव में श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वापस लौटते समय अचानक बारिश शुरू हो गई। वे बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी और उनकी मौत हो गई।

### कुख्यात अपराधी गोलू ठाकुर गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पानापुर करियात थाना क्षेत्र के अर्रा गांव से पुलिस ने कुख्यात अपराधी गोलू ठाकुर को गिरफ्तार किया है। पंकज सिंह हत्याकांड में उसकी गिरफ्तारी हुई है। 2013 में पंकज सिंह की हत्या हुई थी। सदर थाना पुलिस ने छापेमारी कर उसे पकड़ा है। पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थानेदार साहुल कुमार ने बताया कि गोलू ठाकुर की गिरफ्तारी के लिए कई महीनों से निगरानी रखी जा रही थी। पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां सामने आई हैं, जिसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई और जांच की जा रही है।

### राजस्व महा-अभियान के दौरान आये 44 लाख से अधिक आवेदन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार द्वारा 16 अगस्त से 20 सितंबर तक चलाया गया राजस्व महा-अभियान समाप्त हो गया है। इस अभियान में भारी संख्या में लोगों ने भाग लिए और कुल 44 42152 आवेदन प्राप्त हुए। लोगों ने भूमि रिकॉर्ड में सुधार और अलग-अलग प्रक्रियाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सबसे ज्यादा आवेदन जमाबंदी में त्रुटि सुधार के लिए आए। इसकी संख्या 3334352 रही। इसके अलावा ऑफलाइन जमाबंदी को ऑनलाइन करने के लिए 568751 आवेदन, उत्तराधिकार के नाम ट्रांसफर के लिए 292020 और बंटवारा ट्रांसफर के लिए 247029 आवेदन मिले। विभाग ने इस अवधि में भूमि रिकॉर्ड को अपडेट और ट्रांसपेरेंट बनाने पर फोकस किया।

### ओमान की कंपनी बनाएगी पटना-सासाराम फोरलेन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार की राजधानी पटना से भोजपुर होते हुए सासाराम तक बनने वाले फोरलेन हाइवे को ओमान की गल्फर इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी बनाएगी। बिहार में दरभंगा के बाद यह दूसरा एक्सेस कंट्रोल्ड (गति नियंत्रित) नेशनल हाइवे होगा। इस सड़क की लंबाई 120 किलोमीटर है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण इसका निर्माण कर रहा है। एजेंसी को अब सिर्फ फाइनेंशियल क्लोजर रिपोर्ट दिखाना है। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू कर देगी। एक से दो महीने में यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस एक्सेस कंट्रोल्ड सड़क के बनने से पटना से सासाराम तक का सफर 4 घंटे के बदले दो घंटे मेंपूरा होगा। यह पूरा प्रोजेक्ट दो चरणों में पूरा होगा। पहले चरण में पटना से भोजपुर तक 46 किलोमीटर लंबे एनएच का निर्माण होगा।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग की कल्याणकारी योजनाओं के तहत छात्र-छात्राओं के बैंक खाते में 2920 करोड़ किया हस्तांतरित

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिक्षा विभाग के अन्तर्गत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 49 लाख 9 हजार 336 लाभार्थियों के खाते में 2920 करोड़ रुपये का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किया। सरकार की इस पहल से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की राशि का लाभ विद्यार्थियों तक सीधे पहुंचाया गया। इस राशि के अंतर्गत मुख्यमंत्री बालिका (इंटरमीडिएट उतीर्ण) प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री साइकिल योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालक पोषाक योजना, छात्रवृत्ति योजना, कन्या उत्थान योजना जैसी अनेक शैक्षिक योजनाओं के लाभ सीधे विद्यार्थियों को प्रदान किए गए। साथ ही कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 958.79 करोड़ की लागत की षिक्षा विभाग की आधारभूत



संरचनाओं से संबंधित 331 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इसके अन्तर्गत 426.10 करोड़ की लागत से निर्मित 259 योजनाओं का उद्घाटन एवं 532.69 करोड़ की लागत से संबंधित 72 नई योजनाओं का शिलान्यास सम्मिलित है। इन योजनाओं के माध्यम से विद्यालय भवन, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, छात्रावास, शौचालय, पेयजल आदि की सुविधा को और सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच में अभूतपूर्व सुधार होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नवम्बर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हमलोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिये लगातार काम कर रहे हैं। वर्ष 2005 में शिक्षा का कुल बजट 4366 करोड़ रूपये था जो अब बढ़कर 77,690 करोड़ हो गया है। बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति, नये विद्यालय भवनों के निर्माण एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास से शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। राज्य के सभी बच्चों की गुणवतापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने कराने के लिये सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उस पर लगातार काम कर रही है। मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त डा. एस. सिद्धार्थ, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. बी. राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मयंक वड़वड़े, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, गोपाल सिंह, अजय यादव, दिनेश कुमार, इनायत खान, प्राथमिक शिक्षा की निदेशक साहिला सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# तालाब में डूबने से तीन चचेरी बहनों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** जाले थाना क्षेत्र के मुरैठा गांव में तीन चचेरी बहनों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। तीनों बच्चियां दुर्गा पूजा में संध्या आरती के लिए दीपक बनाने के लिए मिट्टी लाने गई थी। इस बीच अचानक बारिश शुरू हो गई। मिट्टी गीला होने के कारण एक बच्ची फिसलकर तालाब में गिर गयी। उसे बचाने के लिए दूसरी पानी में उतरी लेकिन वो डूबने लगी। दोनों को बचाने के चक्कर में तीसरी बच्ची भी डूब गई। तालाब किनारे बकरी चरा रहे एक बच्चे की नजर पानी में डूब रही बच्चियों पर पड़ी। भागते-भागते गांव पहुंचा और परिजनों को पूरी बात बताई। इसके बाद ग्रामीण और परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से पानी से बाहर निकाला। मामले की सूचना पर जाले पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से बच्चियों को अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतका की पहचान वार्ड नंबर पांच निवासी विनोद ठाकुर की पुत्री अमृता कुमारी(12), रामनाथ ठाकुर की पुत्री संगीता कुमारी(13), राजकुमार ठाकुर की पुत्री(14) के तौर पर हुई है। परिजन अशोक कुमार ने कहा संगीता और किरण मेरी भतीजी थी। तीनों बच्ची दीप बनाने के लिए तालाब किनारे मिट्टी लाने गई थी। उसके बाद वहां क्या हुआ पता नहीं। मोहल्ले के बच्चे से जानकारी मिलने के बाद खोजने के लिए गए। भैया कारपेंटर का काम करते हैं।

### सीएम नीतीश कुमार ने जतायी संवेदना

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा जिला के जाले प्रखण्ड अंतर्गत मुरेठा गांव में तलाब में डूबने से तीन बच्चियों की हुई मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस हादसे को अत्यंत दुखद बताया और मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने दुख की इस घड़ी में मृतकों के शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने इस हादसे में मृत बच्चियों के परिजनों को 04-04 लाख रुपये अविलंब अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

# दीघा घाट से कंगन घाट तक चलेगी वाटर मेट्रो

▪ **पर्यटन विभाग और आइडब्लूएआइ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर, जल्द होगा ट्रायल**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना में वाटर मेट्रो की सेवा जल्द शुरू होगी। इसके लिए पर्यटन विभाग और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आइडब्लूएआइ) के बीच समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुआ। पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि शहरी वाटर मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत पटना में दीघा घाट से लेकर कंगन घाट तक वाटर मेट्रो चलेगी। वाटर मेट्रो दीघा पर्यटन घाट से खुलकर एनआइटी घाट, गायघाट होते हुए कंगन घाट तक जाएगी। इसका पटना से जल्द ही ट्रायल किया जाएगा। भविष्य में 10 और स्थान चिहि्नत किए जाने हैं, जिससे शहर के वाटर पर्यटन सिस्टम में बदलाव आने की उम्मीद है। प्रदूषण और यात्रा समय में कमी आएगी। पटना देश के 18 चुनिंदा शहरों में शामिल है जहां आधुनिक शहरी जल परिवहन प्रणाली विकसित की जा रही है। वाटर मेट्रो की क्षमता करीब 100 यात्रियों की होगी जिनमें 2 व्हीलचेयर उपयोगकर्ता भी शामिल हैं। इसमें यात्रियों के लिए पूरी तरह से एयर कंडीशन्ड और आरामदायक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस प्रोजेक्ट के तहत मॉडर्न हाईब्रिड इलेक्ट्रिक कैटामरान जलयान 'एमभी निशादराज' जैसे पोत संचालित किए जाएंगे, जो बैटरी और हाईब्रिड मोड दोनों में चलने में सक्षम हैं। यह जलयान केवल जीरो कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करेगा। समझौता गुजरात के भावनगर में हुआ। केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और मनसुख मांडवीय की उपस्थिति में 908 करोड़ रुपए की लागत से शहरी जल मेट्रो परियोजना के विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर आइडब्लूएआइ के चेयरमैन सुनील कुमार सिंह और पर्यटन विभाग प्रबंध निदेशक नंद किशोर ने हस्ताक्षर किए।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया पिंडदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मोक्ष और ज्ञान की भूमि गयाजी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को विष्णुपद मंदिर परिसर में अपने पितरों को मोक्ष की कामना को लेकर पिंडदान किया। सनातनी पद्धति से राष्ट्रपति ने अपने कुल के पिता-माता, सास-ससुर और दो बेटों सहित सात कुल के दिवंगत हो चुके स्वजनों के आत्मा की शांति और मोक्ष दिलाने के लिए पूरे विधि विधान से पिंडदान का कर्मकांड श्रद्धा से की। ओड़िशा राज्य के गयापाल पुरोहित राजेश कटियार, बाबूलाल झंकर ने सनातनी पद्धति से राष्ट्रपति को पिंडदान व कर्मकांड कराया। गयापाल पुरोहित ने बताया कि राष्ट्रपति ने सर्वप्रथम अपने दोनों कुल के दिवंगत लोगों का आह्वान करते हुए उन्हें गयाजी बुलाएं। उसके बाद बारी-बारी से अपने कुल के दिवंगत लोगों के नामों का उच्चारण करते हुए उनकी मोक्ष और आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। पिंडदान करने के बाद गौदान भी किया गया। उसके बाद राष्ट्रपति ने पूर्वजों के नाम से दिए गए



पिंड को विष्णुपद मंदिर में स्थित जगत के पालनहार श्रीहरि के चरण पर अर्पित किया। उनके पितरों को मोक्ष, शांति दिलाने के लिए दोनों हाथ जोड़कर श्रीहरि से कामना की। उसके बाद राष्ट्रपति अक्षय वृक्ष पहुंची जहां भी पिंड अर्पित करते हुए प्रणाम की। राष्ट्रपति ने फल्गु नदी में पिंड को अर्पित करने के लिए अपने पुरोहित को दिया। पुरोहित ने फल्गु नदी में पूजा-सामग्री और पिंड को प्रवाहित किया। राष्ट्रपति ने गयापाल पुरोहित से सुफल ली और पुरोहित को गुप्त दान दिया। राष्ट्रपति ओडिशा राज्य के मयूरगंज जिला के रायदगपुर थाना क्षेत्र के अधड़बंध पोस्टर पहाड़पुर गांव की रहने वाली हैं। जानकारी हो कि राष्ट्रपति दिल्ली से विशेष विमान से अंतरराष्ट्रीय गया हवाई अड्डा पहुंचीं जहां केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं बिहार सरकार की ओर से सहकारिता मंत्री डा. प्रेम कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। गया एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच गयाजी स्थित विष्णुपद मंदिर पहुंचीं जहां कर्मकांड किया गया। राष्ट्रपति मंदिर परिसर में करीब दो घंटे तक पूरे विधि विधान से पिंडदान व कर्मकांड किया। इसके बाद दिल्ली के लिए रवाना हो गई।

# नौकरी के अवसर लगातार बढ़ेंगे

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने पटना में शिक्षकों की भर्ती को लेकर प्रदर्शन कर छात्रों पर महत्वपूर्ण बयान दिया। सुनील कुमार ने कहा कि बीपीएससी द्वारा टीआरइ-4 परीक्षा के लिए सीटों की संख्या बढ़ाना फिलहाल संभव नहीं है। मंत्री ने बताया कि शिक्षा विभाग में अब तक लगभग 2 लाख 50 हजार शिक्षक और हेडमास्टरों की नियुक्ति हो चुकी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2005 से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी दृष्टिकोण के तहत शिक्षकों की बहाली और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी जोर दिया कि शिक्षकों की नियुक्तियों का सीधा लाभ छात्रों के भविष्य को मिलेगा और आने वाले समय में इसका सकारात्मक असर देखने को मिलेगा। शिक्षा मंत्री ने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने अब तक 10 लाख नौकरियां दी हैं। आगे भी नियुक्ति प्रक्रिया जारी रहेगी। शिक्षा विभाग युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखकर निर्णय लेगा।

# बांकीपुर के विकास से बिहार को मिलेगी नई पहचान : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के स्काउट्स एंड गाइड मैदान में शनिवार को पथ निर्माण मंत्री एवं बांकीपुर विधानसभा से भाजपा विधायक नितिन नवीन की अध्यक्षता में नमन बांकीपुर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने बांकीपुर विधानसभा की जनता के बीच पिछले पांच वर्षों में हुए विकास कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया और बताया कि आज बिहार जिस प्रगति के पथ पर अग्रसर है, उसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जाता है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने पटना और बांकीपुर विधानसभा को विकास की अनेक सौगातें दी हैं। 86.98 करोड़ की लागत से मंदिरी नाले का बॉक्स ड्रेन




और उसके ऊपर 4 लेन सड़क का निर्माण हो रहा है। 52 करोड़ की लागत से पटना के दक्षिणी इलाकों को जे.पी. गंगापथ से जोड़ने का कार्य शुरू हुआ है, जिससे मीठापुर और आसपास के लोगों को स्टेशन, बाईपास और मुख्य इलाकों तक सीधी कनेक्टिविटी सुनिश्चित हुई है। 15 करोड़ की लागत से 10 एकड़ भूमि पर बनने वाला वेस्ट टू वंडर थीम पार्क बिहार का पहला और देश का पाचवां पार्क होगा, जिसमें बिहार गौरव डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 52 फीट उंची प्रतिमा स्थापित होगी। इसके अलावा बांकीपुर, पाटलिपुत्र और कंकड़बाग क्षेत्रों में लगभग 44 करोड़ की लागत से 27 सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। जी.पी.ओ. गोलंबर के पास 66.81 करोड़ की लागत से मल्टी-मॉडल हब और 84.83 करोड़ से ट्रैवलेटर युक्त आधुनिक सब-वे यात्रियों को सुविधा दे रहे हैं। आनंदपुरी नाला निर्माण योजना 91.27 करोड़ की लागत से शुरू हुई है, वहीं बाकरगंज नाले पर 26.89 करोड़ से 1400 मीटर लंबी सड़क बन रही है। 422 करोड़ की लागत से बना बिहार का पहला डबल डेकर एलीवेटेड कॉरिडोर कारगिल चौक से साइंस कॉलेज तक लोगों को जाम से राहत दे रहा है।

# बिहार में देश का सबसे बड़ा सोलर पावर संयंत्र बनकर तैयार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लखीसराय।** जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र कजरा के टाली कोड़ासी गांव में देश का सबसे बड़ा ऊर्ज़ा संयंत्र बनकर तैयार हो गया है। यह प्लांट कुल 1231 एकड़ भूमि पर बनाया गया है। कुल 1500 करोड़ की लागत से कुल 4 लाख 32 हजार सोलर प्लेट्स लगाई हैं। इसमें 254 मेगावट आवर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम भी लगाया गया है, जो 24 घंटा बिजली उत्पादन करेगा। सौर प्लांट में बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड और एजेंसी लार्सन एंड टुब्रो के अधिकारियों की अहम भूमिका रही है। यह सुविधा आने वाले नवंबर तक सबसे पहले लखीसराय और दूसरे फ़ेज में खड़गपुर को मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा इसका शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में कई मंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद भी है। यह प्रणाली देश की सबसे बड़ी बैटरी भंडारण प्रणाली होगी जिससे बिहार को पीक समय में भी सस्ती और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। यह परियोजना नवीकरणीय ऊर्ज़ा उत्पादन को बढ़ावा देगी और पारंपरिक जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करेगी। रात के समय भी बिजली की निर्बाध आपूर्ति हो सकेगी। वर्तमान में अभी इस सौर उर्ज़ा प्लांट में कुल 1000 इंजीनियर और मजदूर कार्यरत हैं। आने वाले समय में जब यह चालू होगा, तो इसमें और कर्मचारी होंगे जिससे बेरोजगार लोगों को रोजगार मुहैया कराने में भी मदद मिलेगी।

### मुख्यमंत्री ने विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन

# वर्चुअल रियलिटी थियेटर से विज्ञान के साथ मिलेगी कई जानकारियां : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज तारामंडल में आयोजित कार्यक्रम में विज्ञान प्रदर्शनी बस को हरी झंडी दिखाकर राज्य में भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्श बस सेवा का शुभारंभ किया। यह बस बिहार के सभी क्षेत्रों में जाकर छात्र-छात्राओं को विज्ञान के बारे में जानकारी उपलब्ध करायेगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इसके तहत तारामंडल, पटना में एस्ट्रा पार्क के निर्माण कार्य का शुभारंभ एवं स्मारिका बिक्री केंद्र का उद्घाटन किया गया। साथ ही बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत एमटेक पाठ्यक्रम का बिहार रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर में शुभारंभ किया गया। आज के कार्यक्रम में तारामंडल में टेलीस्कोप सहित ऑब्जर्वेटरी डोम के निर्माण हेतु बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी तथा राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिसर के बीच समझौता ज्ञापन संपन्न हुआ। साथ ही तारामंडल में इंटर्नशिप पोर्टल का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने शिलापट्ट अनावरण कर वर्चुअल रियलिटी थियेटर का उद्घाटन किया। तारामंडल के मुख्य भवन में 5.6 करोड़ रूपये की लागत से वर्चुअल रियलिटी थियेटर की स्थापना की गयी है। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल रियलिटी थियेटर के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और वहां बैठकर इसका अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह थियेटर अच्छा बना है। यहां आनेवाले विद्यार्थियों एवं लोगों को विज्ञान के साथ-साथ अन्य नयी जानकारियों का अनुभव होगा। मुख्यमंत्री ने बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग पास आउट छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने समग्र रूप से विश्वविद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करनेवाले छात्र सुमन कुमार (मैकनिकल इंजीनियर, मोतिहारी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग) को 50 हजार एक रुपये का चेक, स्वर्ण पदक, लैपटॉप, प्रशस्ति पत्र एवं बीटेक की उपाधि से सम्मानित किया। साथ ही सिविल इंजीनियरिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाली छात्रा वैष्णवी प्रिया, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाली छात्रा सलोनी कुमारी, इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन एंड इंजीनियरिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाले रितिक राज, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाले प्रमित कुमार एवं इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी में प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाली रानी कुमारी को लैपटॉप, स्वर्ण पदक, प्रशस्ति पत्र एवं बीटेक की उपाधि से सम्मानित किया।

# बीडी कॉलेज, पटना में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुक होना जरूरी : डॉ रत्ना अमृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बीडी कॉलेज, पटना में आज प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत के दूरदर्शी मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनएसएस बी डी कॉलेज पटना, जिला परिवहन कार्यालय, पटना एवं मिशन रोड सेफ्टी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन नीतू तिवारी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और स्वागत उद्बोधन से हुआ जिसके पश्चात अतिथियों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित अपने विचार प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता के रूप में मिशन रोड सेफ्टी के विशेषज्ञ अमित कुमार ने छात्रों को सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात अनुशासन के महत्व पर जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपेंद्र पाल (डीटीओ, पटना), पिंकू कुमार (एडीटीओ, पटना) एवं अनिल कुमार (डीएसपी ट्रैफिक, पटना) ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को जीवन रक्षा का संकल्प बताया और युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत ने कहा सड़क सुरक्षा केवल नियमों के अनुपालन का विषय नहीं है, बल्कि यह जीवन के मूल्यांकन और सामाजिक उत्तरदायित्व की पहचान है। बीडी कॉलेज अपने विद्यार्थियों को जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में एनएसएस एवं एनसीसी इकाईयों की सक्रिय भागीदारी रही। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ भी लिया। कार्यक्रम का समापन डॉ विशाल विजय के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। बीडी कॉलेज परिवार ने परिवहन विभाग, मिशन रोड सेफ्टी टीम, प्रवर्तन अधिकारियों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया जिनके सहयोग से यह आयोजन अत्यंत सफल और प्रभावशाली रहा।

# रिश्वत के जुर्म में बी इ ओ समेत दो को सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित एक विशेष अदालत ने रिश्वत लेने के जुर्म में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी समेत दो लोकसेवकों को एक -एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ बीस--बीस हजार रुपए का जुर्माना भी किया। नगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने मामले में सुनवाई के बाद नालंदा जिले के हिलसा प्रखंड के शिक्षा पदाधिकारी हरिश्चंद्र चौधरी और इसी कार्यालय के लेखापाल ललन मंडल को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है।

# अमृत भारत ट्रेन विषय पर निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल के पूर्व मध्य रेलवे उच्च माध्यमिक विद्यालय, दानापुर में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के बीच अमृत भारत ट्रेन विषय पर निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दानापुर मंडल ट्रेनों के परिचालन के साथ-साथ अपने सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देता रहता है। इसी कड़ी में स्कूल के विद्यार्थियों के बीच अमृत भारत ट्रेन को लेकर उनकी उत्सुकता को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे उच्च माध्यमिक स्कूल दानापुर में निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में सब ने एक से एक पेंटिंग बनाई एवं निबंध लिखकर अपनी योग्यता प्रदर्शित की। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः हर्ष राज, आकाश कुमार एवं स्नेहा कुमारी को तथा पेंटिंग कम्पीटिशन में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार क्रमशः सुशांत कुमार, गौरव कुमार एवं सोहम राज को मिला।

प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के प्रिंसिपल ज्ञानेश्वर की निगरानी में एवं कल्याण निरीक्षक अशोक कुमार की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# श्रमिकों के जीवन में बदलाव लाने का लें संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** समाज के सबसे नीचले पायदान पर जिंदगी गुजार रहे आम लोगों की चिंता करना जरूरी है। चिंतन इस बात की होनी चाहिए कि उनका समग्र विकास कैसे हो? समाज के नीचले पायदान पर खड़े लोगों का समग्र विकास देश के उत्थान के लिए आवश्यक है। उपर्युक्त बातें भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी. सुरेन्द्रन ने शनिवार को कही। स्थानीय जीपीओ सभागार में आयोजित भारतीय मजदूर संघ की दो दिवसीय कार्यसमिति की बैठक का उद्घाटन करते हुए संगठन मंत्री बी सुरेन्द्रन ने कहा कि श्रमिकों के जीवन में बदलाव लाने के लिए भारतीय मजदूर संघ के एक-एक कार्यकर्ता को लगना होगा। श्री सुरेन्द्रन ने कहा कि भारत सरकार ने 44 श्रम कानूनों को मिलाकर चार लेबर कोड बनाया है। दो लेबर कोड का भारतीय मजदूर संघ स्वागत करता है और सरकार से अनुरोध करता है कि वेज बोर्ड और सामाजिक सुरक्षा कानून का शत-प्रतिशत अनुपालन हो। इसके पूर्व भारत माता, भगवान विश्वकर्मा और राष्ट्र ऋषि दत्तोपन्त ठेंगड़ी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक का उद्घाटन किया गया। प्रदेश कार्यसमिति बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष राजेश कुमार लाल ने की जबकि संचालन प्रांतीय महामंत्री संजय कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला, अखिल भारतीय कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के संगठन मंत्री मुरारी प्रसाद, संयुक्त महामंत्री मनीष कुमार, वित्त सचिव मुकेश कुमार सिन्हा, प्रांतीय उपाध्यक्ष राम बाबू सिंह, उमा कुमारी व प्रमोद राम, प्रांतीय मंत्री शम्भू चौबे, सिम्पी कुमारी व राजेश कुमार, कार्यालय मंत्री अनंत कुमार शांडिल्य, शकील अहमद, चितरंजन पांडेय, राकेश भारती, सुनील कुमार सहित विभिन्न जिलों के श्रमिक प्रतिनिधियों में हिस्सा लिया।

# चकाचक पटना के लिए कवियों ने चलाया जागरूकता अभियान

## पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर नीतू नवगीत ने लोकगीतों के माध्यम से जगाई चेतना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वच्छ और सुंदर पटना की परिकल्पना को साकार करने के लिए पटना नगर निगम लगातार जन-जागरण अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को मौर्य लोक स्थित विवेकानंद पार्क में स्वच्छता टॉक एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहर के नामचीन कवियों और साहित्यकारों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम में सभी कवियों ने स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए अपनी कविताओं और रचनाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। प्रख्यात कवि एवं साहित्यकार डॉ. विजय गुंजन ने स्वच्छता पर केंद्रित कई प्रभावशाली कविताएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं युवा कवि अमृतांशु बाबू ने जोशीले अंदाज में लोगों से अपील की कि वे आगे बढ़कर पटना को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। कार्यक्रम का आकर्षण रही पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर और कवियत्री डॉ. नीतू कुमारी नवगीत। उन्होंने बिहार की पारंपरिक लोकधुनों और गीतों के जरिए स्वच्छता का संदेश देते हुए जनता में चेतना जगाई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा 'स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं, बल्कि इसके लिए नागरिकों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। जब तक हर नागरिक स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी नहीं मानेगा, तब तक चकाचक पटना का सपना अधूरा रहेगा।' इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के प्रतिनिधि रवि कुमार और बबलू कुमार ने भी अपनी बात रखते हुए युवाओं से अपील की कि वे मोहल्लों और वार्ड स्तर पर स्वच्छता अभियान को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही पटना को स्वच्छ, सुंदर और रहने योग्य शहर बनाया जा सकता है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार इस तरह के सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमों से लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। निगम का उद्देश्य है कि लोग न सिर्फ स्वच्छता को समझें, बल्कि उसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

# विनय कुमार बने केंद्र सरकार की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** केन्द्र सरकार ने बिहार तथा झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार और अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनीवार्ता, यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया के बिहार-झारखंड के समन्वयक विनय कुमार को केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। इस समिति के अध्यक्ष केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं। मंत्रालय के उप महानिदेशक अखिलेश कुमार द्वारा जारी संकल्प के अनुसार मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया गया है। इस समिति में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह पदेन अध्यक्ष हैं जबकि केंद्रीय वस्त्र राज्य मंत्री समिति के उपाध्यक्ष हैं। इस समिति में लोकसभा और राज्यसभा के कई सदस्यों के अलावा भारतीय प्रशासनिक सेवा के सचिव तथा अध्यक्ष स्तर के अधिकारी भी बतौर सदस्य शामिल हैं। गौरतलब है कि करीब साढ़े तीन दशक से बिहार और झारखंड में कई दैनिक समाचार पत्रों के अलावा राष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनीवार्ता, यूएनआई, हिंदुस्थान समाचार के ब्यूरो प्रमुख व विशेष संवाददाता के रूप में कार्य कर चुके श्री कुमार ने इसके पूर्व भी केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, ग्रामीण विकास, इस्पात मंत्रालय समेत कई मंत्रालयों की विभिन्न समितियों के सदस्य के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन्होंने सूरीनाम में आयोजित सातवें विश्व हिंदी सम्मेलन को भी एक पत्रकार के रूप में कवर किया था। श्री कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन पर जो विश्वास व्यक्त किया गया है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। ज्ञातव्य है कि विनय कुमार जमुई जिले के खैरा प्रखंड के खैरा गांव के रहने वाले हैं।

# रोटरी पाटलिपुत्रा नेक्स्टजेन की भव्य डांडिया नाइट

## नवरात्रि की परंपरा और आधुनिक मनोरंजन का संगम, होटल चाणक्य में झूमे रोटेरियन और अतिथि


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** रोटरी पटलिपुत्रा नेक्स्टजेन ने होटल चाणक्य में शानदार डांडिया नाइट का आयोजन किया। गरबा और डांडिया की धुनों पर रोटेरियन परिवारों, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नवरात्रि के रंगों में सराबोर हो गए। कार्यक्रम का नेतृत्व अध्यक्ष आयुष अग्रवाल, सचिव अंकित गुप्ता, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल तथा संयोजक स्तुति जैन और अनुभूति सर्राफ ने किया। आकर्षक सजावट, पारंपरिक माहौल और झिलमिलाती रोशनी ने पूरे आयोजन को भव्य रूप दिया। नृत्य के अलावा लकी ड्रॉ, टीम गेम्स और फोटो बूथ जैसे आकर्षणों ने मेहमानों को खूब रिझाया। प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे परिधानों और पारंपरिक प्रॉप्स के साथ यादगार तस्वीरें खिंचवाकर इस उत्सव को अविस्मरणीय बना दिया। मौके पर एम पी जैन ने कहा कि यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा बल्कि सामुदायिक सौहार्द्र और एकता का संदेश भी देता दिखा जो रोटरी की सेवा और साथ मिलकर आगे बढ़ने की भावना को उजागर करता है।

# शहद का उत्पादन बढ़ा किसानों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ें : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पटना में बिहार राज्य के प्रखंड स्तरीय प्राथमिक मधुमक्खीपालन, शहद उत्पादक प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के कौशल एवं व्यवसाय वृद्धि हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राज्य के लगभग 250 शहद उत्पादक सहयोग समितियों के अध्यक्ष एवं उनसे संबंधित अन्य महत्त्वपूर्ण पद धारक सम्मिलित हुए। आज की एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का उद्देश्य शहद उत्पादक समितियों के कौशल उन्नयन एवं व्यवसाय विस्तार के साथ क्षमता वर्द्धन करना था। आज की कार्यशाला में शहद उत्पादक सहयोग समिति से संबंधित एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन कर सहकारिता विभाग द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं एवं पहलों इत्यादि के बारे में नवीनतम जानकारी उपलब्ध करायी गई। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने कहा कि शहद उत्पादक सहयोग समितियां किसानों की आय बढ़ाने का एक मजबूत जरिया है। सहकारिता विभाग का उद्देश्य न केवल शहद का उत्पादन बढ़ाना है, बल्कि प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन के माध्यम से किसानों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ना है ताकि आने वाले समय में बिहार शहद उत्पादक के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में उभर सके। सरकार के द्वारा उद्यान निदेशालय के माध्यम से शहद उत्पादकों को जो सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, वे सभी सुविधाएं इन समितियों को भी फेडरेशन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। आज के कार्यशाला के प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञों द्वारा शहद उत्पादक सहयोग समितियों के सदस्यों को मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन एवं प्रसंस्करण तकनीक पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समितियों को गुणवत्ता नियंत्रण और ब्रांडिंग के महत्व से भी अवगत कराया गया ताकि बिहार का शहद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी पहचान बना सके। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में शहद उत्पादक समितियों के अध्यक्षों एवं सदस्यों को सहकारी अधिनियम / नियमावली / उपविधि के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। आज के कार्यक्रम में निबंधक, सहयोग समितियां, रजनीश कुमार सिंह, अपर निबंधक (साख), प्रभात कुमार, अपर निबंधक (प्रशासन), रामनरेश पाण्डेय, अपर निबंधक (न्यायिक), विकास कुमार बरियार, संयुक्त निबंधक (अंकेक्षण) कामेश्वर ठाकुर, निदेशक, दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पटना डॉ के. पी. रंजन सहित सहकारिता विभाग के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्व मध्य रेल में अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हाजीपुर।** भारतीय रेल की अमृत भारत योजना के तहत पूर्व मध्य रेल में अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सोनपुर मंडल के हाजीपुर स्टेशन पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा केंद्रीय विद्यालय, सोनपुर में निबंध, चित्रकला (पेंटिंग) और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने हेतु था, बल्कि भारतीय रेल के भविष्य की दिशा, यात्री सुविधाओं के विकास और पर्यावरणीय जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम भी हैं। निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों में ढालते हुए भारतीय रेल अमृत भारत ट्रेन जैसे विषयों को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। वही निबंध लेखन के माध्यम से रेलवे के आधुनिकीकरण, यात्री अनुभव, सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। इन रचनात्मक प्रस्तुतियों ने यह सिद्ध किया कि भारतीय रेल केवल एक परिवहन प्रणाली नहीं, बल्कि रचनात्मकता, नवाचार और जनसहभागिता का प्रतीक बन चुकी है। वही दूसरे चरण में हाजीपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01 पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्टेशन मास्टर कुमार राकेश रंजन, टीटीई एवं अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अमृत भारत एक्स्प्रेस ट्रेन से जुड़े संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतिभागियों ने न केवल सही उत्तर दिए, बल्कि टीम भावना, तत्परता, और ज्ञान की गहराई का भी परिचय दिया।

# बैंक ऑफ इंडिया रिटायर्ड ऑफिसर्स ऑर्गेनाइजेशन बिहार राज्य इकाई की वार्षिक आम सभा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** फ्रेजर रोड स्थित होटल सम्राट में बैंक ऑफ इंडिया रिटायर्ड ऑफिसर्स ऑर्गेनाइजेशन बिहार राज्य इकाई की वार्षिक आम सभा संगठन के अध्यक्ष हरिनारायण अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। महासचिव उमेश तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। श्री तिवारी ने आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए पेंशन अपडेशन, सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए ग्रुप बीमा प्रीमियम पर सब्सिडी एवं जीएसटी हटाने, सेवानिवृत कर्मचारियों के संगठनों को पेंशन वार्ता में शामिल करने आदि की मांगों पर संघर्ष तेज करने का संकल्प दुहराया। संगठन के अखिल भारतीय संगठन के महासचिव हरविंदर सिंह ने अपने वीडियो संदेश के माध्यम से केंद्रीय कार्यकारिणी की उपलब्धि की चर्चा की और आगे के संघर्ष के लिए राज्य इकाई को दिशानिर्देश दिए। संगठन के वाइस चेयरमैन एवं बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व उप महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने वेलफेयर योजनाओं पर प्रकाश डाला और सबको उससे जुड़ने का आग्रह किया। अमरेंद्र पाण्डेय के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्र गान के साथ सभा समाप्त हुई।

# दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था को लेकर पदाधिकारियों को डीएम ने दिए निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास समाहरणालय में जिला पदाधिकारी उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा को लेकर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम अपर समाहर्ता-सह-अपर समाहर्ता, जिला दण्डाधिकारी, रोहतास के द्वारा बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं शांति समिति के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बताया गया कि आगामी त्योहारों यथा-दुर्गा पूजा (दशहरा), दीपावली, एवं छठपूजा मनाये जाने के अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाये रखते हुए निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से आज की बैठक आहूत की गयी है। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त त्योहारों के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाये रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने हेतु बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से बारी-बारी से सुझाव प्राप्त किया गया, जो निम्नवत है। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम के द्वारा अनुमंडल स्तर पर की गयी तैयारियों के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दी गयी। तत्पश्चात नगर पूजा समिति, सासाराम, डिहरी एवं बिक्रमगंज के द्वारा अपने-अपने अनुमंडलों के बारे में की गयी तैयारियों एवं पूजा पंडालों के रखने आदि के संबंध में तथा अभी तक की गयी तैयारियों के बारे में अद्यतन जानकारी दी गयी। दुर्गापूजा त्योहार 22 सितंबर से कलश स्थापना के साथ प्रारम्भ होकर 3 अक्तूबर 2025 तक मनाया जायेगा तथा 2 अक्तूबर को संध्या 6 बजे से रावण वद्य कार्यक्रम होगा। उक्त त्योहार के अवसर पर मां ताराचण्डी धाम पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसमें श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होने की सम्भावना बनी रहती है। इसलिए उक्त अवसर पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति धाम की साफ-सफाई, रोड की मरम्मत, पेयजलापूर्ति आदि की व्यवस्था कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया। इसके अतिरिक्त पत्र में अंकित कार्यो को दुर्गापूजा के पहले कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया। इसके अतिरिक्त 3 अक्तूबर को दुर्गाकुण्ड फजलगंज में मूर्ति विसर्जन होने की बात बताते हुए वहां भी लाइट एवं कुण्ड की साफ-सफाई कराये जाने का सुझाव दिया गया। साथ मूर्ति विसर्जन मार्ग की मरम्मत कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया।

## धावादल ने पांच बाल श्रमिकों को मुक्त कराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** श्रम संसाधन विभाग कैमूर के अंतर्गत श्रम अधीक्षक कैमूर द्वारा गठित बाल श्रम विमुक्ति हेतु धावादल का संचालन मोहनियां प्रखण्ड में किया गया जिसमें विभिन्न ढाबों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते समय चांदनी चौक स्थित जय बजरंग स्वीट्स से पांच बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया। चार विमुक्त बाल श्रमिक चतरा जिला झारखंड राज्य के निवासी है जबकि एक बालक गया जिला राज्य बिहार के निवासी है। सभी बाल श्रमिकों को विमुक्ति के उपरांत जिला बाल संरक्षण इकाई कैमूर के सुपुर्द करते हुए दोषी नियोजकों पर बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्यवाही की गई है।

## गृहमंत्री अमित शाह का अमित पटेल ने किया भव्य स्वागत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** गृहमंत्री अमित शाह को हेलीपैड पर अंग वस्त्र व फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते हुए भाजपा युवा नेता अमित कुमार पटेल ने उनको डालमियानगर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि गृहमंत्री अमित शाह के डिहरी आगमन पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ता काफी उत्साहित हुए और भाजपा को जीत दिलाने के लिए उनके मार्गदर्शन में एकजुट हुए और भाजपा को जीत दिलाने के लिए संकल्प लिया। गृहमंत्री ने कहा था कि यह चुनाव दो तिहाई ज्यादा बहुमत से सरकार बनाने का चुनाव है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि मोदी जी के नेतृत्व में बिहार में सरकार बनानी है साथ ही यह भी कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां बूथ अध्यक्ष भी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद, विधायक, मंत्री बन सकता है।

## नारायण कृषि विज्ञान संस्थान ने कृषि क्षेत्र अनुसंधान परिसर पटना से किया समझौता

### छात्रों को कृषि क्षेत्र में शोध, स्टार्टअप और उद्यमिता की दिशा में मिलेगा प्रोत्साहन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान ने कृषि क्षेत्र में शिक्षा, शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पटना स्थित भा कृ अनु प-पूर्वी क्षेत्र अनुसंधान परिसर के साथ समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौते का उद्देश्य छात्रों, शोधार्थियों और किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों का ज्ञान एवं प्रशिक्षण प्रदान करना है। इससे छात्रों को कृषि क्षेत्र में शोध, स्टार्टअप और उद्यमिता की दिशा में प्रोत्साहन मिलेगा। समझौता ज्ञापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एम. के. सिंह, भा कृ अनु प-पूर्वी क्षेत्र अनुसंधान परिसर, पटना के निदेशक डॉ. अनूप दास, विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रोफेसर जगदीश सिंह, कुलसचिव प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार, कृषि संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर एस. एस. सिंह, निदेशक प्रोफेसर एच. के. सिंह, नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर अशोक कुमार, प्रोफेसर धर्म राज सिंह एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. के. के. मिश्र, डॉ. एस. एस. सिंह, डॉ. अंकिता राव एवं राहुल कुमार की उपस्थिति रही। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस प्रकार के अकादमिक एवं शोध सहयोग से कृषि शिक्षा को व्यवहारिक आयाम प्राप्त होगा और छात्र वास्तविक शोध की जरूरतों से जुड़कर समस्यामूलक समाधान की दिशा में काम कर सकेंगे। यह समझौता न केवल छात्रों के कौशल विकास में सहायक होगा बल्कि उन्हें कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम साबित होगा।

## दरिहट थाना में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** दुर्गा पूजा को लेकर दरिहट थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने किया जिसमें दुर्गा पूजा को लेकर पूजा समिति, स्थानीय लोग व अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पूजा पंडालों में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य होगा जिससे असामाजिक लोगों पर नजर रखी जा सके। बताया कि पूजा और मूर्ति विसर्जन के दौरान लाउडस्पीकर बजेगा, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंधित है। जुलूस में किसी तरह का हथियार का प्रदर्शन नहीं करना है। लाउड स्पीकर रात के दस बजे तक ही बजाना होगा। सभी पूजा समिति को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। कहा कि पूजा शांति पूर्ण माहौल में मनाना है। थाना क्षेत्र में 12 स्थानों पर दुर्गा मूर्ति की स्थापना हो रही है।

## उर्वरक की उपलब्धता एवं कालाबाजारी की रोकथाम को लेकर बैठक

# जिला में यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध : डीएओ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिलान्तर्गत पौधे के वृद्धि के लिए एनपीके के साथ-साथ कैल्सियम मैगनिसियम, सल्फर आयरन मैगनिसया, बौरीक, जींक, कॉपर मोलिविडिनम एवं क्लोरिन की नितान्त आवश्यकता है। अतः किसान भाईयों एवं बहनों से अनुरोध है कि मिट्टी की उत्पादकता बनाये रखने के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्व भी डालना सुनिश्चित करना चाहिए। खरीफ-2025 हेतु उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। ज्ञातव्य हो कि रोहतास जिला में लगातार यूरिया उर्वरक की आपूर्ति विभिन्न उर्वरक कम्पनियों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। खरीफ वर्ष 2025 में उर्वरकों की कुल आवश्यकता यूरिया 60400 एमटी, डीएपी 21150, एमओपी 4800, एनपीके 10900 एसएसपी 4400, जिसके विरूद्ध यूरिया 50779.255, डीएपी 13887.80, एमओपी 2364.400, एनपीके 18865.900, एसएसपी 19654.12 प्राप्त हो गया है तथा कुल वितरण यूरिया 47122.310, डीएपी 9492.325, एमओपी 1248.955, एनपीके 14967.730, एसएसपी 9647.350 एवं 18.09.2025 तक अवशेष यूरिया 3656.945, डीएपी 4395.475, एमओपी 1115.445, एनपीके 3898.170, एसएसपी 10006770 मैट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है जिसकी बिक्री निर्धारित मूल्य पर खुदरा उर्वरक विक्रेता द्वारा बिक्री की जा रही है। साथ ही मिट्टी की उत्पादकता बनाये रखने के लिए अन्य उत्पाद जैसे की सल्फर जाईम, नैनो यूरिया, जिंक एवं अन्य जरूरी सूक्ष्म पोषक तत्व भी उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि निदेशालय, जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा विभिन्न जांच दलों के द्वारा ऑन लाइन रोहतास एवं जिला कृषि पदाधिकारी, रोहतास एवं ऑफ लाइन खुदरा एवं थोक उर्वरक प्रतिष्ठानों पर लगातार छापामारी की जा रही है। अगर छापेमारी में किसी भी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा अनियमितता पाई जाती है या कहीं से अधिक मूल्य पर अगर यूरिया उर्वरक की बिक्री की शिकायत प्राप्त होती है तो उर्वरक जीरो टॉलरेंस नीति तथा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिले में अभी तक कुल 328 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की जा चुकी है जिसमें 8 खुदरा उर्वरक विक्रेताओं का अनुज्ञप्ति अभी तक रद्द की जा चुकी है, 03 निलंबित एवं 05 से स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

## दरिहट थानाध्यक्ष के स्थानांतरण व नए थानाध्यक्ष के योगदान पर सम्मान समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** दरिहट थाना परिसर में स्थांतरित थानाध्यक्ष कुमारी नेहा सिन्हा व नए थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी के थाना में योगदान पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वही कुमारी नेहा सिन्हा को विदाई स्वरूप फूल माला, बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि थानाध्यक्ष के रूप में पहली बार दरिहट में कार्य करने का मौका मिला। इसे मैं सैदव याद रखूंगी। यहां के लोगों का असीम स्नेह रहा। सोन नदी के बॉडर एरिया में महिला थानेदार की प्रतिनियुक्ति कम होती है। मैंने उसे चैलेंज के रूप में स्वीकार किया और निडरता से काम किया। वहीं थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने कहा कि थाना क्षेत्र में अमन शांति कायम रहे। अवैध कारोबारियों पर नकेल कसना मेरी प्राथमिकता रहेगी। इसका पूर्ण ध्यान रखा जायेगा। दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण महौल में मनाया जाए, ये मेरी प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर आयरकोठा थानाध्यक्ष शिवम कुमार, पूर्व थानाध्यक्ष सुगंधा प्रियदर्शी, एस आई उज्ज्वल कुमार, हरी विनोद सिंह, एएसआई कुंदन कुमार, जन्मेजय गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता संजीव कुमार उर्फ गुड्डू, सुभाष कुमार सिंह उर्फ मिट्ठू सिंह, बिंदु शर्मा, विजय कुमार राम, अशोक कुमार सिंह, सुशील कुमार आदि मौजूद थे।

## डीडीयू मंडल में राजभाषा सप्ताह समापन समारोह का आयोजन

# हिंदी राजभाषा हमारा मेल कराती है एक दूसरे से : मंडल रेल प्रबंधक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के राजभाषा विभाग द्वारा बाकले अधिकारी क्लब में राजभाषा सप्ताह-2025 के समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, काव्य संध्या एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना रहे। साथ ही महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष चित्रा सिंह एवं सदस्याएं तथा अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी सह अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार सहित सभी शाखा अधिकारी एवं बड़ी संख्या में रेलकर्मी मौजूद रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ जिसके पश्चात मंडल कला समिति द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। विदित हो कि राजभाषा सप्ताह का आयोजन 12 सितम्बर से 19 सितम्बर तक किया गया जिसमें हिंदी कार्यशाला के साथ ही टिप्पण आलेखन, निबंध लेखन एवं वाक प्रतियोगिता जैसी विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समारोह में कुल 20 अधिकारियों तथा 41 कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी विजयी प्रतिभागियों को मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता सेवानिवृत्त वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी दिनेश चंद्र ने की तथा संचालन स्थानीय कवि डॉ. सुरेश अकेला ने किया। इस अवसर पर अहमद आजमी, डॉ. प्रशांत सिंह, रीना तिवारी, चेतना तिवारी, रोशन मुगलसायवी, आकाश मिश्रा सहित कई कवियों ने भावपूर्ण रचनाएं प्रस्तुत कीं। डॉ. सुरेश अकेला ने अपनी कविता में कहा बाल बांका तेरा कोई नहीं कर सकता, घर से निकले हो अगर मां की दुआएं लेकर। वहीं अहमद आजमी साहब ने भावुक स्वर में कहा परदेश में जब भी मुझे वतन की याद आती है, मैं अपने टेबल पर रखा तिरंगा देख लेता हूं। वरिष्ठ अनुवादक विनोद कुमार ने अपने हास्य-व्यंग्य से श्रोताओं को आनंदित किया जबकि प्रिंस कुमार एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी उज्जवल आनंद ने अपनी चर्चित कविताओं से भावविभोर किया।

समारोह में मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने हिंदी में हो रहे कामकाज की सराहना करते हुए कहा– हिन्दी हमारे देश की समृद्ध भाषाओं में सर्वोच्च पायदान पर खड़ी है। जैसे भारतीय रेल हमारे दिलों को जोड़ती है, एक जगह से दूसरे जगह तक आपको गंतव्य तक पहुंचाती है, इसी तरह हिंदी हमारी राजभाषा हमारा मेल कराती है एक दूसरे से, मेलजोल बढ़ाती है। अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी दिलीप कुमार ने अपने स्वागत भाषण में राजभाषा विभाग की निरंतर प्रगति पर प्रकाश डाला। अंत में धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा अधिकारी राजेश कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## आरपीएफ ने घर से भटक कर स्टेशन पर आये विक्षिप्त को किया परिजनों के सुपुर्द



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक शोभनाथ राम साथ स्टाफ को डिहरी ऑन सोन स्टेशन में गश्त के दौरान दौरान प्लेटफार्म संख्या 3 के ऊपर गामी पुल के नीचे एक रोता व अजीब हरकत करता हुआ 19 वर्षीय एक बालक मिला। पूछताछ करने पर अपना नाम पता दिलीप उम्र करीब-19 वर्ष, माता-फूल बसिया देवी, पिता-रामचंद्र पासवान ग्राम- महाराजगंज वार्ड नंबर 3, थाना - तिलौथू, जिला-रोहतास बताया तथा यह भी बताया कि वह घर से भटककर स्टेशन आ गया है जिसे सुरक्षित रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन लाया गया। लड़के के बताए उपरोक्त पते पर आसपास रहने वाले लोगों से संपर्क करने पर उनके द्वारा लड़के के माता व भाई तथा अन्य परिजन को सूचना दिया गया। सूचना पर लड़के की माता-फूल बसिया देवी व भाई सुजीत पासवान रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर उपस्थित हुई जहां उचित पहचान हुआ। सत्यापन के उपरांत सुपुर्दगीनामा तैयार कर फोटोग्राफी करते हुए सुपुर्द किया गया।

## लोक शिकायत निवारण के तहत प्राप्त आवेदनों में दस मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** लोक शिकायत निवारण अन्तर्गत प्राप्त 27 अपील आवेदनों पर जिला पदाधिकारी उदिता सिंह द्वारा सुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान लोक प्राधिकार के रूप में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम- 1, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए रोहतास, अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल डिहरी उपस्थित रहे। परन्तु नौ अपीलार्थी सुनवाई के क्रम में अनुपस्थित रहे। लोक प्राधिकार द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन के आलोक में सुनवाई की गई तथा उपस्थित पक्षों को विस्तार से सुना गया। सुनवाई के दौरान मदन कुमार दूबे, मिथलेश कुमार, विश्व मोहन प्रसाद, राकेश कुमार, रौशन कुमार एवं अन्य धर्मेन्द्र कुमार सिंह, मुनी देवी, मनोहर कुमार, राकेश कुमार गौतम, रविन्द्र कुमार वर्मा के शिकायतों का निराकरण करते हुए निष्पादित किया गया। शेष मामले में लोक प्राधिकार को निर्देश दिया गया कि अगली निर्धारित तिथि को अनुपालन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहें।

## पैसों के लेनदेन को लेकर मारपीट, आरएलएम के प्रखंड अध्यक्ष घायल

### पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे डॉ निर्मल कुशवाहा एवं अजय कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**तिलौथू (सासाराम)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बाबुगंज गांव में बीते 15 सितम्बर को पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें प्रथम पक्ष द्वारा पांच लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में आवेदक दीपनारायण सिंह पिता बाबुगंज निवासी स्व भदई सिंह ने बताया है कि पतलूका गांव के निवासी योगेंद्र कुशवाहा पिता स्व पूर्णवासी सिंह से कुछ दिन पहले अपना जमीन बेचे थे जिसमें योगेंद्र कुशवाहा के पास मेरा पैसा बकाया था। इसी पैसा को मांगने पर योगेंद्र कुशवाहा सहित अन्य चार लोगों द्वारा 15 सितम्बर को मेरे साथ गाली-गलौज किया गया और जब इसका मैं विरोध किया तो उनलोगों द्वारा मेरे साथ जमकर मारपीट किया गया जिसमें मैं बुरी तरह घायल हो गया। इतना ही नहीं मेरा बेटा फुलेन्द्र कुमार जो वर्तमान में आरएलएम पार्टी का प्रखंड अध्यक्ष है जब मुझे बचाने के लिए आया तो उसके साथ भी नामित लोगों द्वारा मारपीट किया गया जिसमें उसके आंख पर गहरी चोट आयी है।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना, (नोटिस)**

नाम–(1) नजीबुल्लाह अंसारी, पिता–रुस्तम अंसारी, ग्राम–मानपुर, थाना–रंका, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप रंका थाना कांड सं0–161/2024 दिनांक–30.12.2024 धारा–318(4), 316(5) बी0एन0एस0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्रीमती अनुलिका कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा के द्वारा दिनांक– 10.09.2025 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–14.09.2025 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार है। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–17.10.2025 तक माननीय न्यायालय, श्रीमती अनुलिका कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–17.10.2025 तक माननीय न्यायालय, श्रीमती अनुलिका कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 362464 Police(25-26)#D

## नाट्य एवं सांस्कृतिक महोत्सव को लेकर अ.क.स की बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले की सम्मानित नाट्य एवं सामाजिक संस्था अभिनव कला संगम की महत्वपूर्ण बैठक स्व.मनीष कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के सभागार में हुई। संस्था के सचिव नंदन कुमार ने बताया कि 1989 में स्थापित अभिनव कला संगम परिवार अपने सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन के 36वें वर्षगांठ में प्रवेश कर चुका है। इस वर्ष 2025 में अखिल भारतीय नाटक प्रतियोगिता का 34वां वर्षगांठ होगा इस वर्ष काफी लंबे अरसे के बाद पुनः अखिल भारतीय बहुभाषीय नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन सुनिश्चित है जिसमें देश के लगभग सभी राज्यों मुख्य रूप से आसाम, बंगाल, उड़ीसा, झारखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश की नाट्य दल अपने-अपने भाषाओं के नाटक एवं अपने क्षेत्र के कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में उनकी भाषाओं को समझने एवं निर्णायक मंडल की भूमिका प्रमुख होती है। देश के कोने-कोने से आए नाट्य दल और उनके प्रतिभागी कलाकारों के साथ 25 दिसंबर को महा जागरूकता रैली निकाली जाएगी जिसका मूल विषय होता है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, दहेज उत्पीड़न, बाल विवाह, बाल मजदूरी, मतदाता जागरूकता, स्वच्छ भारत सहित समाज के विभिन्न कुरीतियों को उजागर करने के उद्देश्य यह रैली निकाली जाती है। स्थानीय पत्रकार बंधुओं का भी सहयोग अपेक्षित रहता है। छः दिवसीय नाट्य एवं सांस्कृतिक महोत्सव इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब में आयोजित होंगे जिसमें जिले के सम्मानित समाजसेवी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह का सहयोग के प्रति संस्था कृतज्ञता जाहिर करती है। बैठक की अध्यक्षता संतोष कुमार सिंह के द्वारा किया गया वहीं संचालन संस्था के निदेशक संजय सिंह बाला सहित प्रमोद कुमार सिंह मोहम्मद वारिस अली और अरुण कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से किया नए सदस्य के रूप में आलोक सिंह का कृतज्ञ भाव से सभी सदस्यों ने स्वागत किया। बैठक के दौरान निर्देशक संजय सिंह वाला अध्यक्ष संतोष सिंह सचिव नंदन कुमार कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार प्रधान सलाहकार मोहम्मद वारिस अली, प्रमोद कुमार सिंह, कीर्तन श्रीवास्तव, विनोद गुप्ता सहित सम्मानित सदस्य एवं पदाधिकारी में कलाम हाशमी, विजय चौरसिया, संजय गुप्ता, पंकज कुमार उर्फ टिंकू, प्रेम प्रकाश उर्फ पीपी शिव गुलाम, अरुण कुमार शर्मा, राहुल सिंह गहलोत, राज पटेल उर्फ बंटी पटेल, भोला कुमार, राहुल कुमार, मनीष कुमार सिंह, सरफराज आलम उर्फ राजू, सिंटू कुमार, दिग्विजय सिंह, शुभम सिंह, अमित कुमार रावत, आकाश कुमार गुप्ता, जीतु कुमार, सुनील कुमार उर्फ पिंटू, आलोक कुमार सिंह, ललन पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**

आम सूचना

केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि के अन्तर्गत रोहतास जिलाधीन सोन नदी पर बिहार–झारखण्ड भाया पण्डुका के पास पहुँच पथ सहित दो लेन उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल–सह–पहुँच पथ निर्माण योजना अंतर्गत ग्राम–श्रीनगर के रैयतों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त योजना अन्तर्गत अर्जित की गई भूमि के विरूद्ध मुआवजा राशि की प्राप्ति के लिए दिनांक 25.09.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक कैम्प का आयोजन किया गया है, जिसके अन्तर्गत आवश्यक दस्तावेज [शपथ पत्र/क्षतिपूर्ति बॉण्ड (कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा निर्गत), सह–हिस्सेदारों की सहमति पत्र, (शपथ पत्र द्वारा), अद्यतन लगान रसीद, केवाला की छायाप्रति (स्व0 अभिप्रमाणित प्रति), अगर खतियान हो तो खतियान की छायाप्रति (स्व0 अभिप्रमाणित प्रति), बैंक पासबुक की छायाप्रति (स्व0 अभिप्रमाणित प्रति), दो फोटो कलर पासपोर्ट साईज, मतदाता फोटो पहचान पत्र की छायाप्रति (स्व0 अभिप्रमाणित प्रति), आधार कार्ड की छायाप्रति (स्व0 अभिप्रमाणित प्रति), पैन कार्ड की छायाप्रति (स्व0 अभिप्रमाणित प्रति) (पचास हजार से अधिक के भुगतान पर अनिवार्य), वंशावली संबंधित अंचल द्वारा निर्गत एवं तीन रेवन्यू टिकट] के साथ प्रखण्ड कार्यालय, कांडी के सभागार में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
गढ़वा

PR 362476 (Land Reforms)25-26*D

# नीतीश सरकार के 20 वर्षों में बदली बिहार की तस्वीर : श्रवण कुमार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बेन प्रखंड में आयोजित एक कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक श्रवण कुमार ने शनिवार को करोड़ों की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले 20 वर्षों में बिहार की तस्वीर बदली है। आज राज्य सुशासन और कानून के राज के लिए जाना जाता है। मंत्री ने कौआकोल पैमार नदी घाट पर सीढ़ी निर्माण (5 लाख), केन्दुआ बिगहा में पीसीसी ढलाई कार्य (9.12 लाख), करजारा में सड़क निर्माण (9.60 लाख), बारा में नाला निर्माण (7 लाख), कचरा प्रबंधन भवन (8.63 लाख), बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पार्क (9.96 लाख), देवरिया में नाली और पीसीसी कार्य (9.30 लाख), गंगटी हाईस्कूल में खेल मैदान (9.80 लाख), धोवड़ी में सड़कों और घाटों के सौंदर्यीकरण समेत दर्जनों योजनाओं का उद्घाटन किया। कुल मिलाकर प्रखंड के विभिन्न गांवों में 1 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण हुआ। इस मौके पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में अब गांव और शहर में अंतर करना मुश्किल है। शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है। इंजीनियरिंग कॉलेज और पॉलिटेक्निक संस्थानों में युवाओं को मात्र 10 रुपये वार्षिक शुल्क पर उच्च शिक्षा उपलब्ध हो रही है। बेटियों की शिक्षा और करियर को लेकर सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च किए हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कहा कि आज राज्य का हर युवा अपने सपनों को साकार करने के लिए शिक्षा ऋण ले सकता है और इसे आसान किस्तों में चुका सकता है। पुलिस व्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 2005 में बिहार में मात्र 42 हजार पुलिसकर्मी थे, जो अब बढ़कर डेढ़ लाख से अधिक हो गए हैं। इससे राज्य में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और विकास को गति मिली है। मंत्री ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव नजदीक आते ही वे भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता जानती है कि नीतीश सरकार ने न्याय के साथ विकास की नीति पर काम किया है। "काम बोलो, ज्यादा करो" के सिद्धांत पर काम करते हुए मुख्यमंत्री ने हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं चलाई हैं। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रमुख रंजू देवी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

# हॉर्न बजाने के विवाद में युवक को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अस्थावां थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव में शनिवार सुबह एक आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि बदमाशों ने जिम जा रहे युवक वेद प्रताप कुमार, पुत्र नंदलाल प्रसाद को घेरकर पहले लाठी-डंडों से पीटा और फिर गोली चला दी। गोली उसके पैर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार शाम वह स्कॉर्पियो से बिहारशरीफ से गांव लौट रहा था। रास्ते में खड़ी बाइक के कारण कई बार हॉर्न बजाने के बावजूद बाइक नहीं हटी, जिससे कहासुनी हुई और मामला मारपीट में बदल गया। आरोप है कि कुछ युवकों ने गाली-गलौज करते हुए ईंट-पत्थर से उसकी गाड़ी पर हमला किया, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। शनिवार सुबह जब वेद प्रताप अपने भाई के साथ जिम जाने के लिए मोटरसाइकिल पर निकले, तो रास्ते में घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने पहले लाठी-डंडों से हमला किया और फिर गोली चला दी। गोली पैर में लगने से युवक घायल होकर गिर पड़ा। हमलावरों ने उसकी बाइक को भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अस्थावां थानाध्यक्ष उत्तम कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पहले से चल रहे विवाद के कारण मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई। सदर डीएसपी नुरुल हक ने कहा कि जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि कल शाम हुई कहासुनी और झगड़े के बाद आज सुबह यह घटना हुई। घटनास्थल से ईंट-पत्थर के निशान बरामद हुए हैं। पीड़ित के बयान के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। आरोपी पर गाली-गलौज, मारपीट और गोली चलाने का आरोप है।

## एक नजर

### 23 सितम्बर को पटना में सम्मानित होंगे दरावां पैक्स अध्यक्ष रजनीश

**कौआकोल।** मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के तहत चयनित कौआकोल प्रखण्ड के दरावां पैक्स के अध्यक्ष रजनीश कुमार को 23 सितम्बर को पटना में पुरस्कृत किया जाएगा। दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन संस्थान,समनपुरा,बीआइटी कैंपस पटना में आयोजित समारोह में उन्हें बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ० प्रेम कुमार के द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के तहत बिहार राज्य में 100 पैक्सों का चयन आदर्श पैक्स के रूप में चयनित किया गया है। जिसमें नवादा जिला के नरहट प्रखण्ड के पुंथर,नवादा सदर के पौरा एवं कौआकोल प्रखण्ड के दरावां पैक्स का चयन किया गया है। इस सम्मान के तहत सभी चयनित पैक्सों को पांच लाख रुपये एवं प्रशस्ति पत्र दिए जाने है। कौआकोल बीसीओ अजित कुमार एवं कुंदन बर्णवाल ने प्रखण्ड के दरावां पैक्स का चयन होने पर पैक्स अध्यक्ष को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### असलम हुसैन ने ग्रहण किया मनरेगा पीओ का पदभार

**कौआकोल।** विभाग के निर्देश पर शनिवार को असलम हुसैन ने कौआकोल प्रखण्ड पहुंचकर मनरेगा कार्यालय में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी का पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व पदभार ग्रहण करने पहुंचे पीओ असलम हुसैन का कार्यालय कर्मियों ने फूल एवं गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मनरेगा पीओ ने कहा कि सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में शुमार मनरेगा योजना का अधिक से अधिक लाभ मजदूरों को पहुंचाने तथा इसका कार्य गांव-गांव तक पहुंचाने को लेकर वे सभी लोगों के सहयोग से मिलकर कार्य करेंगे। मौके पर पीटीए सूरज कुमार, प्रवीण कुमार, ब्रजेश राय, जेई सुनील रजक,रंजीत कुमार, कुंदन कुमार, प्रदीप कुमार, अरुण कुमार, सन्तोष कुमार,अंजनी कुमार,शिवशंकर कुमार आदि मौजूद थे।

### किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

**कौआकोल (नवादा)।** ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम द्वारा द्वारा 20 सितंबर 2025 को कौआकोल प्रखंड के महुडर पंचायत के कर्माटांड़ गांव में एक किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने बताया कि यह किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन डीकेए ऑस्ट्रिया की सहायता से चल रहे जैविक पद्धति से सब्जी खेती परियोजना के अंतर्गत किया गया है। यह परियोजना महुडर पंचायत और पहाड़पुर पंचायत के दस गांव दनिया, रानीगदर, झारनामा कर्माटांड़, भिखोमोह, रजवारिया, झिलार, कपासिया इत्यादि गांवों के 400 किसानों के बीच चलाया जा रहा है। आज इस मेला का प्रदर्शनी के लाभुक किसानों ने अपने-अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई हुए हैं और एक दूसरे के उत्पादों को देखकर उनके बारे में समझ कर अपना ज्ञान बढ़ा रहे हैं जिनका उत्पादन अच्छा हुआ है उन किसानों को विभिन्न कृषि औजारों से पुरस्कृत भी किया गया है परियोजना समन्वयक धीरेंद्र कुमार ने भी बताया कि 22 फरवरी 2025 में भी इसी तरह के मेले का आयोजन यहां किया गया था और उसी दिन से गांव कर्माटांड़ में साप्ताहिक हाट की नींव भी रखी गई थी जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक अंगद कुमार ने जैविक पद्धति से सब्जी खेती का विस्तार से जानकारी दी और डॉ भारत भूषण शर्मा ने जैविक पद्धति से सब्जी खेती को अपनायें और स्वास्थ्य रहने का संदेश दिया। इस मेला सह प्रदर्शनी में डीके परियोजना क्षेत्र के 125 किसानों ने भाग लिया

# दशहरा को लेकर नगर निगम की तैयारी तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** आगामी दशहरा पर्व को लेकर नगर निगम ने विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कमर कस ली है। नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा के निर्देश पर स्मार्ट सिटी सभागार में नगर प्रबंधक, लोक स्वच्छता पदाधिकारी, स्वास्थ्य निरीक्षक, हेड वार्ड जमादार सहित सभी वार्डों के वार्ड जमादार और स्पेशल सुपरवाइजर की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दशहरा और दुर्गा पूजा के दौरान नगर क्षेत्र में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। नगर आयुक्त ने अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा पंडालों और सार्वजनिक स्थलों के आसपास व्यापक सफाई अभियान चलाया जाए। इस दौरान पूजा समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित किया जाएगा कि पंडाल और आसपास का इलाका साफ-सुथरा रहे। निर्देश दिया गया कि पूजा पंडालों के चारों ओर चूना और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जाए, ताकि स्वच्छता के साथ-साथ मच्छरों और संक्रमण की संभावना को भी रोका जा सके। इसके अलावा, नालियों और गली-मोहल्लों की सफाई को प्राथमिकता देने को कहा गया। नगर आयुक्त ने बैठक के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को हर वार्ड में वार्ड जमादार और स्पेशल सुपरवाइजर को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि दशहरा के दौरान बड़ी संख्या में लोग पूजा पंडालों में पहुंचते हैं, ऐसे में किसी भी वार्ड में गंदगी की शिकायत नहीं आनी चाहिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नगर निगम के पदाधिकारी पूजा समितियों के साथ निरंतर संपर्क में रहेंगे। समितियों से अपील की गई कि वे स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। नगर आयुक्त दीपक मिश्रा ने साफ कहा कि स्वच्छता अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे मौके पर जाकर कार्यों की निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि हर वार्ड में साफ-सफाई का स्तर बेहतर रहे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के गोबरिया मोड़ के पास एक बाइक की ऑटो से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। बाइक पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतक की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के सकरौल गांव निवासी गोरे लाल (पुत्र सिद्धेश्वर पासवान) के रूप में हुई है। हादसे में घायल उसके दो साथी, विकास चौहान और सन्नी चौहान को प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए विम्स पावापुरी रेफर कर दिया गया है। तीनों युवक एक ही गांव के निवासी हैं। पीड़ित परिवार के अनुसार तीनों युवक शुक्रवार की शाम बिंद की ओर से बाइक पर सवार होकर बिहारशरीफ लौट रहे थे। इसी दौरान गोबरिया मोड़ के पास सामने से आ रही एक ऑटो से उनकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। दोनों घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

# गोविंदपुर विधानसभा एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में फिर से नीतीश की गूंज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के रोह प्रखंड के मड़रा खेल मैदान में शनिवार को जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी की अध्यक्षता में एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि जद यू० बिहार के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि के रूप में नवादा सांसद विवेक ठाकुर , वारिसलीगंज विधायक अरुणा देवी, नवादा एमएलसी अशोक यादव , राष्ट्रीय महासचिव रालोमो बृजेन्द्र कुमार, राष्ट्रीय महासचिव (हम) सुनील चौबे, लोजपा (रा) प्रो विष्णुदेव पासवान उपस्थित हुए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष लोजपा (आर) मनोज सिंह, जिलाध्यक्ष(हम) अशोक मांझी, आरएलएम जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा, जदयू जिला प्रभारी अरुण वर्मा, जिला अभियान प्रभारी सतीश कुशवाहा, प्रदेश महासचिव राजकिशोर दांगी, किसान प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, विधानसभा प्रभारी चुन्नू चंद्रवंशी, रोह जद यू० प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, कौआकोल जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा, गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष शोभा कुमारी, नवल प्रसाद चौहान, प्रो प्रमिला प्रजापति, रेणु कुशवाहा, विनीता मेहता, अजीत यादव, रणजीत यादव, सुनील चंद्रवंशी, शशि कुमार शेष, अफरोजा खातून, जीवन लाल चंद्रवंशी,प्रिंस प्रभात दांगी, सोनू राज मेहता, प्रवीण दांगी, शिवालक कुशवाहा, मनोहर पासवान के साथ लगभग पांच हज़ार कार्यकर्ता शामिल हुए । गोविंदपुर विधानसभा एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में 2025 फिर से नीतीश की गूंज सुनाई दी। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में फिर से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाने का ऐलान किया। नेताओं द्वारा भरे गए दम्भ और उत्साह के बाद यह कार्यक्रम काफी सफल माना जा रहा है।



## रक्तदान शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** प्रधानमंत्री के जन्म दिवस 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजित शंकर के नेतृत्व में शनिवार को सदर अस्पताल, नवादा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस रक्तदान शिविर में भाजयुमो कार्यकर्ता अभिजीत कुमार, राहुल वर्मा, सोनू कुमार, इंटू कुमार. कुंदन राय, ने रक्तदान किया और समृद्ध समाज के निर्माण में अपना योगदान दिया। यह रक्तदान शिविर 02 अक्टूबर बापू के जयंती तक चलेगा। इस मौके पर उपस्थित नवादा के सांसद विवेक ठाकुर सिविल सर्जन विजय कुमार चौधरी ने रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और रक्तदान करने के लिए बधाई भी दी।

### रहुई में किसान गोष्ठी का आयोजन

**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड के ई-किसान भवन में शनिवार को एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड उप प्रमुख राकेश रंजन एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. ज्योति सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। गोष्ठी में प्रखंड क्षेत्र के चयनित करीब दो दर्जन किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी। जिनमे मौसम के अनुकूल खेती,फसल चक्र व मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन,जैविक खेती का महत्व आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. ज्योति सिन्हा ने कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य में पारंपरिक खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाना आवश्यक है। इससे न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि किसानों की आय भी दोगुनी हो सकती है। उप प्रमुख राकेश रंजन ने किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की पहल तभी सफल होगी जब किसान जागरूक होकर उसका उपयोग करेंगे। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि रहुई प्रखंड में संचालित स्व. इंद्रदेव चौधरी फार्मर प्रोड्यूसर लिमिटेड से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ा जा रहा है। इससे किसानों को सस्ती दरों पर खाद, बीज, कीटनाशक और कृषि यंत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं, व्यापारियों एवं आमजन ने लिया 'वोकल फार लोकल' का संकल्प

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी एवं व्यापार संगठन बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में 'जी एस टी मिला उपहार – धन्यवाद मोदी सरकार' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा जीएसटी से संबंधित हालिया निर्णयों के प्रति व्यापारियों की आभार भावना को व्यक्त करना और नई कर व्यवस्था से हुए लाभों को आम जन तक पहुंचाना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार संगठन बोर्ड, भारत सरकार नई दिल्ली के अध्यक्ष सुनील जे सिंधी ने सम्मेलन अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाया गया है, जिससे व्यापारी वर्ग को सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है और व्यापार का वातावरण अधिक सहज हुआ है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी को बढ़ावा देते हुए "वोकल फार लोकल" को अपनाने का आह्वान किया है, उसे हम सभी देशवासियों को आत्मसात कर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम को सहयोग करते हुए अपने देश में निर्मित उत्पादों जिसमें हमारे देश के लोगों का पसीना बहा हो, उन उत्पादों को उपयोग करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

# हिसुआ विधायक नीतू सिंह का कांग्रेस से टिकट कन्फर्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ(नवादा)।** बिहार विधान सभा 2025 का चुनावी माहौल तेज हो गया है, कांग्रेस ने फिर अपने सिटिंग विधायकों पर भरोसा जताया है और कहा कि कांग्रेस के सभी वर्तमान 17 विधायकों का टिकट नहीं काटेगा। इस ऐलान के बाद हिसुआ विधानसभा से वर्तमान विधायक नीतू सिंह का टिकट तय कर दिया गया है । जिसके बाद कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गया। हिसुआ विधायक का नीतू देवी ने अपने विधानसभा के जनता के प्रति आभार प्रकट किया और अपने नेता प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी एवं विधानसभा प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव को धन्यवाद दी है। उन्होंने कहा वरीय नेताओं ने जिस तरह दुबारा हम पर भरोसा जताते हुए टिकट कन्फर्म दिए हैं, उसी तरह हम फिर से चुनाव जीतकर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनेंगे और हिसुआ के जनता से जुड़कर क्षेत्र को विकसित करूंगी और सेवक बनकर काम करूंगी । उन्होंने कहा मैं अपील करती हूं पांच साल का मौका फिर से दें, ताकि कई अधूरे कार्य और अधूरे वादे को पुरा कर सकूं। इस मौके पर नरहट रोड आदित्य नगर ऑफिस के पास बधाई देने वालों का तांता लग गया। कार्यकर्ता ब्रह्मदेव यादव, धर्मेंद्र यादव, विनोद यादव, अरविंद चंद्रवंशी, रामाशीष यादव, रवि मगधिया, टुन्नु यादव, मुनेश्वर यादव, राजो यादव, मुख्तार आलम, शक्लदेव यादव, बिगन सिंह बिरजू सिंह, विपिन सिंह, प्रखंड उप प्रमुख धर्मवीर सिंह आदि ने उन्हें बधाई और शुभकामना दिया।

## विधायक ने दौरा कर सुनी जनसमस्याएं

**हिसूआ (नवादा)।** बिहार विधान सभा चुनाव की तारीख नजदीक आते हीं सभी राजनीतिक दल के नेता सक्रिय हो गए हैं। सभी संभावित प्रत्याशी जनसंपर्क तेज कर दिया है। ऐसे में हिसुआ की वर्तमान कांग्रेस विधायिका नीतू देवी ने भी चुनाव में कमर कस लिया है। वे जनता मालिक के बीच जाकर उनके विचार और मांग को समझकर काम को पुरा करने का प्रयास में है। इसी कड़ी में शनिवार को हिसुआ विधायक नीतू कुमारी ने अपने समर्थकों के साथ तुंगी पंचायत का दौरा किया, जहां उन्होंने कईं गांव जाकर लोगों का हाल जानने और जनसमस्याओं को सुनने का प्रयास किया। उन्होंने कहा मुझे पांच साल आप जनता मालिक ने मौका दिया। उसमें हमने क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा।

# नूतन उदया फाउंडेशन की ओर से डांडिया का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** महिलाओं के लिए समर्पित महिलाओं की संस्था नूतन उदया फाउंडेशन की ओर से शनिवार को डॉ केपी सिंह, संध्या सिंह के आवास पर डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डांडिया कार्यक्रम काफी हर्षोल्लास पूर्ण के साथ आयोजित की गई। जिसमें मां दुर्गा को प्रसन्न करने का प्रयास किया गया। नूतन उदया फाउंडेशन की सचिव संध्या सिंह की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डांडिया फिल्मी गीतों पर की गई और इससे पूर्व माता रानी के समीप दीप प्रज्वलित कर माता की वंदना की गई। कार्यक्रम से पहले पुनीता बरनवाल और सरिता द्वारा भक्ति गीत भी प्रस्तुत की गई, जिससे लोग मंत्रमुग्ध हो गए। डांडिया से पूर्व गेम और क्विज कॉन्टेस्ट का भी आयोजन किया गया । सभी महिलाओं ने डांडिया के साथ-साथ लजीज व्यंजन का भी मजा लिया और माता रानी के जयकारे से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में प्रगति श्रीवास्तव, नूतन बिहारी, राखी गुप्ता, राखी बरनवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा इसमें रेशम सिन्हा, बिन्नी प्रसाद, डॉ आशा, मधु बरनवाल, सरिता, आराधना, अपर्णा, भारती, दीपमाला, ममता, पुनीता, अनीता, क्षमता, स्नेहा, सुमन, सुषमा , तरुणा, बबीता, भवानी, हेमलता, संगीता, सोनी बरनवाल, वीणा, रंजना, कनक सिन्हा, सुभद्रा, मंजू ,अर्चना आदि लोग शामिल हुई। सभी लोग डांडिया के ड्रेस में हाथों में स्टिक लेकर माता रानी को प्रसन्न के लिए करने के लिए डांडिया किया । इस मौके पर संस्था की सचिव संध्या सिंह ने कहा कि यह एक संदेश मात्र है। महिलाओं को भक्तिपूर्ण माहौल में ही रहना चाहिए। दुर्गा पूजा से पूर्व होने वाले नवरात्र के पहले संस्था की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जो काफी आकर्षक एवं भक्ति पूर्ण रहा।



# पति-पत्नी के झगड़े से तंग आकर पति ने खाया जहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के भड़रा गांव में पति-पत्नी के बीच झगड़ा बहुत ज्यादा बढ़ गया। इस दौरान पति ने गुस्से में आकर घर में रखा चूहा मारने की दवाई खा ली। जहर खाने के बाद युवक की स्थिति बिगड़ने लगी,जिसके बाद आनन-फानन में परिजनों ने पीड़ित युवक को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि भड़रा गांव निवासी गांगो रविदास के पुत्र चन्दन कुमार विषाक्त चीज़ों का सेवन कर लिया है। पीड़ित युवक का इलाज कर जरूरी दवाइयां आदि दी गई है। अस्पताल परिसर में मौजूद युवक की चाची मीना देवी ने बताई कि बीते कुछ दिनों से पति-पत्नी में झगड़ा हो रहा था। झगड़ा को खत्म करने के दौरान युवक ने पत्नी को डराने के लिए घर में रखा चूहे की दवाई को खा लिया। जहर खाने के बाद युवक की स्थिति बिगड़ने लगी,जिसे अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। वहीं पीड़ित युवक की मां ने बताया कि उनका बेटा बाहर रहकर काम करता था व अपनी पत्नी एवं दो बच्चों को साथ रखता था। विगत दो-तीन महीने पहले बेटे ने अपेंडिक्स का ऑपरेशन करवाया था, जिसके कारण वह बाहर कमाने नहीं गया। इसी को लेकर बेटे और बहु के बीच अक्सर झगड़ा हुआ करता था। शनिवार को झगड़ा ज्यादा बढ़ा और बेटे ने चूहे मारने की दवाई खा ली। अस्पताल परिसर में पत्नी का भी रो-रो कर बुरा हाल था। परिजनों ने कहा कि पति-पत्नी के बीच का मामला है, इसलिए वे कोई पुलिस केस करने के इच्छुक नहीं है।

# वज्रपात से मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के कहुआरा पंचायत के माया बिगहा गांव में वज्रपात से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान विशुन मांझी का 40 वर्षीय पुत्र बुन्देल मांझी के रूप में की गई है। सूचना मिलते ही आसपास के काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। खबर पाते ही स्वजन व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मृतक की पत्नी सुदनिया देवी समेत अन्य पुत्र पुत्री के साथ परिवार का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। घटना शनिवार को दोपहर के बाद घटी है। घटना की सूचना पुलिस को दिया गया है। इस दौरान पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के बाद शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार बुन्देल मांझी अपने गांव में बधार की ओर शौच करने के लिए गया था। इसी बीच आकाशीय बिजली चमकने के साथ वर्षा शुरु हो गई। तभी आकाशीय बिजली के चपेट में आने से अचेतावस्था होकर भूमि पर गिर पड़ा। इस बीच में ग्रामीण दौड़ पड़े और घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि वह मृत हो चुका है। ग्रामीण उसे खटिया पर लाद कर बधार से गांव लेकर आये। मृतक ईंट भट्ठा पर जाकर मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। प्राकृतिक आपदा से उसके परिवार के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। मृतक को चार संतान में एक पुत्र और तीन पुत्री है। जिसमे एक पुत्र और एक पुत्री शादीशुदा हैं। दो पुत्री अविवाहित है। पीड़ित परिवार ने आपदा प्रबंधन कोष से सहयोग राशि उपलब्ध कराने की मांग विभागीय अधिकारियों से की है।

# भीम आर्मी/ आजाद समाज पार्टी ने निकाली जन जागरुकता साइकिल यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** 236 हिसुआ विधानसभा अंतर्गत हिसुआ में भीम आर्मी/आजाद समाज पार्टी (कां) के नेतृत्व में एक भव्य जन जागरुकता, संविधान जागरुकता, सामाजिक जागरूकता एवं वोट जागरूकता अभियान आयोजित किया गया, जिसके तहत साईकिल रैली निकाली गयी। इस अभियान का नेतृत्व भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष अमर ज्योति, आजाद समाज पार्टी (कां) प्रदेश अध्यक्ष जौहर आजाद, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष सह 236 हिसुआ विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र राजवंशी द्वारा किया गया। साइकिल यात्रा कहरिया तरौनी से नरहट रोड होते महादेव मोड़ अंदर बजार से नाला रोड और टी.एस. कॉलेज से सेराज नगर में समापन सभा कर समाप्त किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अमर ज्योति ने कहा यह साइकिल यात्रा बहुजन समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी, हक-अधिकार की रक्षा और शोषण-अत्याचार के खिलाफ संघर्ष को मजबूत बनाने का प्रतीक है। बहुजनों को अपने हक और अधिकार का पता नहीं है, हम उन्हें जागरूक करने आए हैं। जिस दिन बहुजन समाज जाग जाएंगे, उस दिन से वे अपने सामाजिक, राजनैतिक और हर क्षेत्र में अपना हक और अधिकार के लिए लड़ना शुरू कर देंगे। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र राजवंशी ने कहा कि इस रैली का मुख्य मकसद बहुजन समाज के लोगों को अधिकार के प्रति सजक करने तथा अपने हित में प्रतिनिधि को पहचानने के लिए चलाया जा रहा है। आगामी दिनों स्थानीय कार्यकर्ता आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर एवं बहुजन महापुरुषों की विचारधारा लोगों तक पहुंचाएंगे।इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से जिला प्रभारी टिंकू कुमार चौधरी, जिला सचिव रवि कुमार, जिला महासचिव पिंटू कुमार, प्रखंड अध्यक्ष सुबोध कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष अमर कुमार मांझी एवं कार्यकर्ता कुमार मांझी, मुकेश राजवंशी, वीरू मांझी, दीनबंधु मांझी, संजीत कुमार आदि ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



# राजगीर विधानसभा में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर विधानसभा क्षेत्र के बिहुपुर फतेहपुर स्थित एक निजी सभागार में शनिवार को एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने की, जबकि मंच संचालन बिगुल सिंह ने संभाला। सम्मेलन में मुख्य रूप से आगामी 2025 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई। राजगीर के जदयू विधायक कौशल किशोर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए के सभी घटक दल पूरी तरह एकजुट हैं और आगामी चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि राजगीर की जनता भली-भांति जानती है कि विकास का काम किसके नेतृत्व में हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न केवल सड़कों का जाल बिछाया, बल्कि राजगीर को अंतरराष्ट्रीय पहचान भी दिलाई। भाजपा नेता और सिलाव मुख्य पार्षद जय लक्ष्मी ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में विकास की गति बनाए रखने के लिए 2025 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पुनः सत्ता में लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता न केवल स्वयं मतदान करेंगे, बल्कि अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर पिछले पांच वर्षों में हुए विकास कार्यों की भी चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं ने एनडीए उम्मीदवार को विजयी बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सुधीर सिंह, मोहम्मद अरशद, पंकज सिंह, विपिन, नवल सिंह, रामानुज सिंह, धर्मेंद्र मुखिया, नरेंद्र कुमार, बबलू सिंह, जिला प्रवक्ता, गोलू कुमार, धीरज कुमार, अशोक कुमार, उमेश प्रसाद, सुरेश सिंह, भूषण सिंह सहित दर्जनों अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षण व्यवस्था में भारतीयता का समावेश आवश्यक : कुलपति शाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो. एस. पी. शाही ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षण व्यवस्था में भारतीयता का समावेश आवश्यक है। वे शनिवार को विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं भारतीय शिक्षण मंडल, दक्षिण बिहार प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति : दृष्टि एवं परिप्रेक्ष्य' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुई। गोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ. मोहन सिंह, मुख्य वक्ता हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के डॉ. संदीप कुलश्रेष्ठ, विशिष्ट अतिथि डॉ. ओम प्रकाश सिंह, सारस्वत अतिथि डॉ. राणा पुरुषोत्तम सिंह तथा स्वामी विवेकानंद गिरी उपस्थित रहे। प्रो. शाही ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने गौरव को पुनः प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने बताया कि लगभग 140 परीक्षाओं का संचालन, आईक्यूएसी द्वारा विगत दस वर्षों का ए.क्यू.ए.आर. अपलोड, 300 से अधिक फैकल्टी विकास कार्यक्रम जैसे कार्य विश्वविद्यालय की ऊंचाई तय कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चार आधार - मातृभाषा, ज्ञान परंपरा, शोध और नवाचार पर विस्तृत प्रकाश डाला। डॉ. राणा पुरुषोत्तम सिंह ने शिक्षा में भारतीयता के समावेश को अनिवार्य बताते हुए नव नियुक्त शिक्षकों से शिक्षक का जीवन जीने का आग्रह किया। डॉ. ओम प्रकाश सिंह ने भारतीय शिक्षण मंडल के योगदान को रेखांकित किया। स्वामी विवेकानंद गिरी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सामाजिक समरसता और पर्यावरण चेतना का आधार बताया तथा कहा कि भारतीय समाज की जड़ों को मजबूत करने में यह नीति कारगर होगी। मुख्य वक्ता डॉ. संदीप कुलश्रेष्ठ ने भारतीय ज्ञान परंपरा और उपनिषदों के उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षा नीति देश को सतत विकास की ओर ले जाएगी। डॉ. मोहन कुमार ने नवनियुक्त शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण में योगदान हेतु प्रेरित किया। कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम ने शिक्षा नीति के चार 'म' 5 मां, माटी, मातृभाषा और मातृभूमि-को देश के विकास की बुनियाद बताया। गोष्ठी में विश्वविद्यालय समाचार अंक (अगस्त 2025) का भी अनावरण हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता मेहरा ने किया। आयोजन में प्रो. मुकेश कुमार, डॉ. एकता वर्मा, डॉ. गोपाल जी सिंह, डॉ. वंदना कुमारी, डॉ. कविता कुमारी और डॉ. राजेश कुमार की भूमिका सराहनीय रही। बड़ी संख्या में प्राचार्य, नव चयनित शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित थे।


## दरियापुर में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम, होटल संचालक को मिली तीन दिन की मोहलत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** प्रखंड के दरियापुर स्थित फेमस मोदी चाय होटल से अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम और पुलिस को शनिवार को स्थानीय विरोध का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार किसी स्थानीय व्यक्ति द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर अंचलाधिकारी उषा कुमारी व पुलिस बल अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे। इस दौरान होटल संचालक और आसपास के लोगों ने तीन दिन की समय मांगते हुए खुद ही अतिक्रमण हटाने की बात कही। सीओ उषा कुमारी ने बताया कि यह कार्रवाई वरीय अधिकारियों के निर्देश पर की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तीन दिन बाद भी यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन सख्ती से कदम उठाएगा। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण खुद ही हटा लिया जाएगा। गौरतलब है कि दरियापुर क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। प्रशासनिक पहल से अब उम्मीद जताई जा रही है कि सड़क किनारे अवैध निर्माण हटने से आमजन को आवागमन में सुविधा होगी और क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था कायम हो सकेगी।

## संस्कृति सम्मेलन में सम्मिलित होकर गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूं : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार गयाजी अंतर्गत स्वराजपुरी रोड स्थित भारत सेवा आश्रम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज इस पावन अवसर पर भारत सेवाश्रम संघ द्वारा आयोजित हिंदू धर्म, शिक्षा एवं संस्कृति सम्मेलन में सम्मिलित होकर मैं स्वयं को अत्यंत गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूं। इस संघ के संस्थापक युगाचार्य श्रीमत स्वामी प्रणवानंद जी महाराज को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। उनका जीवन तप, त्याग और राष्ट्रसेवा का अद्वितीय उदाहरण है। भारत सेवाश्रम संघ ने अपने स्थापना काल से ही समाज में धार्मिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया है। इस संस्था ने हिंदू धर्म की महान परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है और साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा व संस्कार के क्षेत्र में भी अतुलनीय योगदान दिया है। हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला है। 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' जैसे सार्वभौमिक सिद्धांतों के माध्यम से हिंदू धर्म ने सम्पूर्ण मानवता को कल्याण और समरसता का संदेश दिया है। भारत सेवाश्रम संघ ने इन्हीं आदर्शों को आधार बनाकर शिक्षा को संस्कारों से जोड़ा, युवाओं को चरित्र निर्माण की दिशा दी और समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता को मजबूत किया। आज के इस सम्मेलन का विषय हिंदू धर्म, शिक्षा और संस्कृति समयानुकूल और प्रेरणादायी है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज उन्नति नहीं कर सकता, परंतु शिक्षा तभी सार्थक होती है जब उसमें संस्कार और संस्कृति की जड़ें भी मजबूत हों। केवल ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, ज्ञान के साथ आचरण और जीवन-मूल्यों का समावेश आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार और पूरे देश में शिक्षा, संस्कृति और अध्यात्म के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा को रोजगारपरक, संस्कारपरक और राष्ट्रहित में उपयोगी बनाने की दिशा में ठोस पहल हुई है। मैं यह कहना चाहूंगा कि भारत सेवाश्रम संघ जैसे संस्थान हमारे समाज के लिए प्रकाशस्तंभ हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का गया आगमन, मंत्री प्रेम कुमार ने किया स्वागत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का गया हवाई अड्डे पर स्वागत किया। राष्ट्रपति पितृपक्ष मेला के अवसर पर अपने पितरों के तर्पण और पूजन हेतु गया आईं। इस मौके पर डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के दौरान राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन से निर्मित मिठाई भेंट की, वहीं डॉ. प्रेम कुमार ने गया की प्रसिद्ध मिठाई अनरसा उन्हें भेट स्वरूप प्रदान किया। इस आत्मीय क्षण ने परंपरा और सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रतीक प्रस्तुत किया। डॉ. प्रेम कुमार ने राष्ट्रपति को पुनः गया आने का निमंत्रण देते हुए कहा कि गया की पावन धरती पर उनका दोबारा आगमन पूरे बिहार के लिए गौरव का अवसर होगा। इस मौके पर राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, सरकार के मुख्य सचिव, डीजीपी, आयुक्त मगध, आईजी, जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक सहित कई पदाधिकारी और गणमान्य उपस्थित रहे। पितृपक्ष मेला के अवसर पर राष्ट्रपति का आगमन न केवल गया बल्कि पूरे प्रदेश के लिए ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी इसे अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था से जुड़ा गौरवपूर्ण अवसर बताया।

## संसाधन बचत और सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं आधुनिक प्रयोगशालाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** स्नातकोत्तर रसायन विज्ञान विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में कुलपति प्रो शशि प्रताप शाही के संरक्षण में 'प्रो. ई.बी. सिंह स्मृति व्याख्यानमाला' के अंतर्गत द्वितीय व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर आमंत्रित व्याख्यान 'माइक्रोस्केल हैंड्स ऑन एक्सपेरिमेंट्स एंड वर्चुअल लैब्स इन केमिस्ट्री' विषय पर ए.एन. कॉलेज, पटना (पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय) की रसायन शास्त्र विभाग की प्रख्यात प्राध्यापिका डॉ. तृप्ति गंगवार ने दिया। उन्होंने रसायन विज्ञान शिक्षण की नई पद्धतियों पर विस्तार से चर्चा की और सूक्ष्मस्तरीय प्रयोगों तथा आभासी प्रयोगशालाओं की महत्ता स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की तकनीकें छात्रों को सुरक्षित वातावरण में प्रयोगों का अभ्यास कराती हैं और वैज्ञानिक सोच को आगे बढ़ाती हैं। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कहा कि प्रो. ई.बी. सिंह स्मृति व्याख्यानमाला का उद्देश्य विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नवीनतम शोध और शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना है। उनके अनुसार ऐसे व्याख्यान न केवल छात्रों की ज्ञानवृद्धि करते हैं बल्कि उन्हें उच्च शिक्षा और शोध के लिए भी प्रेरित करते हैं। मुख्य वक्ता डॉ. तृप्ति गंगवार का स्वागत डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, डॉ. सुमित कुमार और डॉ. सुप्रिया कुमारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुप्रिया कुमारी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. पार्थ प्रतिम दास, डॉ. शिप्रा सोलंकी, डॉ. रूपेश कुमार झा और डॉ. आभा पांडेय की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर शिव कुमार, डॉ. राजेश कुमार, उपेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, राजेश कुमार और सियाराम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षकगण, शोधार्थी और स्नातकोत्तर छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने व्याख्यान से नई जानकारी प्राप्त कर इसे अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

## नागरिकों के हित में ऐतिहासिक कदम उठा रही मोदी सरकार : डॉ मनीष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गयाजी की पावन धरती से भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि केंद्र सरकार लगातार गरीब, किसान, मजदूर और आम नागरिकों के हित में ऐतिहासिक कदम उठा रही है। जीएसटी में इस तरह की छूट से आम उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और महंगाई पर भी नियंत्रण स्थापित होगा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि मोदी सरकार ने सदैव सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर कार्य करते हुए जनकल्याण को प्राथमिकता दी है। घरेलू उपयोग की वस्तुएं हर परिवार की आवश्यकता होती हैं, ऐसे में उन पर टैक्स में छूट देना एक जनहितकारी निर्णय है। यह कदम दर्शाता है कि केंद्र सरकार आमजन के हितों को सर्वोपरि मानती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण की ओर बढ़ रहा है। वित्त मंत्री द्वारा उठाया गया यह कदम न केवल वर्तमान समय में राहत देने वाला है बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करने वाला साबित होगा। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने एक स्वर में कहा कि हम सबको मिलकर सरकार की जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। ताकि भारत सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र बन सके।

## दौलतपुर विद्यालय में फर्जी नियुक्ति व गबन प्रकरण, ग्रामीणों का हंगामा तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के दौलतपुर उतरी प्राथमिक विद्यालय में फर्जी शिक्षक नियुक्ति और लगभग पांच लाख रुपये के गबन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बीते दिनों ग्रामीणों ने विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ कर विरोध प्रदर्शन किया था। शिक्षक बरामदे में समय गुजारने को विवश रहे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय की विकास राशि में गबन हुआ है और एक अनाधिकृत व्यक्ति को शिक्षक पद पर बहाल किया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा। उधर, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार रमन ने विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक नवीन कुमार से चार बिंदुओं पर लिखित स्पष्टीकरण मांगा है जिनमें शिक्षा समिति की बैठक न बुलाना, मध्यान्ह भोजन में अंडा व फल नहीं देना, अनधिकृत व्यक्ति को विद्यालय में रखना और नव पदस्थापित शिक्षिका को प्रभार नहीं सौंपना शामिल है।

## कोंच थाना में दशहरा को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना सभागार में शनिवार को दशहरा पर्व की तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने की, जो दोपहर 3 बजे शुरू हुई। बैठक में पूजा पंडालों की सुरक्षा, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, ध्वनि एवं विद्युत व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष ने कहा कि त्योहार के दौरान अफवाह फैलाने या विवाद करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसआई विभा कुमारी ने पूजा समितियों को समय का पालन करने और सभी सुरक्षा नियमों का ध्यान रखने का निर्देश दिया। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी मौजूद रहे। गौहरपुर मुखिया एवं संघ अध्यक्ष शिव कुमार चौहान, डबुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव सहित कई गणमान्य लोगों ने प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया। सभी ने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना जरूरी है। बैठक से कोंच क्षेत्र में दशहरा पर्व की तैयारियों में गति आई और सुरक्षा एवं सहयोग का संदेश गया।

## शराबबंदी कानून के उल्लंघन में गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी /गयाजी।** गया जिले के डोभी थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराबबंदी कानून के उल्लंघन के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार नामजद आरोपी ओरिल चौधरी, पिता ध्रुव चौधरी, निवासी राजा बिगहा को 19 सितम्बर को दिन में उसके घर से पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बिहार मद्य निषेध अधिनियम 2022 की धारा 37 के तहत मामला दर्ज किया गया है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

**ई. निविदा सूचना सं. पूमरे—मुप्रअ—नि—उ—ईटीएन—16—25—26**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

**1. कार्य का नाम :** पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल में अररिया—सुपौल नई लाईन परियोजना के निर्माण के संबंध में त्रिवेणीगंज (छोड़कर) से जडिया (लेकर) बीच स्टेशन भवन, सर्विस भवन, एस. एण्ड टी. भवनो, एप्रोच रोड, हाई लेवल यात्री एवं रेल लेवल प्लेटफार्म, पी.पी./लो कोस्ट शेड, सर्कुलेटिंग क्षेत्र, हाईट गेज एवं अन्य मिश्रित कार्य का निर्माण। **कार्य का लगभग मूल्य :** रू. 39,84,06,298.14, **बीड सिक्यूरिटी की राशि :** रू. 21,42,000.00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 10.10.2025, चौदह तीस बजे। **वेबसाईट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि :** उपरोक्त ई—निविदा के ई—निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। **द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में पाये गये किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई—निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/**
**पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/993/सीएन/एन/एमएचएक्स/सीओएनएसटी/टी/25–26/44


## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**शेरघाटी।** आगामी दुर्गा पूजा को लेकर शनिवार को थाना परिसर में थानाध्यक्ष अजित कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूजा के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सबसे अहम निर्णय डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध का रहा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा के दौरान डीजे बजाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि पूजा पंडालों में शालीन और सांस्कृतिक माहौल बनाया जाए। वहीं, बिजली, पानी एवं साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं पर भी चर्चा की गई। पूजा पंडालों में सीसीटीवी लगाने और स्वयंसेवकों की तैनाती पर जोर दिया गया ताकि भीड़ नियंत्रण में आसानी हो। इस अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार, बीडीओ स्नेहिल आनंद, सीओ उषा कुमारी, राजस्व पदाधिकारी अमित कुमार सिंह, सुमीत सौरभ समेत कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में समाजसेवी दीनानाथ पांडेय, राधेश्याम सिंह, अजित सिंह, तन्नू मियां, दिलीप यादव, जितेंद्र यादव, पशुपतिनाथ पाठक सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। सभी ने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया और शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा संपन्न कराने का संकल्प लिया।

## शेरघाटी में अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम

### 24 घंटे में खाली करें सड़क नहीं तो होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के शेरघाटी मौजा के अंतर्गत शेरघाटी मुख्य सड़क पर थाना से लेकर प्रमुख तक अवैध रूप से लगाए गए अस्थायी दुकान और टेहा को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अतिक्रमण पूरी तरह गैरकानूनी है और इससे आम राहगीरों के आवागमन में गंभीर बाधा उत्पन्न हो रही है। प्रशासनिक आदेश में कहा गया है कि जिन लोगों ने सड़क किनारे अस्थायी दुकान या टेहा लगाकर जगह घेर रखी है, वे स्वयं स्वेच्छा से 24 घंटे के भीतर अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा प्रशासन खुद कार्रवाई कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराएगा। इस दौरान अतिक्रमण हटाने में जो भी खर्च होगा, उसकी क्षतिपूर्ति सीधे अतिक्रमणकारियों से वसूल की जाएगी। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि सड़क पर अवैध कब्जा केवल यातायात को बाधित ही नहीं करता बल्कि दुर्घटना की संभावना भी बढ़ा देता है। साथ ही त्योहारी सीजन को देखते हुए शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था और आमजन की सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता है। इसको लेकर स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि वे प्रशासन के अभियान में सहयोग करें। प्रशासन के इस अल्टीमेटम के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है और कई दुकानदार अपने अस्थायी ढांचे हटाने की तैयारी में जुट गए हैं।

# नाली की समस्या से लोग परेशान

### सड़क पर जमा गंदा पानी बना मच्छरों का घर, डेंगू-मलेरिया का खतरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड स्थित कनौदी गांव में नाली की निकासी की समस्या से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। नाली का गंदा पानी सड़क पर जमा होने से सड़क खराब हो चुकी है। पानी के जमाव से मच्छरों की संख्या बढ़ गई है। इससे डेंगू और मलेरिया का खतरा बना हुआ है। स्थानीय छात्र नीतीश कुमार ने बताया कि बारिश के दौरान सड़क तालाब में बदल जाती है। इससे बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी होती है। ग्रामीण बिरजंवा देवी के अनुसार गंदगी और मच्छरों के कारण छोटे बच्चे अक्सर बीमार पड़ते हैं। यह समस्या 2018 से बनी हुई है। नाली में स्थायी निकासी और ऊपर प्लेट न होने से स्थिति बिगड़ रही है। ग्रामीणों ने कई बार पंचायत प्रतिनिधियों से शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। शनिवार को गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी से जल्द समाधान की मांग की। गांव में 5 जातियों के करीब 90 परिवार रहते हैं। इनमें अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग भी शामिल हैं। प्रदर्शन में रामचंद्र पासवान, पिंटू कुमार, सुधेश्वर, कपिल, नरेश दास, नवीन, अंकुश, विवेक कुमार, कपूरवा देवी, कोशमी देवी और मनोरमा देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिंग/2025/20 दानापुर, दि. 16.09.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं:– **1. कार्य का नाम एवं स्थान:** दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर अनुभागीय सिग्नल एवं दूरसंचार पर्यवेक्षकों/अनुरक्षकों के लिए सुरक्षा उपकरणों का प्रावधान। **2. अनुमानित लागत:** रुपये 20231411.67 **3. बयाना राशि:** रुपये 251200.00 **4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय:** दिनांक 09.10.2025 को 15:00 बजे तक। **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 09.10.2025 को 15.30 बजे। **6. वेबसाइट विवरण:** http://www.ireps.gov.in **7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर **नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि—पत्र उपरोक्त बेवसाईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जायेगा।

**मं सं० एवं दूर सं० अभि०**
**पूर्व मध्य रेल,/दानापुर**
**कृते भारत के राष्ट्रपति**

पीआर/0973/डीएनआर/एस एण्ड टी/टी/25–26/36



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू**
**समाहरणालय भवन ब्लॉक-सी, कमरा नं०–09, मेदिनीनगर**
ई-मेल- jepcpalamau1@gmail.com & jepcpalamau@rediffmail.com

**निविदा सूचना विज्ञप्ति**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक GE/08/132/2019-20/2648 दिनांक 12.10.2022 एवं पत्रांक GE/08/132/2019-20/3163 दिनांक 23.09.2019 के निदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2025–26 में जिला के विभिन्न प्रखण्डों में संचालित 12–कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, 08–झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं 01–नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सुआ सदर पलामू में आवश्यक खाद्य एवं अखाद्य सामग्री तथा अन्य सामग्रियों के क्रय हेतु विभिन्न शर्तो एवं बंधेजों के साथ मुहर बंद निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) अलग–अलग केवल प्रतिष्ठित एवं स्थापित फर्मो से प्राप्त किया जाना है।

इच्छुक निविदादाता District Education Officer cum District Programme Officer, Samagra Shiksha, Palamu] SBI, Main Branch Daltonganj के नाम Payable,अप्रतिदेय (Non Refundable) रू0 1000.00 रू0 (एक हजार रूपये मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक/ Schedule Bank के डिमांड ड्राफ्ट जो फर्म के द्वारा बनाया जाएगा। जमा करने के पश्चात् दिनांक 23.09.2025 से 15.10.2025 तक निविदा से संबंधित शर्ते, पैकेजवार अनुसूची, समग्र शिक्षा कार्यालय पलामू से अपराह्न 04 बजे तक प्राप्त कर सकते है, तथा अंतिम रूप से दिनांक 16.10.2025 के अपराह्न 03.00 बजे तक निविदा जमा करेंगे। दिनांक 18.10.2025 को समग्र शिक्षा कार्यालय के वेश्म में अपराह्न 12.30 बजे से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी की अध्यक्षता में निविदा खोला जाएगा।

निविदा से संबंधित विभिन्न शर्तो एवं बंधेजों तथा क्रय/आपूर्ति किये जानेवाले सामग्रियों की पैकेजवार सूची पलामू जिला के Website(palamau.nic.in) में देखा जा सकता हैं।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू

PR.NO.362492 District(25-26):D

संपादकीय

# पाक–सऊदी करार के मायने ?

पाकिस्तान द्वारा सऊदी अरब के साथ हाल में किया गया रणनीतिक रक्षा समझौता चौंकाने वाला जरूर है, लेकिन यह कितना व्यावहारिक होगा, इस पर कई सवाल हैं। भारत ने इस पारस्परिक समझौते पर सधी हुई प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि 'हमें इसकी जानकारी पहले से थी।' उधर सऊदी अरब ने कहा है कि यह समझौता केवल दोनों देशों के बीच लंबी चर्चा का परिणाम है। इसे किसी देश के खिलाफ प्रतिक्रिया के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। बावजूद इसके भारत को सतर्क रहने और इस समझौते को पाकिस्तान की बाहरी खतरों से सुरक्षा से ज्यादा आंतरिक राजनीति के संदर्भ में देखने की जरूरत है। विगत बुधवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का नाम 'स्ट्रैटेजिक म्यूचुअल डिफ़ेंस एग्रीमेंट' है। समझौते के तहत दोनों देशों में से किसी भी देश पर हमला होता है, तो उसे दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। इसके पहले सऊदी अरब में पाक पीएम शहबाज शरीफ का भव्य स्वागत किया गया। इसमें भी कुछ संकेत छिपे हैं। बताया जाता है कि दोनों नेताओं की मुलाक़ात के दौरान देशों के रिश्तों को और मज़बूत बनाने पर चर्चा हुई। इस दौरान पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर भी मौजूद रहे पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इसहाक़ डार ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर लिखा, दोनों देशों के बीच लगभग 80 साल पुराने रिश्ते हैं, जो भाईचारे, इस्लामी एकजुटता और रणनीतिक सहयोग पर आधारित हैं। समझौते का मक़सद रक्षा सहयोग को बढ़ाना और क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस समझौते पर अपनी प्रतिक्रिया में भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि उन्हें पहले से इस समझौते के बारे में पता था। भारत सरकार देश की हर क्षेत्र में सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मीडिया द्वारा पाकिस्तान-सऊदी अरब के रक्षा समझौते को लेकर पूछे गए सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए रणनीतिक रक्षा समझौते की रिपोर्ट्स देखी हैं। जब इस समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही थी, सरकार को तभी से ही इसके बारे में जानकारी थी। हम इस समझौते के हमारी सुरक्षा, क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन कर रहे हैं। सरकार भारत के राष्ट्रीय हितों की सभी क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर समर्पित हैं। वैसे कूटनीतिक हल्कों में इस समझौते को 'नाटो' जैसा समझौता माना जा रहा है। समझौते के तहत परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का भी प्रावधान है। हाल ही में इजराइल के कतर पर हमले के बाद कतर की राजधानी दोहा में मुस्लिम देशों की बैठक हुई थी, जिसमें पाकिस्तान भी शामिल हुआ। इस बैठक में पाकिस्तान ने नाटो जैसा संगठन बनाने का सुझाव दिया था। हकीकत तो यह है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और 'ऑपरेशन सिंदूर' से घबराए पाकिस्तान ने अब दूसरों के सामने अपनी सुरक्षा के लिए मदद की भीख मांगना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान मानता है कि उसे सबसे ज्यादा खतरा भारत से है और अगर भारत ने कार्रवाई की तो बकौल पाकिस्तान जवाबी सैन्य कार्रवाई में उसकी मदद करेगा। लेकिन क्या सचमुच ऐसा होगा? क्या सऊदी अरब की सैनिक ताकत इतनी है कि वह भारत का मुकाबला कर सके? क्या सऊदी अरब भारत के साथ अपने गहरे कूटनीतिक और आर्थिक रिश्तों की बलि देकर भारत के खिलाफ लड़ाई में सीधे उतरेगा? क्या दोनों देशों के इस समझौते को अमेरिका का समर्थन है? ये ऐसे सवाल हैं, जिनके जवाब मिलने अभी बाकी हैं। हालांकि पाक के उत्साह पर सऊदी अरब ने अभी से पानी फेर दिया है।

# नेपाल की पहली महिला-सरकार प्रमुख सुशीला कार्की

**नेपाल की पहली महिला अंतरिम प्रधानमंत्री और पूर्व न्यायविद् श्रीमती सुशीला कार्की को लेकर विरोध के स्वर अब ठंडे पड़ते जा रहे हैं और उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ नई कमान संभाल ली है। पहले उन्होंने अपना समुचित मंत्रीमंडल बनाया और गुरूवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात साफ संकेत दे दिया कि वो नेपाल और भारत के सदियों पुराने सांस्कृतिक सामाजिक सम्बन्धों की पूरी तरह रखवाली करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भी नेपाल में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया और नेपाल में शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के लिए भारत का अटल समर्थन दोहराया। मोदी ने नेपाल में पिछले दिनों हुई दुखद जनहानि पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के कार्की के प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। साथ ही उन्हें और नेपाल की जनता को उनके राष्ट्रीय दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। 19 सितंबर नेपाल का राष्ट्रीय दिवस होता है।**

डॉ. सुधीर सक्सेना

यकीनन भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और युवा आक्रोश, जिसने भयावह हिंसा का रूप ले लिया , पर काबू पाने तथा देश में जनोन्मखी सरकार की स्थापना जैसी कई बड़ी चुनौतियां सुशीला कार्की के समक्ष हैं। हालांकि उन्होंने पहले ही साफ कर दिया है कि वो केवल देश की अंतरिम प्रधानमंत्री हैं, नेपाल का सत्ताधीश बनने का उनका कोई इरादा नहीं है। यही कारण है कि पद की शपथ लेने के कुछ समय बाद ही उन्होंने देश में अगले साल 5 मार्च 2026 को आम चुनाव की घोषणा कर दी। अगर इस घटनाक्रम की तुलना बांग्लादेश के सत्ता परिवर्तन से करें तो वहां के अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार अभी भी चुनाव की निश्चित तारीख नहीं बता रहे हैं।

वास्तव में नेपाल के राजनीतिक क्षितिज पर सुशीला कार्की का उदय अप्रत्याशित घटना ही है। नेपाल के बहुदलीय लोकतंत्र बनने के बाद वहां राजनीतिक स्थिरता कभी नहीं रही। परिणाम स्वरूप आज नेपाल सुशासन की जगह भयंकर भ्रष्टाचार से बेजार है और यही मुख्य वजह है कि नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुश्री सुशीला कार्की नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री मनोनीत हुई हैं। कैसा अदभुत संयोग है कि पहली महिला मुख्य न्यायाधीश और फिर अप्रत्याशित और हिंसक घटनाक्रम के बाद पहली महिला प्रधानमंत्री बनने का विरल श्रेय उनके खाते में दर्ज हुआ। उन्होंने यह पद ऐसी कठिन वेला में ग्रहण किया है, जब नेपाल चौराहे पर दिग्भ्रमित खड़ा है और जेनरेशन जेड के शानदार पहल के रूप में शुरू आंदोलन के बोगदे से बमुश्किल बाहर आया है, जिसने अराजक और वीभत्स रूप ले लिया था। जेन ' प्रदर्शनों का तांडव और सुशीला कार्की का उदयः नेपाल में सितंबर की शुरुआत भयावह हिंसा से हुई, जब 'जेन जेड' आंदोलन ने भ्रष्टाचार, सोशल मीडिया प्रतिबंध और सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर देशव्यापी हंगामा मचा दिया। 8 सितंबर से शुरू हुए इन प्रदर्शनों में पुलिस कार्रवाई के दौरान गोलीबारी हुई, जिसमें कम से कम 72 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों



घायल हुए। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन, सरकारी कार्यालयों और राजनेताओं के घरों पर हमला कर आगजनी की, जिससे काठमांडू सहित कई शहरों में अराजकता फैल गई।

इस संकट के बीच पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने 10 सितंबर को इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने संवैधानिक प्रावधानों के तहत 12 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। 73 वर्षीय सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं, जिन्हें डिस्कॉर्ड प्लेटफॉर्म पर युवा प्रदर्शनकारियों के अनौपचारिक मतदान से चुना गया। उनकी भ्रष्टाचार-विरोधी छवि और न्यायिक अखंडता ने उन्हें जनता का चहेता बना दिया। कार्की सरकार का कार्यकाल मार्च 2026 तक सीमित है, जब नए संसदीय चुनाव होने हैं। उन्होंने शपथ ग्रहण के तुरंत बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया और मृतकों के परिवारों को 10 लाख नेपाली रुपये मुआवजे की घोषणा की। अंतरिम सरकार का मुख्य लक्ष्य भ्रष्टाचार उन्मूलन, शासन सुधार और आर्थिक समानता सुनिश्चित करना है।

भारत का समर्थनः शोक और सहयोग का संदेशः इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा, 'भारत नेपाल की स्थिरता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। हम दोनों देशों के कल्याण के लिए निकट सहयोग जारी रखेंगे।' प्रधानमंत्री मोदी ने 13 सितंबर को ही सोशल मीडिया पर कार्की को बधाई दी थी, जिसमें उन्होंने नेपाल की शांति एवं समृद्धि के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई थी।

सुश्री कार्की का जन्म 7 जून 1952 को नेपाल की औद्योगिक राजधानी विराटनगर में हुआ। दिलचस्प तौर पर विराट नगर प्रधानमंत्रियों की नगरी है। विराटनगर लोकतांत्रिक आंदोलन की जन्मस्थली भी है। बीपी कोइराला, मातृका प्रसाद कोइराला, गिरिजाप्रसाद कोइराला, मनमोहन अधिकारी, सूर्यबहादुर थापा और नागेन्द्र रिजाल के पश्चात कार्की विराटनगर की सातवीं शख्सियत हैं, जिसने इस पद को सुशोभित किया है। स्थानीय महेन्द्र मोरंग मल्टीपल कैंपस से स्नातक उपरांत उन्होंने भारत में स्थित काशी हिन्दु विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की और लौटकर त्रिभुवन विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री ली। एक सफल वकील के रूप में लंबा वक्त बिताने के बाद वह सन 2016-17 में मुख्य न्यायाधीश रहीं। अपने ग्यारह माह के कार्यकाल में उन्होंने अनेक ऐतिहासिक फैसले सुनाये और सुर्खियों में रहीं। इसके फलस्वरूप उनकी छवि एक निडर और दबंग महिला की बनी, जिसके लिये लोकहित सर्वोपरि है, उनके अनेक फैसले चर्चित रहे। उन्होंने तत्कालीन सीआईएए प्रमुख लोकमान सिंह कार्की को पद से हटाने का फैसला सुनाया और तब के सूचना एवं संचार मंत्री जेपी गुप्ता को भ्रष्टाचार में लिप्तता से जेल भेजन का निर्णय सुनाया। इसी क्रम में उन्होंने रौतहट के नेपाली कांग्रेस के रसूखदार और ताकतवर मंत्री मोहम्मद आलम पर जांच बिठाकर उसे जेल भेजा।

यह अकारण नहीं है कि सुश्री कार्की ही नहीं, वरन उनके 'श्रीमानजी' यानि पति महोदय सुर्खियों और चर्चा में रहे हैं। उनके पति दुर्गाप्रसाद सुबेदी अपने साहसिक प्रेम-प्रसंग के लिये भी जाने जाते हैं। सुश्री कार्की ने सन 1975 में बीएचयू से एमए किया। दुर्गाप्रसाद तब नेपाली कांग्रेस के जोशीले युवा नेता थे और ट्यूशन पढ़ाकर गुजारा करते थे। बीएचयू के परिसर में सुशीला और दुर्गा की भेंट हुई। सुशीला को दुर्गा का आदर्श और ईमानदारी तथा दुर्गा को सुशीला की सादगी और निर्भीकता भा गयी। प्रेम का अंकुर फूटा और परवान चढ़ा। दुर्गा का बाहुन (ब्राह्मण) और सुशीला का राजपूत होना अंतर्जातीय प्रसंग में बाधक न बन सका। दोनों विवाह-सूत्र में बंध गये। बहुत कम लोगों को ज्ञात होगा कि दुर्गाप्रसाद विमान-अपहरण कांड में भी शरीक रहे। यह भूलीबिसरी जानकारी मिली बरसों काठमांडू में सक्रिय रहे वरिष्ठ पत्रकार पुष्परंजन से। 10 जून, 1973 को विराटनगर से काठमांडू जो रहे रायल नेपाल एयरलाइंस के विमान अपहरण में दुर्गा नागेंद्र घुंगेल और बसंत भट्टराई शामिल थे। विमान में 30 लाख रूपयों की नगदी लदी थी। अपहृत विमान को बिहार में फारबिसगंज में बलात उतारा गया। इस षडयंत्र के बाद में प्रधानमंत्री मिस्टर क्लीन और बीतरागी सुशील कोइराला भी शामिल थे। नगदी सड़क मार्ग से दार्जिलिंग पहुंचाई गई। जल्द ही दुर्गा व अन्य पकड़े गये। इमर्जेन्सी में वे रिहा हुये। उन्होंने इस रोमांचक प्रसंग पर एक किताब लिखी। सन 2018 में प्रकाशित नेपाली भाषा की इस किताब का शीर्षक है - 'विमान विद्रोह।' सुशीला कार्की पीएम तो बन गयी हैं, परंतु उनकी राह आसान नहीं है। राष्ट्रपति पौडेल ने संसद को भंगकर एक छमाही में चुनाव की बात कही है। शीतल निवास में शपथ ग्रहण के मौके पर पौडेल ने कहा -बधाई हो। शुभकामनाएं। आप सफल हों। देश सफल हो।- समारोह में कोई भी पूर्व प्रधानमंत्री मौजूद नहीं था। नेपाली कांग्रेस और वामदलों ने संसद भंग करने पर ऐतराज किया। नेपाल में जनमानस आहत व क्षुब्ध है। राजतंत्र एक दशक पहले विदा हो चुका है। कार्की पर सेक्युलर और संघीय गणतांत्रिक व्यवस्था को अक्षुण्ण रखने का दायित्व है और जनगण की आकांक्षाओं की पूर्ति का। राजनय में भी उन्हें संतुलन बरतना होगा। काशी की स्मृतियों में डूबी कार्की मोदी की प्रशंसक हैं। नेपाल को 'खरानीबाट' यानि राख के ढेर से उठना है। यह दायित्व 'तलवार की धार पर धावनो' सरीखा है।

अध्यात्म

## पाप का गुरु कौन?

एक पंडित जी कई वर्षों तक काशी में शास्त्रों का अध्ययन करने के बाद अपने गांव लौटे। गांव के एक किसान ने उनसे पूछा, पंडित जी आप हमें यह बताइए कि पाप का गुरु कौन है? प्रश्न सुन कर पंडित जी चकरा गए, क्योंकि भौतिक व आध्यात्मिक गुरु तो होते हैं, लेकिन पाप का भी गुरु होता है, यह उनकी समझ और अध्ययन के बाहर था। पंडित जी को लगा कि उनका अध्ययन अभी अधूरा है, इसलिए वे फिर काशी लौटे। फिर अनेक गुरुओं से मिले। मगर उन्हें किसान के सवाल का जवाब नहीं मिला।

अचानक एक दिन उनकी मुलाकात एक वेश्या से हो गई। उसने पंडित जी से उनकी परेशानी का कारण पूछा, तो उन्होंने अपनी समस्या बता दी। वेश्या बोली, पंडित जी..! इसका उत्तर है तो बहुत ही आसान, लेकिन इसके लिए कुछ दिन आपको मेरे पड़ोस में रहना होगा। पंडित जी के हां कहने पर उसने अपने पास ही उनके रहने की अलग से व्यवस्था कर दी। पंडित जी किसी के हाथ का बना खाना नहीं खाते थे, नियम-आचार और धर्म के कट्टर अनुयायी थे। इसलिए अपने हाथ से खाना बनाते और खाते। इस प्रकार से कुछ दिन बड़े आराम से बीते, लेकिन सवाल का जवाब अभी नहीं मिला।

एक दिन वेश्या बोली, पंडित जीज! आपको बहुत तकलीफ होती है खाना बनाने में। यहां देखने वाला तो और कोई है नहीं। आप कहें तो मैं नहा-धोकर आपके लिए कुछ भोजन तैयार कर दिया करूं। आप मुझे यह सेवा का मौका दें, तो मैं दक्षिणा में पांच स्वर्ण मुद्राएं भी प्रतिदिन दूंगी। स्वर्ण मुद्रा का नाम सुन कर पंडित जी को लोभ आ गया। साथ में पका-पकाया भोजन। अर्थात दोनों हाथों में लड्डू। इस लोभ में पंडित जी अपना नियम-व्रत, आचार-विचार धर्म सब कुछ भूल गए। पंडित जी ने हामी भर दी और वेश्या से बोले, ठीक है, तुम्हारी जैसी इच्छा। लेकिन इस बात का विशेष ध्यान रखना कि कोई देखे नहीं तुम्हें मेरी कोठी में आते-जाते हुए। वेश्या ने पहले ही दिन कई प्रकार के पकवान बनाकर पंडित जी के सामने परोस दिया। पर ज्यों ही पंडित जी खाने को तत्पर हुए, त्यों ही वेश्या ने उनके सामने से परोसी हुई थाली खींच ली। इस पर पंडित जी क्रुद्ध हो गए और बोले, यह क्या मजाक है? वेश्या ने कहा, यह मजाक नहीं है पंडित जी, यह तो आपके प्रश्न का उत्तर है। यहां आने से पहले आप भोजन तो दूर, किसी के हाथ का भी नहीं पीते थे, मगर स्वर्ण मुद्राओं के लोभ में आपने मेरे हाथ का बना खाना भी स्वीकार कर लिया। अतः यह लोभ ही पाप का गुरु है।

# यूएन में ऐनालेना की समावेशन की अवधारणा

**संयुक्त राष्ट्र की 80वीं महासभा में नए अध्यक्ष के रूप में ऐनालेना बेयरबॉक की उपस्थिति दर्ज हो चुकी है। वह बिलकुल युवा अध्यक्ष हैं। मात्र 44 वर्ष की हैं। विश्व में बतौर जर्मन विदेश मंत्री उन्होंने अपने होने का एहसास पहले ही करवा दिया है। संयुक्त राष्ट्र में वह अब 80वें महासभा की अध्यक्षता करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा की ऑफिस को संभाल चुकी हैं। यूएन महासभा के 79वें सत्र के लिए अध्यक्ष फ़िलेमॉन यैंग ने, 80वीं सत्र की प्रमुख ऐनालेना बेयरबॉक को पारम्परिक हथौड़ा सौंप दिया है। इस हथौड़े के आदान-प्रदान से ही नया अध्यक्ष अपना कर शुरू करता है।**

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

80 वर्ष से पहले संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के बाद से अब तक केवल चार महिलाओं ने यूएन महासभा अध्यक्ष का पदभार सम्भाला है। इस महासभा में 193 सदस्य देशों के प्रतिनिधि विश्व के समक्ष मौजूद अहम मुद्दों पर चर्चा करते हैं। सबसे अहम् बात यह है कि इस महासभा की महिला अध्यक्षों में भारत की विजयालक्ष्मी पण्डित का नाम भी सम्मिलित है। इस पर सम्पूर्ण भारत को गर्व है कि महासभा की प्रथम महिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी पंडित ही थीं। 1953 में, संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने, भारत की प्रखर राजनैतिक हस्ती विजयलक्ष्मी पंडित को, यूएन महासभा के आठवें सत्र की अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया था, जो इस भूमिका के लिए चुनी गई पहली महिला थीं। सबसे अहम् बात यह है कि 8वीं अध्यक्ष विजयलक्ष्मी जी थीं और 80वीं सत्र की अध्यक्ष ऐनालेना बेयरबॉक। मारिया फ़र्नांडा एस्पिनोसा जो कि इसके पहले महासभा की 2018-2019 में अध्यक्ष रह चुकी हैं, उनका मानना है कि यूएन को फिर से गढ़ने में, महिलाओं के नेतृत्व की अहम भूमिका सुनिश्चित होने जा रही है।

आधी आबादी को इस प्रकार का वैश्विक नेतृत्व निश्चय ही मातृशक्ति के नेतृत्व की गाथा है। ऐनालेना बेयरबॉक का अपना अनुभव संयुक्त राष्ट्र के 80वें सत्र में जिस प्रकार दिखे, लेकिन उनके शुरूआती शब्द पूरे विश्व में सरहना पा रहे हैं। इसमें समावेशन की उनकी अवधारणा की खूब तारीफ हो रही है। विश्व में चल रहे विभिन्न प्रकार के आपसी संकट के दौर में समावेशी संस्कृति पर बात करने के लिए कोई तैयार ही नहीं है। ऐसे समय में ऐनालेना बेयरबॉक कह रही हैं कि हम समावेशन की अवधारणा के साथ संयुक्त राष्ट्र के 80वें सत्र में कार्य करने के लिए तैयार हैं। एस्पिनोसा महासभा को अन्तरराष्ट्रीय क़ानून की प्रयोगशाला मानती हैं। और उनका विश्वास है कि अध्यक्ष पद के लिए कड़ी मेहनत, अच्छी कूटनीति और निष्पक्ष वार्ता करने की क्षमता आवश्यक है। ऐनालेना बेयरबॉक में अगले अध्यक्ष के रूप में शानदार प्रदर्शन के लिए सभी आवश्यक गुण हैं। वो इस पद को ऐसे समय में सम्भालेंगी जब संस्था में संरचनात्मक बदलाव और आंशिक रूप से वित्तीय चुनौतियाँ एक साथ मौजूद हैं।

वास्तव में, संयुक्त राष्ट्र महासभा की अपनी विशेषता है। उसकी अपनी चुनौतियाँ हैं। उसके अपने कार्य करने के तरीके हैं। एस्पिनोसा यह मानती हैं कि एनालेना बेयरबॉक यूएन80 प्रक्रिया के तहत सुधार लागू करने और 2024 में अपनाए गए भविष्य का सहमति पत्र से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाने में केन्द्रीय भूमिका निभाएंगी। सच है कि एनालेना बेयरबॉक के कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव की नियुक्ति होनी है। संयुक्त राष्ट्र का यह 80वां सत्र है। इसे ऐतिहासिक बनाने की भी पुरजोर कोशिश होगी। इसके लिए भी प्रयास करना होगा। युद्ध, निर्धनता, जलवायु परिवर्तन समेत अन्य वैश्विक संकटों से निपटने के लिए आपसी एकजुटता व एक सोच के लिए कार्य



करना होगा। एसडीजी-2030 लक्ष्य को हासिल भी करना है। भविष्य के लिए सहमति पत्र को भी मजबूती प्रदान करनी है और सबकी एकजुटता के लिए कोशिश करनी है। ये सब ऐसे मामले हैं जो एनालेना के लिए कठिन हो सकते हैं लेकिन नामुमकिन नहीं हैं। उन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए जिससे वैश्विक शांति व स्थिरता आएगी, इसके लिए फिलहाल मैडम एनालेना बिलकुल तैयार हैं। यदि तैयार न होतीं तो वह वैश्विक वैचारिक समावेशन की बात न कर पातीं।

एनालेना ने स्वीकार भी कर लिया है कि संयुक्त राष्ट्र ही ऐसा मंच है जहाँ सबके प्रसन्नता के लिए कार्य किए जा सकते हैं। इसलिए उन्होंने यह कहा भी कि हमारी दुनिया पीड़ा में है।...लेकिन कल्पना कीजिए, संयुक्त राष्ट्र के बिना यह कितना अधिक पीड़ादायी होती? उन्होंने कहा भी कि दुनिया में लाखों-करोड़ों लोग अपने दैनिक जीवन में कठोर वास्तविकताओं का सामना कर रहे हैं। ग़ाज़ा में भूख से बदहाल बच्चे हैं। अफ़ग़ानिस्तान में स्कूली शिक्षा से वंचित लड़कियाँ हैं। यूक्रेन में मिसाइल हमलों की चपेट में आए परिवार, और प्रशान्त द्वीपीय देशों में बढ़ते समुद्री जलस्तर से घिरे देश हैं। इसका अर्थ है कि दुनिया के विभिन्न समस्याओं का खाका अब एनालेना के दिमाग में पूरी तरह से अपनी जगह बना चुका है और वह इन सभी मुद्दों के साथ लड़ेंगी और किसी निष्कर्ष तक पहुँचने का प्रयास करेंगी जिससे बहुपक्षवाद को बल मिले। मानवाधिकारों का संरक्षण हो। सभी की गरिमा सुनिश्चित हो। हमारी प्लानेट सुरक्षित हो। समुद्र, पृथ्वी एवं प्रकृति के हर रंग को अपने स्वतंत्र सम्मान व खूबसूरती मिल सके, ऐसा वह प्रयास करेंगी। इस बात के लिए पूरे विश्व में प्रसन्नता व्यक्त की जानी चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुटेरेस अपने कार्यकाल के इस पड़ाव पर अपनी जिम्मेदारी निभाने की प्रतिबद्धता व्यक्त कर एनालेना के सहयोग हेतु तत्पर हैं। जब हथौड़ा फिलमेन येंग ने एनालेना को सौंपा तो इस अवसर पर गुटेरेस ने कहा कि मैं आपके उत्तराधिकारी नवनिर्वाचित अध्यक्ष बैरबॉक के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक हूँ क्योंकि हम वैश्विक समस्याओं के वैश्विक समाधान की तलाश जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह सच्चाई आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी अस्सी साल पहले थी। और उतनी ही प्रभावी भी है। अभी बहुत कुछ करना बाकी है, और आगे का रास्ता अनिश्चित है। गुटेरेस के इस सहयोगपूर्ण भावना की प्रशंसा की जानी चाहिए। अपने लगभग 20 वर्ष के कार्यानुभव से गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र को अभूतपूर्व योगदान दिया है, एनालेना के कार्यकाल में वह सहयोगी रहेंगे और नए महासचिव की नियुक्ति में भी वह सहयोग करेंगे। इसलिए एनालेना का यह कार्यकाल महासभा के अध्यक्ष के रूप में कई नई उपलब्धियां अर्जित कर सकता है।

विश्व के लोग भी यदि एनालेना का सहयोग करेंगे और समावेशन की अवधारणा को समझेंगे तो पुरे प्लेनेट के लिए, मनुष्य जाति के लिए और शाश्वत शांति के लिए नए रास्ते निकल सकेंगे। सतत विकास लक्ष्य हासिल किए जा सकेंगे। पूरी मानव बिरादरी रचनात्मक कार्य कर सकेगी और जो आज हालात बने हुए हैं कुछ अनचाहे से, उनका समाधान भी ढूंढा जा सकेगा। एनालेना बेयरबॉक का नारा ही है-एक साथ बेहतर। यह श्लोगन समष्टि की बात करता है और यह समावेशन का आधार माना जा सकता है। यदि संयुक्त राष्ट्र में यह अंतःकरण से स्वीकार कर लिया जाए तो निश्चय ही पूरी दुनिया बदल जाएगी और यह बदलाव संयुक्त राष्ट्र के 80वें पड़ाव की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
प्रेम–सम्बन्धों में गलतफहमियाँ आने की आशंका है। मेहनत से किये गये कार्यों में सफलता मिलेगी। सुख–सुविधाओं में वृद्धि होगी।

**वृषभ**
आपके स्वाभिमान और आत्मबल में वृद्धि होगी। परिवार में अनुशासन बनाये रखें। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करें।

**मिथुन**
परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। आवश्यक कार्यों को दिन के पहले भाग में ही पूर्ण कर लेना हितकर होगा। बच्चे आज मस्ती के मूड में रहेंगे।

**कर्क**
आपके काम समय पर पूरे हो जायेंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। रचनात्मक योजनाओं से आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**सिंह**
आज नशे से पूरी तरह दूरी बनाकर रखें। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन खुशियों और उत्साह से भरपूर रहेगा। अविवाहित लोगों को विवाह के अवसर मिल सकते हैं। मन में पुरानी स्मृतियाँ दोबारा ताजा होंगी।

**तुला**
आपकी सेहत थोड़ी प्रतिकूल हो सकती है। आज आप घर में अधिक समय बिताना पसन्द करेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**वृश्चिक**
रुका हुआ धन मिलने में कठिनाई होगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से मतभेद उभर सकते हैं। विद्यार्थी नये कोर्स में प्रवेश को लेकर योजना बनायेंगे।

**धनु**
व्यवसाय में आपकी अपेक्षा के अनुसार बिक्री न होने से मन अप्रसन्न हो सकता है। उधार लिया हुआ धन मिलने में कठिनाई होगी। अपना खानपान सन्तुलित रखें।

**मकर**
आपकी दिनचर्या थोड़ी व्यस्त रहेगी। आयात–निर्यात से जुड़े व्यवसाय से धन लाभ होगा। ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

**कुंभ**
शुगर के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। परिजनों के साथ नोक–झोंक हो सकती है। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी परेशानियाँ हो सकती हैं।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में बिक्री बढ़ने के योग बन रहे हैं। सरकारी कार्यों के लिये दिन बहुत शुभ है। घरेलू कलह का निवारण होगा। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरपूर रहेगा।

# जिले की सभी सीटों पर जीतेगा एनडीए : विजय चौधरी

## एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में झंडे बैनर के साथ पहुंचीं महिला कार्यकर्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरौनी।** शनिवार को एपीएसएम कलेज बरौनी के प्रांगण में तेघरा विधानसभा एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष, युवा मौजूद थे। सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी, खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री राम.पाल यादव, जदयू प्रदेश मंत्री रीना चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही सभी अतिथियों को पाग और अंगवस्त्र दे कर सम्मानित भी किया गया। सम्मेलन में एनडीए के पांचों दल के नेता अपना अपना कार्यकर्ता और समर्थक के साथ सभा स्थल पर पार्टी के बैनर और झंडो के साथ सभा में पहुंचे। सभा को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि इस बार बेगूसराय के सातों सीट पर एनडीए गठबंधन की जीत होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सरकार लगातार बिहार में विकास की गंगा बहा रही हैं। महिला रोजगार योजना के तहत गरीब महिलाओं को दस हजार रुपए रोजगार करने के लिए दे रहे हैं। जो आगे दो या तीन दिन में बिहार के पचास लाख महिलाओं के खाते में चला जाएगा। आगे भी बेहतर रोजगार करने वाले महिलाओं को दो लाख तक का लाभ दिया जाएगा। बिहार में आने वाले समय में एक विकास की नई दिशा देखने को मिलेगा। इस दौरान पूर्व सांसद राम .पाल यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार लगातार बिहार को एक विकसित राज्य की ओर ले जा रहा है। नीतीश और मोदी के जोड़ी बिहार में लगातार विकास हो रही है। इस अवसर पर भाजपा नेता रजनीश कुमार सिंह, पूर्व एमएलसी भूमिपाल राय, जदयू नेता हेमंत कुमार शर्मा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष चंदन कुमार, बिहार प्रदेश सचिव क्रांति देवी, जदयू नेत्री अनीता मिश्रा, भाजपा नेत्री आभा सिंह, केशव शांडिल्य, सहित दर्जनों की संख्या में जदयू, भाजपा, सहित गठबंधन के नेता मौजूद थे।

## युवक लापता, पिता ने दर्ज कराई शिकायत

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के मोहनपुर करजा गांव निवासी सौरभ कुमार पिछले कई दिनों से लापता है। इस संबंध में सौरभ के पिता धर्मवीर सिंह ने बड़हरा थाने में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया है कि 16 सितंबर की शाम करीब 7 बजे सौरभ कुमार अपनी बाइक से घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने पहले आसपास और रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। धर्मवीर सिंह ने थाने में दर्ज आवेदन में आशंका जताई है कि उनका पुत्र कहीं अप्रिय घटना का शिकार हो गया है या फिर किसी ने बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया है। बताया है कि सौरभ कुमार अपने मोबाइल भी साथ ले गया था, जो अब स्विच ऑफ बताता है। परिजन लगातार खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन अब तक युवक का कोई अता-पता नहीं चल सका है। पिता ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है कि शीघ्र उनके पुत्र को ढूंढ निकालने की दिशा में कार्रवाई की जाए।

## एक नजर

### अर्द्धवार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन प्रारम्भ

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के प्रारंभिक स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा संपन्न हो गई। प्रश्नपत्र सह उत्तर पुस्तिकाओं की जांच प्रखंड के 15 सीआरसी में शनिवार से शुरू हो गई जो 26 सितंबर तक होगी। 27 सितंबर को सभी विद्यालयों में एक साथ अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में बच्चों का रिपोर्ट कार्ड जारी किया जाएगा। मूल्यांकन कार्य कार्य दिवस में हर दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। मूल्यांकन के दौरान परीक्षकों को मोबाइल बंद रखने का निर्देश दिया गया है। परीक्षक लाल कलम से उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करेंगे। प्रधान शिक्षक हरे कलम का इस्तेमाल करेंगे। मूल्यांकन के दौरान सभी स्कूल खुले रहेंगे व कक्षा भी शेष शिक्षक द्वारा संचालित होगा। बच्चों को मध्याह्न भोजन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### पोषण अभियान के तहत महिला चौपाल

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पोषण माह के तहत, भगवानपुर प्रखंड में एक महत्वपूर्ण महिला चौपाल और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड कार्यालय के पास स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 157 पर हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य सरकार के पोषण माह, स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार और स्वच्छता पखवाड़ा जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक लागू करना था। इस कार्यक्रम में रसलपुर और दामोदरपुर की सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भाग लिया। इसका लक्ष्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना था। स्वस्थ जीवन शैली की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर, पिरामल फेलो आरती शर्मा ने सभी उपस्थित महिलाओं को एक विशेष शपथ दिलाई। इस शपथ का उद्देश्य एक स्वस्थ और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने पर जोर देना था। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवारश और स्वच्छता पर जोर कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने रंगोली बनाकर केंद्र को सजाया। पिरामल फाउंडेशन के ज्ञानोदय और दीपक मिश्रा ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।

### मनरेगा पीओ को दी गई विदाई

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनरेगा के सभागार में शुक्रवार को स्थातरित कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा पंकज कुमार का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि सेवा काल में पदाधिकारी का स्थांतरण तथा पदस्थापन शाश्वत नियम है। इनके सेवा अवधि के कार्य की चर्चा करते हुए कहा कि कर्मियों को इनसे सीख लेने की जरूर है। नये पदस्थापित कार्य स्थल पर इससे भी बेहतर सेवा करने की आशा व्यक्त की। इनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। इन्हें बुके, माला, डायरी, कलम देकर सम्मानित किया गया। वही बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने इस पद का कार्यभार संभाला। उन्हें भी स्थानांतरित पीओ पंकज कुमार ने बुके, फूल, माला आदि प्रदान कर अभिनंदन किया गया। मौके पर जेई कमल .ष्ण कुमार, वृंद कुमार मोची, मुकेश कुमार, नित्यानंद भारती, पीआरएस शुभम राज, विनोद कुमार द्वय, बबलू कुमार, अजय सरोज, विश्व विभूषण आदि मौजूद थे।

### पंचायत भवन पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्वास्थ्य उपकेंद्र नावकोठी से संबद्ध पंचायत भवन में शुक्रवार को स्वस्थ नारी, सशक्त अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्घाटन बीडीओ चिरंजीव पांडेय, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी, बीएचएम आनंद ईश्वर ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। श्री पाडेय ने कहा कि स्वस्थ नारी से ही सशक्त परिवार की परिकल्पना संभव है। डा चौधरी ने कहा कि यह अभियान महिलाओं, किशोरियों तथा कुपोषित बच्चों के लिए वरदान सिद्ध होगा। इसके तहत सपूर्ण जांच तथा उपचार की व्यवस्था की गई है। उन्होंने स्वास्थ्य उपकेंद्र पर आकर समुचित इलाज कराने की अपील की। इस अभियान के तहत 110 व्यक्तियों की जांच कर उपयुक्त दवा तथा परामर्श दिया गया। मौके पर सीएमओ रवि शंकर, विक्रांत, सूर्य भूषण, ए एन एम विश्व भारती, बीएमईए संदीप चंद्र, आशा शबनम, रानी, सावित्री, प्रतिमा, मालती, रौशन, शोभा आदि मौजूद थे।

### विद्यालयों में एचपीवी टीकाकरण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित राधा देवी गर्ल्स मिडिल स्कूल नावकोठी तथा अपग्रेडेड मिडिल स्कूल बगरस विशनपुर में एचपीवी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 193 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाया गया। बीसीएम उषा कुमारी ने बताया कि 9 वर्ष से 14 वर्ष आयुवर्ग की किशोरी को एचपीवी का दो टीका छह माह के अंतराल पर लेने से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर होने का खतरा टल जाता है तथा वह पूर्णरूप से सुरक्षित हो जाती है। इसमें 193 किशोरी को एचपीवी का फर्स्ट डोज का टीका लगाकर प्रतिरक्षित किया गया। मौके पर बीएमसी गोपाल शर्मा, एच एम विभाकर कुमार, एएनएम मंचन कुमारी, सोनी कुमारी, विश्व भारती, पंकज प्रसाद सिंह, बीएमईए संदीप चंद्र आदि मौजूद थे।

### थाना परिसर में जनता दरबार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को थाने में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें तीन भूमि विवाद का नया मामला सुनवाई के लिए दर्ज किया गया है तथा एक पुराने मामले का निष्पादन किया गया। दर्ज हुए मामले में समसा की ज्योति देवी व अरविंद कुमार ठाकुर के बीच रास्ते का विवाद, रजाकपुर के अरविंद पासवान व दिलिप पासवान तथा गौरीपुर के रामेश्वर तांती व प्रभात मोची के बीच रैयती जमीन विवाद का है। निष्पादित मामला छतौना के अमरेश कुमार तथा राजा रामेश्वर सिंह का है। इनके बीच विवाद भूमि सुधार उपसमाहर्ता के न्यायालय में है। इन्हें सक्षम न्यायालय में जाने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में कुल 12 मामले लंबित है। छतौना के रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, अब्बूपुर के दामोदर महतो व सोनी देवी, रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, चक्का के नारायण महतो व राजकुमार पोद्दार,शेखपुरा के सुखो ताती व मनोज पासवान, रजाकपुर के अमीर महतो व अमीन महतो, पहसारा के रमेश सहनी व राम उदय सहनी आदि मामले की सुनवाई कर अगली तारीख दी गयी। मौके पर ए एस आई युगल किशोर मंडल, राजस्व कर्मचारी पप्पू कुमार, अमरजीत कुमार तथा फरियादी आदि मौजूद थे।

## अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी सख्त नजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाली शारदीय नव रात्रि को लेकर शनिवार को थाना अध्यक्ष रवींद्र कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के भवानंदपुर, वीरपुर, जगदर, बभनगामा, सहुरी, पर्रा आदि गांवों में दुर्गा पूजा के आयोजन समिति, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित किया गया। जिसमें डीजे, आर्केस्ट्रा, भोजपुरी गाने, मनचले युवकों, नशेड़ी, अफवाह फैलाने वाले लोगों को लेकर सख्त निर्देश दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष रवींद्र कुमार ने कहा डीजे, फुहर गानों पर प्रतिबंध रहेगा, मनचले युवकों, अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिंहित कर कार्रवाई की जाएगी। पूजा पंडाल में सी सी टी वी कैमरा, महिला व पुरुष बल कि व्यवस्था किया जाएगा। बैठक में पूर्व जिला पार्षद सुल्तान बेगम, प्रखंड उप प्रमुख सुबोध पासवान, पंसस रीता चौरसिया, मुखिया दीपक कुमार, बीआईपी के जिला अध्यक्ष जय जय राम सहनी, सच्चिदानंद झा, मुखिया मोहम्मद मोक्तार, मुखिया दीपक कुमार, अजय झा, राम .पाल सिंह, मोहम्मद कुदुश, ओम प्रकाश सिन्हा, धर्मेंद्र सिंह, नवीन सिंह, पूर्व मुखिया सुखराम महतों, पुलिस पासवान, मनोज सिंह, सुरज साह, मोहम्मद अफरोज आलम समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## मूर्ति विसर्जन को लेकर रूट चार्ट का करें पालन

### शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शिवाजीनगर।** शिवाजी नगर प्रखंड के थाना परिषद भवन में आगामी दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिवाजी नगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार एवं अंचलाधिकारी बिना भारती ने संयुक्त रूप से की बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों से आए जनप्रतिनिधि, मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा और सहयोग बनाए रखने की अपील की। थानाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा हमारे क्षेत्र की आस्था और परंपरा से जुड़ा महापर्व है। इसे सौहार्द और शांति के साथ मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने समिति सदस्यों से आग्रह किया कि पूजा के दौरान बिजली, साफ-सफाई, जलापूर्ति, मूर्ति विसर्जन स्थल आदि की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधियों पर तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचना देने की अपील की गई। अंचलाधिकारी वीणा भारती ने कहा कि प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग निर्धारित समय तक ही किया जाए और मूर्ति विसर्जन के लिए निर्धारित मार्ग का ही पालन किया जाए। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी-अपनी राय दी और प्रशासन से साफ-सफाई, पेयजल, बिजली व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था को लेकर आवश्यक कदम उठाने की मांग की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की तैनाती भी की जाएगी। मौके पर थानाध्यक्ष रबिंद्र कुमार, अंचलाधिकारी वीणा भारती, मुखिया राम चंद्र सिंह, पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह, संतोष सिंह, बीरेंद्र कुमार बिरजू, नीरज चौधरी, डॉ रामा कांत सिंह, नटवर राय, बाबू प्रसाद सिंह, राजेश सिंह, राम पुकार मंडल, अपर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार, श्रवण पासवान, प्रदीप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## युवाओं को लेनी होगी जिले को स्वच्छ रखने की जिम्मेवारी : निदेशक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**आरा।** जिला गंगा समिति व जिला जल एवं स्वच्छता समिति भोजपुर के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता जागरूकता का आयोजन शनिवार को हुआ। जिसमें दौड़, स्वच्छता युवा संवाद और स्वच्छता श्रमदान किया गया। मुख्य अतिथि जिला ग्रामीण अभिकरण भोजपुर के निदेशक, प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा, जिला समन्वयक, जिला परियोजना अधिकारी भोजपुर ने हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से स्वच्छता जागरूकता दौड़ का शुभारंभ किया। जागरुकता दौड़ समाहरणालय परिसर से निकलकर पुरानी पुलिस लाइन, सिंडिकेट, चौक, मीरगंज होते हुए गांगी नदी के सूर्य मंदिर परिसर में समाप्त हुई। वहां पर युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेटकोर, गंगा दूतो एवं मेरा युवा भारत के युवाओं के बीच संवाद स्थापित किया गया। उसके बाद उपस्थित युवाओं ने सूर्य मंदिर परिसर और आसपास के जगह पर नगर निगम आरा के साथ मिलकर श्रमदान कार्यक्रम कर परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य किया। डीआरडीए डायरेक्टर ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है जिले के प्रत्येक युवाओं को इस स्वच्छता की सेवा स्वच्छ उत्सव में अपनी सहभागिता देनी होगी। तभी जाकर अपना जिला स्वच्छ एवं सुंदर बनेगा। आज जो यह जागरूकता दौड़ निकाली जा रही है उसका मात्र उद्देश्य यह है कि पूरे जिले के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना साथ ही साथ उनसे आग्रह करना कि वह अपने नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जिला प्रशासन को मदद करें।
प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा ने कहा स्वच्छता की सेवा के तहत इस बार के थीम स्वच्छ उत्सव का महत्व यही है कि हम स्वच्छता को उत्सव के रूप में ले और अपने आस पड़ोस गांव शहर की गंदगी को साफ करें। हम सभी व्यक्तियों का कर्तव्य बनता है कि अपने आसपास के इलाकों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखें। इस मौके पर जिला सलाहकार तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन भोजपुर जिला समन्वयक आईटीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग अधिकारी, एनसीसी के कमांडेंट समेत अन्य थे। नेतृत्व व संचालन अमित कुमार सिंह जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति भोजपुर एवं धन्यवाद ज्ञापन रंजय बैठा जिला समन्वयक जिला जल एवं स्वच्छता समिति भोजपुर के द्वारा किया गया।

## विदेशी शराब पकड़ाई, एक गिरफ्तार

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग को बड़ी उपलब्धि मिली है। दशहरा के पूर्व होने वाली शराब की डिलेवरी पर तस्करों के मंसुबे पर पानी फिर गया। विभाग ने बिहियां चौरास्ता फोरलेन के समीप से 10 लाख मूल्य के 180 एमएल के 3792 पीस (बोतल) विदेशी शराब टाटा पिकअप से बरामद किया है। वही एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर राकेश कुमार गुप्ता (चालक) है। वह वाराणसी शहर के कैंट थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी कमलेश कुमार गुप्ता का पुत्र है। वाहन से शराब को उत्तर प्रदेश से भोजपुर लाया जा रहा था। उसी दौरान पकड़ा गया।

## दिव्यांगों के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** राज्य के दिव्यांग खिलाड़ियों को मुख्यधारा से जोड़ने एवं उनके खेल कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्टेट वाइड पारा स्पोर्ट्स चौम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं बिहार पेरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 15 सितम्बर से 24 सितम्बर तक खेल का आयोजन किया जाएगा। 22 सितम्बर को जिले में पारा बैडमिंटन एवं पारा एथेलेटिक्स की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं होगी। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नेहा कुमारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पारा बैडमिंटन सिंगल्स (पुरुष एवं महिला), यु-18 एवं सीनियर वर्ग तथा पारा एथेलेटिक्स 100 मीटर, 800 मीटर, शट पुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो -18 एवं सीनियर वर्ग का खेला जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के गांधी स्टेडियम एवं श्रीकृष्ण सिंह इंडोर स्टेडियम सर्किट हाउस के समीप में खेल का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले से 235 दिव्यांग खिलाड़ियों इव खगड़िया जिले से 35। दिव्यांग खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों एवं खेल विधाओं में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर खेल की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। यह प्रतियोगिता दिव्यांग खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण मंच बनेगी। खिलाड़ियों को अपनी क्षमता और खेल कौशल को निखारने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता से दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास एवं सामाजिक सहभागिता में वृद्धि होगी।

## वीरपुर में जीविका की वार्षिक आम सभा आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड के जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा का आयोजन वीरपुर के सभागार भवन में शनिवार को किया गया। आम सभा का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष अनुराधा कुमारी शर्मा, सचिव वंदना देवी, कोषाध्यक्ष रिंकू देवी, प्रबंधक बृजेंद्र कुमार, राजीव कुमार, बीपीएम शैलेश रंजन, क्षेत्रीय समन्वयक सूर्येश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आम सभा की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष अनुराधा कुमारी शर्मा ने की। मौके पर दीदियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए जीविका से जुड़ाव के बाद आये सकारात्मक परिवर्तनों को रेखांकित किया। आम सभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के वार्षिक प्रतिवेदन एवं आगामी वर्ष 2025-26 के कार्यों की चर्चा की गयी एवं उसका अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही वार्षिक अंकेक्षण को प्रस्तुत कर उसका अनुमोदन एवं अनुपालन पर चर्चा की गयी। साथ ही स्वच्छता एवं समुचित साफ-सफाई पर सभी दीदीयों को शपथ दिलवाई गई। आम सभा में प्रबंधक बृजेंद्र कुमार ने जीविका द्वारा आजीविका संवर्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं बीपीएम शैलेश कुमार ने वीरपुर में जीविका की गतिविधि पर प्रकाश डाला। मौके पर श्रेष्ठ कैडरों, समूहों एवं ग्राम संगठनों को सम्मानित किया गया।


## दो दिन बाद नवरात्र शुरू, सड़कों पर जल जमाव व गंदगी का अंबार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** नवरात्र शुरू होने में महज दो दिन बचे है। 22 सिंतबर को कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू हो जाएगा। शनिवार की हुई झमाझम बारिश से फिर सडकों पर जल जमाव से झील बन गया। बारिश से नगर परिषद व छावनी परिषद के विभिन्न इलाकों में सडकों पर जल जमाव से झील बन गया है।सडकों पर जल जमाव के कारण पूरा नगर नरक बना रहा। बारिश के कारण नगर के कई वार्डों के मोहल्लों के अलावे मुख्य सडकों पर जलजमाव का नजारा दिखा है जिससे आरपीएस रोड, जजेज कॉलोनी, मानसरोवर नगर रोड 1 से 10, पाशुपति विहार कॉलोनी, शांति नगर, प्रियदर्शी नगर व कालीकेत नगर, बीबीगंज, चित्रकूट नगर, पंचशील नगर, गोसाई टोला रोड, झखडी महादेव रोड, खरजां रोड, बाला जी नगर , उर्जा नगर, अर्पणा बैंक कॉलोनी, पूर्वी गोला रोड, जानकी सिटी, कालीकेत नगर, विजय बिहार कॉलोनी, भट्ठा रोड, बाजार समिति समेत आदि कॉलोनियों व मोहल्लों के सडकों पर जल जमाव का दृश्य बना हुआ है। बीएस कॉलेज, राजकीत धनेश्वरी देवनंदन कन्या इंटर स्कूल और गोसाई टोला प्राथमिक स्कूल परिसर में जल जमाव हो गया है। जिससे बीपीएससी के परीक्षार्थियों घुटने भर पानी में लांघ कर परीक्षा देने जा रहे थे। यही हाल छावनी क्षेत्र के लाल कोठी, मार्शल बाजार, अस्पताल रोड, पीपा पुल मार्ग, आनंद बाजार समेत आदि इलाकों में जल जमाव व कीचड से लोगों को परेशानी झेलना पड रहा है। बारिश के कारण जर्जर सडक और जगह-जगह पर गड्ढे से खतरनाक स्थिति बन गया है। पंचशील नगर समेत कई जगहों पर वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। पूजा और मेजला के दौरान श्रद्धालुओ की भीड उमडेगी पर परिषद प्रशासन की तैयारी नही दिख रही है। लगातार हो रही बारिश से आयोजन समिति के समक्ष काफी परेशानी उत्पन्न हो गया है। नगर परिषद द्वारा साफ-सफाई का काम तो प्रारंभ कर दिया है, परंतु पूर्ण सफाई होने में काफी समय लगेगा।

## बाल विवाह पीड़िताओं की आवाज को मिला राष्ट्रीय मंच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**आरा।** राष्ट्रीय वेबिनार एवं कार्यशाला में बाल विवाह से गुज़र चुकी 10 साहसी बेटियों ने अपनी आपबीती साझा की। कार्यक्रम दिशा एक प्रयास कार्यालय आरा में हुआ। जिसका उद्देश्य बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर रोक लगाना और बालिकाओं की शिक्षा, अधिकार व भविष्य को सुरक्षित करना रहा। 'दिशा एक प्रयास' संस्था ने इस महत्वपूर्ण मंच पर सक्रिय भागीदारी की और पांच बालिकाओं को प्रस्तुत किया, जिन्होंने साहसपूर्वक अपनी कहानियां साझा कीं। इन बालिकाओं में सुमन कुमारी, प्रीति कुमारी, नेहा कुमारी, आरती कुमारी व कविता कुमारी ने समाज के सामने न केवल अपनी पीड़ा रखी, बल्कि यह भी बताया कि किस तरह उन्होंने इस कठिन परिस्थिति से बाहर निकलने का संघर्ष किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों, समाजसेवियों और सरकारी प्रतिनिधियों ने भी विचार साझा किए। उन्होंने यह संदेश दिया कि जब तक समाज की मानसिकता में बदलाव नहीं आता और शिक्षा एवं जागरूकता की लौ हर घर तक नहीं पहुंचती, तब तक बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से मिटाना मुश्किल है। दिशा एक प्रयास ने यह संकल्प लिया कि संस्था आने वाले समय में अधिक से अधिक समुदायों तक पहुंचेगी और बेटियों को उनका अधिकार दिलाने के लिए काम करेगी। यह कार्यशाला न सिर्फ पीड़िताओं की आवाज़ को मंच देने का अवसर थी, बल्कि समाज को जागरूक करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य गढ़ने की दिशा में भी एक ठोस पहल साबित हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री की संभावित यात्रा को लेकर तैयारी आरंभ

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पश्चिम चंपारण का दौरा को लेकर जिला प्रशासन हर स्तर पर तैयारी में जुट गया है। एक साथ वाल्मीकिनगर एवं बेतिया में उनके कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग तैयारी की जा रही है। उनका आगमन 23 सितंबर को संभावित है। वाल्मीकिनगर में दो चरणों में कार्यक्रम संभावित है,इसमें पहला प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं का शिलान्यास। दूसरा लक्षित समूहों से सीधा करना। जिन योजनाओं का शिलान्यास किया जाना है, उनमें बेतिया में स्टेडियम का पुनर्निर्माण, मधुबनी प्रखंड के मधुबनी में डिग्री कॉलज, दोन शाखा नहर के शून्य किलोमीटर से 93.75 किलोमीटर सेवा पथ का पुनस्थापना, मझौलिया प्रखंड अन्तर्गत सेनुअररिया में 132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र के संबंध में संचरण लाइन के निर्माण, बेतिया नगर के पथरीघाट से बरवत सेना तक सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण एवं बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के अन्तर्गत वाल्मीकिनगर में ईको टूरिज्म पार्क का निर्माण कार्य का शिलान्यास शामिल है। इसमें बेतिया के बरवत सेना से पथरीघाट के सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

### स्वछता ही सेवा अभियान में पत्र लेखन प्रतियोगिता

**आधे दर्जन स्कूलों के दर्जनों प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत एक पत्र अविभावक के नाम के रूप में पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन नगर निगम के सभागार में किया गया। जिसमें नगर के शांति कन्या मध्य विद्यालय, मध्य विद्यालय सिंघाछापर, विपिन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आमना उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राज इंटर कॉलेज आदि स्कूलों के प्रतिनिधि विद्यार्थियों ने भाग लिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि आमंत्रित विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 में पढ़ने वाले प्रतिनिधि छात्र छात्राओं के बीच पहली पाली में और कक्षा 9 से 12 वीं के विद्यार्थियों की दूसरी पाली में प्रतियोगिता आयोजित की गई। महापौर श्रीमति सिकारिया ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को 02 अक्टूबर के दिन नगर निगम के सभागार में पुरस्कृत किया जाएगा।

### सांसद खेल महोत्सव का आयोजन



**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हाई स्कूल के खेल मैदान में शनिवार को सांसद खेल महोत्सव कराया गया। मुख्य अतिथि प्रदीप दुबे, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता समृद्ध वर्मा और शिवेंद्र शिबू ने मिलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।फुटबॉल और कबड्डी खेल आदि का आयोजन किया गया है। इस खेल में कई विधालय के छात्र भाग लिए। मौके पर युवा नेता समृद्ध वर्मा ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहे कि खेल केवल मैदान की सीमाओं तक सीमित नही, यह जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार करने का माध्यम है। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नीरज कुमार भाजपा के जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र पटेल, शिक्षक अशोक कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन शनिवार को थाना परिसर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने की। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों पूजा समिति के सदस्यों एवं गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष ने कहा कि दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। जितने भी पूजा समिति के अध्यक्ष हैं उन्हें हर हाल में लाइसेंस लेना होगा। पहले से जो निर्धारित रूट चार्ट है उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा। डोली यात्रा में या पूजा पंडाल में डीजे बजाने पर सख्त मनाही रहेगी। मूर्ति का विसर्जन 3 दिसंबर 2025 को निश्चित रूप से कर दें। बैठक में थाना अध्यक्ष के साथ जमादार रघुनंदन मेहता शैलेंद्र सिंह प्रभारी मुंशी मनोज यादव वायरलेस ऑपरेटर विपिन कुमार सभी महल चौकीदार जनप्रतिनिधियों में जिला पार्षद कलीम गफ्फार मुखिया नवीन कुमार प्रभात बैठा के साथ वीरेंद्र उपाध्याय राकेश मिश्रा शौकत अली कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महासचिव अबूबकर इकरामूल हक भाजपा नेत्री सलमा खातून उमेश राव शेख मिस्टर अजय कुशवाहा शशि भूषण मिश्रा मोजाहिद बेग के साथ दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### राज्यव्यापी दिव्यांगजन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में जिला दिव्यांगजन कोषांग, पूर्वी चंपारण मोतिहारी के सौजन्य से दिव्यांगजनों के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पूर्वी चंपारण एवं पश्चिमी चंपारण के दिव्यांगजन भाग लिए। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया गया जिसमें जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, नगर आयुक्त सौरव सुमन यादव,स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश एवं सुश्री मंगला, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा अक्षय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरी, उद्योग महाप्रबंधक शुभम कुमार सहित अन्य पदाधिकारी स्वीप कोषांग के सभी कर्मिगण एवं बड़ी संख्या में जन समुदाय ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर 'मेरा वोट मेरा अधिकार' तथा 'मतदान जरूर करेंगे हम' से संबंधित गगनचुंबी नारे भी लगाए गए ।

### भाजपा के हर घर अभियान में कार्यकर्ता सक्रिय

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नरकटीया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हर घर सम्पर्क अभियान के तहत लोगों को जागरूक करते हुए भाजपा की उपलब्धियों को पर्चा बांट कर किया, प्रभारी सुरेन्द्र तिवारी मंडल



अध्यक्ष हरे राम पाण्डेय के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में नरकटीया बुथ संख्या 89,90 के प्रत्येक घरों को सम्पर्क कर मोदी जी के नाम पर वोट देने की अपील की गई, सुरेन्द्र तिवारी ने बताया कि आगामी चुनाव को देखते हुए हम सभी भाजपा के सिपाही क्षेत्र में घुमकर प्रचार कर रहे हैं ताकी किसी भी हालत में एनडीए की जीत सुनिश्चित हो, इसके लिए हमलोग तन मन धन से सहयोग करेंगे।

### वार्ड 36 में पीएचईडी करेगा पेयजल आपूर्ति कार्य

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के 36 वार्ड में अब हर घर तक नल का जल पहुंचेगा । मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति की जिम्मेदारी लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) को सौंपी गई है। इसके लिए विभाग ने चयनित भूमि का एनओसी सीओ से मांगा है। सहायक अभियंता ने भेजा पत्र लोक स्वास्थ्य अवर प्रमंडल कल्याणपुर के सहायक अभियंता ने सीओ को पत्र भेजकर निर्माण कार्य हेतु एनओसी की मांग की है। योजना के तहत जिन वार्डों में अब तक नल जल की व्यवस्था नहीं हुई थी, वहां कार्य किया जाएगा। निर्माण कार्य पोखरा के 5, मच्छरगावा के 4, कोटवा के 4, कररिया के 1, जसौली पट्टी के 2, जसौली के 4, जगिरहा के 2, गोपीछपरा के 2, डुमरा के 4, भोपतपुर दक्षिणी के 1, भोपतपुर उत्तरी के 1, बथना के 1, बड़हरवा पूर्वी के 2, अहिरौलिया के 1 और महारानी भोपत पंचायत के 2 वार्ड में कराया जाएगा। सीओ मोनिका आनंद ने बताया कि एनओसी के लिए पत्र प्राप्त हुआ है। इसको लेकर राजस्व कर्मचारियों और अमीन को स्थल निरीक्षण का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट मिलते ही विभाग को सूचित किया जाएगा।

### ई किसान भवन में सांप निकलने से मची अफरा तफरी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड परिसर स्थित ई किसान भवन के सभागार में शनिवार को कृषि कर्मियो की बैठक के दौरान अचानक एक विषैला सांप निकलने से अफरा तफरी मच गई। हालांकि गनीमत रही कि सांप ने किसी को कोई नुकसान नही पहुचाया। मिली जानकारी के अनुसार ई किसान भवन के सभागार में प्रखंड कृषि पदाधिकारी रोहित गौतम, नोडल सह कृषि समन्वयक श्रीकांत ठाकुर कृषि कमीर्यो के साथ कृषि कार्यो के प्रगति की जानकारी लेने के उद्देश्य से बैठक कर रहे थे। तभी सभागार के एक जर्जर कोने से विषैला सांप (गेहुवन) निकला, और बीएओ के तरफ बढ़ने लगा इसी दौरान सांप पर बैठक में बैठे कृषि कर्मियों की नजर पड़ गई। सांप पर नजर पड़ते ही सभागार में अफरा तफरी मच गई।हालांकि सभी कृषि कर्मि सुरक्षित बाहर निकल गए है।

# निष्पक्ष पारदर्शी चुनाव के लिए सभी कोषांग गंभीरता से करें कार्य: डीएम

## डीएम ने की विधानसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा, दिए निर्देश



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा चुनाव-2025 की तैयारियों को लेकर शनिवार को जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने सभी कोषांगों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में चुनावी कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। सबसे पहले कार्मिक कोषांग की समीक्षा हुई। इसमें अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मतदान कर्मियों का सत्यापन और प्रशिक्षण जल्द से जल्द पूरा किया जाए। परिवहन कोषांग को पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था करने और रूट चार्ट तय करने का आदेश मिला। ईवीएम/वीवी पैट कोषांग को प्रशिक्षण के लिए अतिरिक्त मशीनें उपलब्ध कराने की बात कही गई।आदर्श आचार संहिता और विधि-व्यवस्था से जुड़े कोषांग को संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों पर खास निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। मीडिया और स्वीप कोषांग को मतदाताओं को जागरूक करने के अभियान को और प्रभावी बनाने को कहा गया। व्यय लेखा कोषांग को उम्मीदवारों के खर्च पर पैनी नजर रखने तथा आईटी एवं वेबकास्टिंग कोषांग को तकनीकी व्यवस्था दुरुस्त रखने का आदेश मिला। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है। इसे निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आचार संहिता उल्लंघन या किसी भी गड़बड़ी पर त्वरित और कड़ी कार्रवाई होगी। अवैध शराब, धनबल या अन्य तरीकों से चुनाव प्रभावित करने की कोशिशों पर भी सख्ती बरती जाएगी। साथ ही मतदाताओं की सुविधाओं से जुड़े सारे इंतजाम समय पर पूरे करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, कुमार रविन्द्र, अनिल कुमार सिन्हा, उप निर्वाचन पदाधिकारी लालबहादुर राय सहित सभी कोषांगों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शिविर का आयोजन




**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामगढ़वा प्रखण्ड के पिपरपाती पंचायत अंतर्गत लहउ पिपरपाती में शनिवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शिविर का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नितेश ध्वज सिंह की अध्यक्षता में किया गया उन्होंने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत यह कैम्प लगाया गया है जहाँ फ्री स्वास्थ्य जाँच किया गया जिसमें अल्ट्रा पोर्टेबल ऐक्स रे यूनिट मशीन से यक्ष्मा रोगी की पहचान की गई एवं वहीं कैम्प में चिन्हित 13 मरीजों का बलगम एकत्रित किया गया एवं जाँच के लिए भेजा गया जहाँ टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर टीबी का दवा वितरण कर इलाज शुरू की जाएगी साथ ही कैंप में बीपी जाँच,ब्लड शुगर, एचआईवी, हीमोग्लोबिन, हाइट,वजन का परीक्षण की गई एवं आवश्यक सभी दवा का वितरण किया गया कैम्प में कुल 112 महिला एवं पुरुष का चेस्ट का एक्स रे कर टीबी का स्क्रीनिंग किया गया। इस दौरान एएनएम आरती कुमारी,रचना कुमारी,वरीय उपचार पर्यवेक्षक पप्पू कुमार राय, एसटीएलएस मनोज राम,वर्ल्ड विजन के सामुदायिक समन्वयक मिथलेश कुमार, समेत अन्य ग्रामीण महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

# मोतिहारी को भव्य और दिव्य बनाना है : राधा मोहन सिंह





**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत सरकार के उद्यम पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत मुंशी सिंह महाविद्यालय में 2.78 करोड़ की लागत से नवनिर्मित पावरग्रिड पुस्तकालय वाचनालय, कॉमन रूम, सड़क एवं ड्रेनेज का लोकार्पण सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने किया। उक्त अवसर पर सांसद श्री सिंह ने आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं इस महाविद्यालय का छात्र रहा हूँ और इस कॉलेज का मुझ पर ऋण है। इस कॉलेज में जरूरी विकास कार्य अपना दायित्व समझता हूँ। एमएस कॉलेज गुमटी पर लाइट आरओबी का निर्माण जल्द शुरू होने वाला है। कॉलेज में 25.55 करोड़ की लागत से आधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण भी जल्द ही शुरू होगा, इसके लिए राशि आवंटित कर दी गई है। इसके अतिरिक्त जो भी जरूरी कार्य मेरे संज्ञान में लाया जायेगा, वह किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि यह शिक्षा का मंदिर है। इसका वातावरण शैक्षिक होने के साथ ऐसा हो कि मन शुद्ध हो जाय। पीपराकोठी से सैकड़ों लोगों को कृषि आधारित रोजगार मिले हैं और मदर डेयरी की स्थापना से पशुपालक किसान खुशहाल हुए हैं। सेमरा में इण्डियन ऑइल का डिपो और हरसिद्धि में गैस बॉटलिंग प्लान्ट की स्थापना मतिहारी के विकास गाथा का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। श्री सिंह ने मोतिहारी प्रक्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का विस्तृत विवरण रखते हुए कहा कि अपने मोतिहारी को भव्य और दिव्य बनाना है।

### आत्मविश्वास से कठिन राह होती है आसान : सत्यम वत्स

**चकिया (पूर्वी चम्पारण) संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र के मनीछपरा पंचायत के पलटूबेलवा गांव में धीरज साइबर कैफे का उद्घाटन समाजसेवी सत्यम वत्स द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर श्री वत्स ने कहा कि आत्मविश्वास की मजबूती से कठिन रह भी आसान हो जाते है। युवा छात्र धीरज जो पाँच वर्ष पूर्व छत से गिरने की वजह से दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, उस घटना में उसके मेरुदंड की क्षति हुई थी। समाजसेवी सत्यम वत्स ने अपने अथक प्रयास से धीरज का विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाया। जिसके बाद विकलांगता पेंशन संचालित हुआ और बाद में जिला प्रशासन के सहयोग से युवा धीरज के आर्थिक व्यवस्था को सामान्य करने हेतू ट्राईसाइकिल मुहैया कराया गया। जिससे घूम घूम कर धीरज ने ग्रामीण विद्यार्थियों को ट्यूशन पढ़ाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया। जिससे धीरज की आर्थिक स्थिति सुधरने लगी। श्री वत्स द्वारा धीरज के मनोबल को बढ़ाने को लेकर हमेशा प्रोत्साहित किया। वर्ष 2023-24 में बिहार सरकार के उद्यमी योजना अंतर्गत श्री वत्स ने छात्र धीरज को स्व रोजगार के क्षेत्र में पूर्ण रुपेण स्थापित करने के ख्याल से अपने मार्गदर्शन में आईटी एंड डाटा प्रोसेसिंग व्यवसाय हेतू ऑनलाइन आवेदन कराया। जिससे उद्योग विभाग द्वारा उद्यमी के रूप में धीरज का चयन हुआ और व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिए दो लाख रुपये आवंटित हुआ।

# 26 सितंबर को प्रियंका गांधी के मोतिहारी आगमन की तैयारी को ले बैठक




**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 26 सितम्बर को प्रियंका गांधी की ऐतिहासिक आगमन महात्मा गांधी की कर्मभूमि चम्पारण की धरती गांधी मैदान में होगी। आगमन की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इंजीनियर शशि भूषण राय उर्फ गप्पू राय ने किया। संबोधित करते हुए श्री राय ने कहा कि महात्मा गांधी जी की कर्मभूमि और सत्याग्रह की पावन धरती चम्पारण पर आगामी 26 सितम्बर 2025 को दोपहर 1 बजे जुझारू एवं लोकप्रिय नेता सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी का आगमन होने जा रहा है। यह अवसर न केवल जिला कांग्रेस कमिटी, बल्कि पूरे बिहार कांग्रेस परिवार के लिए गौरव का क्षण होगा। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी का यह आगमन चम्पारण की जनता के लिए ऐतिहासिक अवसर है। गांधी मैदान में होने वाला यह जनसभा न केवल कांग्रेस कार्यकताओं के उत्साह को ऊर्जा देगा, बल्कि बिहार की राजनीति को नई दिशा भी प्रदान करेगा। चम्पारण सत्याग्रह की इस पावन धरती से प्रियंका जी जनता को संघर्ष और सेवा का नया संदेश देंगी। बैठक में कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया। प्रखंड स्तर से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने, अधिक से अधिक जनसमूह को गांधी मैदान तक पहुँचाने, प्रचार-प्रसार को तेज करने और व्यवस्थागत तैयारियों को अंतिम रूप देने पर जोर दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाकर जनता को आमंत्रित किया जाएगा। वाहनों की व्यवस्था कर ग्रामीण इलाकों से लोगों को गांधी मैदान तक पहुँचाया जाएगा। सोशल मीडिया और प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर अनुशासन, सुरक्षा और स्वागत की सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँगी। बैठक में जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर के सभी पदाधिकारी,वरिष्ठ नेता,महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल तथा अग्रणी संगठन के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे । कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। जिलाअध्यक्ष ने जिले की सम्मानित जनता से अपील की है कि वे 26 सितम्बर को गांधी मैदान, मोतिहारी में उपस्थित होकर प्रियंका गांधी जी के संबोधन को ऐतिहासिक बनाएँ और एकजुटता का संदेश दें।

# अमोद हत्याकांड का पुलिस ने किया सफल उद्भेदन, पत्नी ही निकली पति की हत्यारिन

## सुनसान सरेह पाकर प्रेमी और शूटर ने गोली मारकर कर दी अमोद की हत्या



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने शनिवार को एक कलयुगी पत्नी द्वारा अपने प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या कर देने के सनसनीखेज मामले का सफल उद्भेदन किया है। पुलिस ने इस हत्याकांड में कड़ी दर कड़ी जोड़ते हुए हत्यारों तक पहुंचने में सफल रही। जिसके बाद मृतक की पत्नी, प्रेमी व शूटर को गिरफ्तार किया गया। सिकरहना डीएसपी उदयशंकर ने प्रेस वार्ता आयोजित कर चर्चित अमोद कुमार हत्याकांड से पर्दा हटाते हुए बताया कि विगत 16 सितम्बर को चिरैया थाना क्षेत्र के डीह महुआही और खोड़ा गांव के बीच सरेह में बाइक सवार अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक की पहचान चिरैया थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव निवासी राम अदया प्रसाद यादव के पुत्र अमोद कुमार (30) के रूप में हुई थी। घटना के समय वह खोड़ा गांव स्थित अपनी बहन के घर से मोतिहारी लौट रहा था। इसी क्रम में घटना को अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने एक एसआईटी का गठन किया था। जांच के क्रम में यह बात सामने आई कि मृतक अमोद कुमार की पत्नी सुरभिता कुमारी उर्फ सोनी कुमारी का किसी लड़के के साथ अवैध संबंध है। जिसको लेकर घटना को अंजाम दिया गया। अनुसंधान एवं तकनीकी साक्ष्य से इस कांड में मृतक की पत्नी का सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया थाना क्षेत्र के मासहा नरोतम गांव निवासी दिनेश यादव के पुत्र विकास कुमार (22 वर्ष) के साथ पूर्व से अवैध संबंध होने का प्रमाण मिला। जिसके बाद पुलिस ने विकास कुमार को छतौनी थाना अंतर्गत बंगाली कॉलोनी स्थित एक किराये के मकान से पूछताछ के लिए थाना पर लाया गया। इस क्रम में उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि मेरा और मृतक की पत्नी सुरभिता के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसको लेकर मृतक एवं उसकी पत्नी के बीच अक्सर लड़ाई झगड़ा होता था। इस बात को लेकर मृतक अमोद ने प्रेमी विकास को जान से मारने की धमकी भी दिया था। जिसके बाद प्रेमी विकास ने अपने मित्र गौतम कुमार को बत्तीस हजार रुपए में प्रेमिका के पति अमोद कुमार को जान से मारने की सुपारी दी। उसमें से तीस हजार रुपए प्रेमिका ने प्रेमी विकास के बैंक खाते में डाले थे। उसके दोस्त गौतम कुमार के कहने पर सीतामढ़ी जिले के मेजरगंज थाना क्षेत्र के कुवारी मदन गांव निवासी सुनिल पटेल का पुत्र शूटर रंजन कुमार उर्फ गोलु पटेल (20 वर्ष) पिस्टल एवं गोली के साथ मोतिहारी आया एवं प्रेमी विकास कुमार के साथ उजले रंग के अपाची मोटरसाईकिल पर सवार होकर अमोद कुमार का पीछा करते हुए खोढ़ा सकरी पहुंचा। इस बीच मृतक अमोद की पत्नी द्वारा मृतक का लोकेशन विकास कुमार को शेयर किया जा रहा था।

### तीन दिनों से नहीं मिल रहा ई स्टाम्प

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित ई-स्टाम्प पोर्टल में तकनीकी अपडेट की वजह से ई स्टाम्प काउंटर पर पिछले तीन दिनों से ई-टिकट स्टाम्प की बिक्री पूरी तरह से ठप है। स्टाम्प टिकट नहीं मिलने से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही टिकट नही मिलने से जन्म प्रमाण पत्र, वंशावली, कोर्ट परिवाद और राजस्व संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण कार्य भी प्रभावित हो गए हैं।

विधिज्ञ संघ के सचिव लक्ष्मण प्रसाद समेत अन्य अधिवक्ताओं ने बताया कि ई टिकट नहीं मिलने से कोर्ट फी, शपथ पत्र से संबंधित कार्य समेत अन्य कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहा है। जानकारी के अनुसार, ई-स्टाम्प पोर्टल का सिस्टम नया अपडेट किया जा रहा है। यहीं वजह है कि पिछले तीन दिनों से न केवल अनुमंडल में बल्कि निबंधन कार्यालय में भी ई टिकट की बिक्री बंद है। इधर रजिस्ट्रार राम कृष्ण कुमार ने बताया कि पहले से ओ ग्रास सिस्टम से ई टिकट कट रहा था। जिसे बदलकर नए सिस्टम आरएमएस के तहत अब ई टिकट कटेगा। संभव है कि सोमवार से सभी जगहों पर नए सिस्टम से ई टिकट कटने लगेगा।

# महापौर ने नवनिर्मित शौचालय का किया उद्घाटन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत हिन्दी बाजार में नगर निगम द्वारा नव-निर्मित सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन नगर निगम की महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी जी के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर माननीय नगर पार्षद आतिश आनंद, निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने एवं आम नागरिकों को स्वच्छ व बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बलुआ चौक, टाऊन थाना के समीप एवं पानी टंकी परिसर में शौचालय का निर्माण कार्य करा कर निगम के द्वारा संचालित किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि शहर के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पिंक शौचालय का निर्माण भी सुनिश्चित किया जाएगा।इसके अतिरिक्त, निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में करीब 32 सामुदायिक शौचालय एवं सार्वजनिक शौचालय के निर्माण हेतु निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है और शीघ्र ही इनका निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। 4 अन्य महिलाओं के लिए पिंक शौचालय का निर्माण विभागीय रूप से किया जायेगा। इन शौचालयों के निर्माण से शहर वासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध होगा तथा खुले में शौच की समस्या का समाधान भी हो सकेगा।महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी ने कहा कि स्वच्छता मिशन को सफल बनाने में नागरिकों की भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि नगर निगम द्वारा निर्मित सुविधाओं का उपयोग जिम्मेदारी के साथ करें और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में सहयोग दें। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने भी नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे अन्य स्वच्छता एवं विकास कार्यों की जानकारी दी तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।


# जीविका समूह से जुड़ने के लिए ग्राम संगठन ने ग्राम शिविर का किया आयोजन

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जीविका समूह से जुड़ने के लिए प्रखंड के सभी गांवों के सभी वार्डों में 20 - 22 सितंबर तक प्रपत्र दो के माध्यम से आवेदन लेने का कार्य शुरू हो चुका है। इसमें चिरैया प्रखंड अन्तर्गत सभी शेष परिवारों को समूह से जुड़ने हेतु शिविर के माध्यम से आवेदन लिया जाएगा। इस बात की जानकारी जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक (बीपीएम) रामबाबू कुमार ने देते हुए कहा कि 20 सितंबर शनिवार से यह कार्य शुरू हो चुका है जो सोमवार तक चलेगा। उन्होंने कहा कि जीविका समूह से जुड़ने के लिए सभी वार्डों में निर्धारित स्थल पर ग्राम संगठन द्वारा ग्राम शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से जीविका समूह में जुड़ने का कार्य किया जाएगा। यह कार्य केवल जीविका के ग्राम संगठन के माध्यम से ही होना है, अन्य सभी माध्यम से जुड़ाव अवैध है। समूह से जुड़ाव पूर्ण रूप से निःशुल्क है, यदि किन्हीं के द्वारा पैसे कि मांग की जाती तो ग्राम संगठन, संकुल स्तरीय संघ, जीविका प्रखण्ड कार्यालय, प्रखण्ड कार्यालय में शिकायत करेंगे। उन्होंने बताया कि जिन योग्य महिला सदस्यों को समूह से जुड़ाव होना है, वे स्व हस्ताक्षरित आधार एवं बैंक पासबुक की प्रति के साथ स्वयं उपस्थित होंगी एवं शिविर में ही ग्राम संगठन से प्रपत्र - 2 भरकर समर्पित करेंगी।

### कंटेनर और ट्रक की टक्कर, चालक की मौत

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के बेलवा माधो स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर शनिवार को कंटेनर और ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई । हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय इस्ताकार अहमद, निवासी मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों में दहशत घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। वहीं, टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । पुलिस जांच में जुटी घटना की जानकारी मिलते ही कोटवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

# प्रज्ञा प्रवाह द्वारा 'हिंदुत्व' विषय पर व्याख्यान का आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चेतना प्रज्ञा प्रवाह के मासिक व्याख्यान आयोजन समिति द्वारा द्वितीय मासिक व्याख्यान आयोजित की गई। 'हिंदुत्व' विषयक इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के तौर पर चेतना के प्रांत संयोजक विजय साही जी मौजूद रहें। इसके अलावा कार्यक्रम में डॉ. नागमणि सिंह (विषय प्रवेशक), डॉ. राजेश श्रीवास्तव (मुख्य अतिथि), श्यामसुंदर जी(अध्यक्ष), शिवम जी(उपाध्यक्ष) समेत मोतिहारी जिला के कई अन्य बुद्धिजीवी शामिल हुए। कार्यक्रम में विषय प्रवेश कराते हुए डॉ. नागमणि ने हिंदुत्व एवं हिंदुइज्म का अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि हिंदुइज्म हिंदुत्व को गलत रूप में प्रस्तुत करने का माध्यम है। वहीं विजय साही ने अपने वक्तव्य के दौरान हिंदुत्व के सही स्वरूप को समझाने के लिए सामाजिक जीवन से जुड़े कई व्यावहारिक उदाहरण दिया। विजय साही ने कहा कि हिंदुओं का इतिहास लाखों वर्ष पुराना है मगर कई लोगों ने बिना इस तथ्य को समझे भारतीय ज्ञान की गलत व्याख्या प्रस्तुत की है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश जी ने व्याख्यान समिति के सभी सदस्यों को प्रोत्साहित किया एवं ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर चलते रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों का परिचय एवं रामचरितमानस भेंट कर के किए गया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के संयोजक संजय कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन मनीष त्रिगुणायत ने किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता के वक्तव्य के बाद श्रोताओं ने कई तीखे सवाल पूछे जिसका सटीक उत्तर देकर हिंदुत्व के प्रति फैली कई सामाजिक अवधारणाओं को स्पष्ट किया गया।


**शपथ पत्र**

मैं, अंकुर कुमार, पिता स्व. प्रमोद कुमार निवास बी -26 पत्रकार नगर, कंकड़बाग पटना 20, बिहार शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे दादा स्व. दारोगा सिंह के नाम से सेल डीड बिक्रय पत्र वसीका संख्या 3017 बुक न.1 पेज न. 319 से 324 जिल्द न. 37 निबंधित तिथि 14.04.1967 है, दिनांक 10.09.2025 को सुबह 11 बजे हनुमान नगर से बस से घर जाने के क्रम में बस में ही छूट गया। उपरोक्त दस्तावेज के साथ अन्य कागजात भी थे जो सब खो गए जो काफी खोजबीन के बाद भी प्राप्त नहीं हुआ। इस शपथपत्र के माध्यम से उपरोक्त वर्णित दस्तावेजों के खो जाने की सूचना दे रहा हूं।

# समय सीमा के अंदर अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश

**तकनीकी विभागों की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए सख्त निर्देश, गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने पर जोर**




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को तकनीकी विभागों एवं विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति को लेकर एक विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में एससीए, एडीपी, डीओसी, सीएसआर और डीएमएफटी समेत कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान पंचायत सरकार भवन निर्माण योजना पर विशेष चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने भवन निर्माण विभाग एवं स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन (एलएइओ) के कार्यपालक अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता वाली इस योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रमों की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। डीएम ने अधूरे पड़े कार्यों को चिन्हित कर शीघ्रता से पूरा करने का आदेश दिया। विशेष केंद्रीय सहायता योजना और डीएमएफटी योजनान्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोषजनक परिणाम न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि समय पर कार्य पूरे नहीं हुए तो कार्रवाई तय है। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत चापाकलों की स्थापना जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। दाउदनगर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई। वहीं बिहार महादलित विकास मिशन के तहत सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड के निर्माण कार्य को जिला कल्याण पदाधिकारी और एलएइओ के सहयोग से शीघ्र पूरा करने को कहा गया। ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंताओं को उनके क्षेत्र में पड़ने वाली सभी सड़कों को मोटरेबल और नियमानुसार बनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी कार्यकारी एजेंसियों को रॉयल्टी एवं मालिकाना शुल्क समय पर जमा करने का आदेश दिया गया। डीएम ने कहा कि जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनके उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) यथाशीघ्र उपलब्ध कराए जाएं। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस, जिला कल्याण पदाधिकारी, खनिज विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित भवन निर्माण, ग्रामीण कार्य, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, पथ निर्माण, विद्युत आपूर्ति, सिंचाई प्रमंडल और नगर विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता मौजूद रहे। डीएम श्रीकांत शास्त्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं की प्रगति की निरंतर समीक्षा कर जनता को समय पर लाभ पहुंचाना ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# लापता बच्चों की बरामदगी नहीं होने पर परिजनों का फूटा आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले में महीनों से लापता बच्चों की बरामदगी न होने पर परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित पीड़ित परिवार के लोग अपने समर्थकों के साथ सड़क पर उतर आए और जोरदार विरोध मार्च निकाला। प्रशासन और सरकार की लापरवाही के आरोपों के बीच यह रैली काको मोड़ से शुरू होकर अरवल मोड़ होते हुए शहीद चौक (डीएम कार्यालय के पास) पर जाकर संपन्न हुई। विरोध मार्च का नेतृत्व संजय कुमार यादव ने किया। उन्होंने कहा कि अगर यह बच्चा किसी मंत्री का होता तो पूरी ताक़त झोंक दी जाती, लेकिन गरीब का बच्चा गुम हो जाने पर प्रशासन गंभीरता नहीं दिखाता। गौरतलब है




कि अक्षय कुमार नामक बच्चा पिछले 3 महीने से लापता है, जबकि 13 वर्षीय धर्मवीर कुमार करीब 9 महीने से गायब है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस केवल आश्वासन दे रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस दौरान आक्रोशित परिजनों ने कहा कि बच्चों के न लौटने से उनका जीवन अंधकारमय हो गया है। वे दर-दर भटककर मदद की गुहार लगा रहे हैं और बच्चों की सलामती के लिए दुआएं मांग रहे हैं। परिजनों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही खोजबीन में कोई ठोस परिणाम नहीं मिला तो वे लगातार आंदोलन करेंगे और आमरण अनशन पर भी बैठने को बाध्य होंगे। इस आक्रोश मार्च में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हालांकि पुलिस का कहना है कि बच्चों की खोजबीन जारी है और कोई भी सुराग मिलते ही परिजनों को सूचना दी जाएगी। लेकिन अब तक किसी वरिष्ठ अधिकारी ने इस मामले पर औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प से प्रेरित 'चलो जीते हैं' रथ यात्रा की शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुरू हुए 'चलो जीते हैं' अभियान के तहत शुक्रवार को रफीगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक विशेष रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ यात्रा का उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना, सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना और जन-जागरूकता फैलाना है। सजीव नारों, प्रेरणादायक पोस्टरों और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच जैसे ही रथ को हरी झंडी दिखाई गई, मौके पर मौजूद सैकड़ों लोगों ने तालियों और "चलो जीते हैं किसी और के लिए" जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि यह रथ प्रधानमंत्री मोदी के विजन का प्रतीक है। इसका मकसद समाज को साथ लेकर चलना, हर वर्ग को जोड़ना और सेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। रथ यात्रा के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और सेवा से जुड़े संदेश प्रसारित किए जाएंगे। साथ ही संवाद कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। रथ पर लगे डिजिटल स्क्रीन




**चलो जीते है रथ यात्रा का मकसद समाज को साथ लेकर चलना, हर वर्ग को जोड़ना और सेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाना**

और ऑडियो संदेशों के माध्यम से लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों और प्रेरणादायक कहानियों से जोड़ा जा रहा है। बच्चों और युवाओं ने "मोदी हैं तो मुमकिन है" और "चलो जीते हैं" जैसे नारों से माहौल को ऊर्जा से भर दिया। रथ यात्रा की शुरुआत शहरी क्षेत्र से की गई। इसे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहु, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शुभम सिंह, नगर महामंत्री बालगोविंद साहू तथा ग्रामीण मंडल महामंत्री शिवनारायण साव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि 'चलो जीते हैं' सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो हर व्यक्ति को सेवा, सहयोग और समर्पण की राह पर चलने के लिए प्रेरित कर रहा है।

# मिशन जिंदगी के तहत रफीगंज में रक्तदान शिविर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** मिशन जिंदगी के तहत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन नगर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि डॉ. गुलाम शाहिद, प्रभारी चिकित्सापदाधिकारी सह औरंगाबाद उपाधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार सिंह तथा प्रभारी प्रबंधक विकास कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में तरक्की एजेओ, स्वास्थ्यकर्मी, समाजसेवी, बुद्धिजीवी और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर डॉ. गुलाम शाहिद ने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता, यह ईश्वर का दिया हुआ अनमोल उपहार है। आपातकालीन स्थिति में यही मानवता के काम आता है। रक्तदान से न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि उसके परिवार को टूटने से भी रोका जा सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को मानवता के नाते रक्तदान करना चाहिए। डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने रक्तदान को पुण्य का कार्य बताते हुए कहा कि आज बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में भाग लिया और दो दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। उन्होंने युवाओं से आगे आकर इस अभियान में शामिल होने की अपील की। रक्तदान शिविर में चिकित्सापदाधिकारी डॉ. लालजी यादव, डॉ. संतोष कुमार, पूर्व उप चेयरमैन हरेंद्र कुमार, राजद नगर अध्यक्ष सह योगेंद्र यादव, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, जदयू नेता सह पूर्व मुखिया विजय विश्वकर्मा, मनोज मधुकर, सुनील दीप, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान, टप्पू यादव, मो. अजहर अली, रक्त संग्रहक अमित कुमार, परामर्शी संतोष कुमार, लालबहादुर लालू यादव और जय सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# आज सर्वपितृ अमावस्या पर अंतिम श्राद्ध के बाद पितरों को दी जायेगी भावभीनी विदाई

**डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पितृपक्ष के अवसर पर हमारे पितर पृथ्वी लोक पर आते हैं और हमसे सेवा लेते हैं। 15 दिनों तक चलने वाला यह पितृपक्ष अमावस्या के दिन समाप्त हो जाता है। सर्वपितृ अमावस्या जिसे महालय अमावस्या भी कहते हैं, आज रविवार 21 सितंबर को है। यह पितृपक्ष की अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण तिथि मानी जाती है। इस दिन सभी पितरों का तर्पण, पिंडदान, श्राद्ध और दान किया जाता है। सनातन धर्म में इस दिन को पितरों के विदाई दिवस के रूप में मानते हैं। ऐसा माना जाता है कि उनके आशीर्वाद से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का द्वार खुलता है। शास्त्रों में भी वर्णित है कि इस दिन विधिपूर्वक किया गया श्राद्ध और दान पितरों की आत्मा को तृप्त करता है तथा पितृ ऋण से मुक्ति दिलाता है। यह दिन उन आत्माओं के लिए भी विशेष माना जाता है, जिनका किसी वजह से विधिपूर्वक श्राद्ध नहीं हो पाया हो।

**सर्व पितृ अमावस्या पर लग रहा सूर्यग्रहण**



इस बार सर्वपितृ अमावस्या के दिन सूर्य ग्रहण लग रहा है। यह ग्रहण हालांकि भारत में दृश्यमान नहीं होगा, इसलिए इसका सूतक काल भी भारत में मान्य नहीं है। हालांकि इस बार सूर्य ग्रहण और सर्वपितृ अमावस्या का संयोग साधकों के लिए अत्यंत दुर्लभ और पुण्य काल माना गया है। ग्रहण काल में किया गया दान साधक को पुण्य प्रताप का भागी बनाता है।

**सर्वपितृ अमावस्या पर क्या करना होगा फलदाई**

सर्वपितृ अमावस्या की शाम को तील या घी का दीपक, काले तिल और बताशे डालकर पितरों का ध्यान करके जलाने से पितरों के यात्रा मार्ग प्रकाशित होता है, इससे पितर आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच पाते हैं। माना जाता है कि ऐसा करने से वे प्रसन्न होकर वह हमारे सुख समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं तथा हमारे जीवन के विघ्न बाधा भी दूर होते है। आचार्य डॉ श्रीनिवास शर्मा बताते हैं
उस समय अपने पितरों का ध्यान करते हुए इस मंत्र का जाप करें-
ॐ देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च।
नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नमः।।

इसके साथ ही सर्वपितृ अमावस्या पर ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए। कहते हैं कि इस दिन ब्राह्मण को भोजन कराने या दान देने से सुख शांति, समृद्धि और यश की प्राप्ति होती है। इस दिन खाने में चना, हरी सरसों के पत्ते, जौ, मसूर की दाल, मूली, लौकी, खीरा, काला नमक निषिद्ध माना गया है। यानी इन खाद्य पदार्थों को खाने से इसका विपरीत प्रभाव साधक पर पड़ेगा। साथ ही ऐसा माना जाता है कि सर्व पितृ अमावस्या पर किसी का अनादर नहीं करना चाहिए, कहते हैं कि इससे हमारे पितर नाराज होते हैं।

# जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश, बोले– रोड नहीं तो वोट नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड के अरंडा-बख्तियारपुर मार्ग की जर्जर हालत को लेकर शनिवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। शिवगंज-बैदराबाद स्टेट हाईवे (एसएच-68) से जुड़ने वाली इस सड़क की बदहाली के खिलाफ ग्रामीणों ने मुख्य पथ पर एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने "रोड नहीं तो वोट नहीं", "विधायक भीम यादव होश में आओ", "नीतीश कुमार हाय-हाय" और "एनडीए हाय-हाय" जैसे नारे लगाए। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि साइकिल या पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। अब जबकि चुनाव करीब है, ऐसे समय में उनकी नाराजगी स्वाभाविक है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह सड़क तीन जिलों—अरवल, गया और औरंगाबाद—को जोड़ती है और इस पर निर्भर दर्जनों गांवों के लोग बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से अविलंब सड़क मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की है। चेतावनी दी कि अगर जल्द काम नहीं हुआ तो आगामी चुनाव में वे वोट बहिष्कार करेंगे। प्रदर्शन में शत्रुघ्न सिंह, बीकू कुमार, गुड्डू कुमार, सुधीर सिंह, अरविंद सिंह, मनोज शर्मा, शशि रंजन, मिथिलेश कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

# पांच वर्षों में ग्रामीणों को नहीं मिला नल-जल योजना का लाभ

**राज्य सरकार के द्वारा शुरू की गई नल-जल योजना धरातल पर नहीं**
**पीएचइडी विभाग के अधिकारी सिर्फ कर रहे खानापूर्ति**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या को देखते हुए सरकार के द्वारा सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल जल योजना की शुरुआत की गई थीं ताकि ग्रामीणों को पानी की समस्या से न जूझना पड़े। सरकार के द्वारा चालू किया गया नल जल योजना पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतर सका है। यहीं हाल नबीनगर प्रखंड के बसडीहा पंचायत के वार्ड नं-आठ में देखने को मिल रहा है। वार्ड में कार्य के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई है। योजना



के सारे पैसे की निकासी हो गई लेकिन अभी तक वार्ड नं- आठ के ग्रामीणों को नल जल योजना का एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हो सका है। बसडीहा पंचायत के बसडीहा गांव के वार्ड नं- आठ में 100 से अधिक घरों में नल जल योजना का पानी पहुंचाने के लिए बीतें वर्ष 2020 पाइप बिछाने का कार्य प्रारंभ किया गया था जो आज चार वर्ष बीतने के बाद भी पूर्ण नहीं हो सका हैं। गांव में पानी टंकी के लिए टावर बनाया गया लेकिन टावर पर टंकी नहीं लगाया गया। गांव में जमीन के अंदर पाइप बिछाया गया लेकिन एक भी घर में नल नहीं लगा। वार्ड में नल जल योजना का कार्य शुरू हुए पांच वर्ष बीतने के बाद भी ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। स्थानीय ग्रामीण जितेंद्र मेहता, ददन सिंह, लवकुश कुमार सिह सहित ने बताया कि पांच वर्ष पहले नल-जल योजना वार्ड में शुरू हुई तो काफी प्रसंन्न हुए थे। जब से योजना लगी है तब से आज तक ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। अधूरा पड़े नल-जल को चालू कराने के लिए कई बार पीएचइडी विभाग के अधिकारियों को सूचना दिया परंतु अभी तक योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। प्रत्येक वर्ष पानी के लिए हमलोग और हमारे मवेशी एक गांव से दूसरे गांव भटकने को मजबूर हैं।

# जहानाबाद में प्रशांत किशोर की बिहार बदलाव सभा आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की बिहार बदलाव सभा जहानाबाद के गांधी मैदान में आज दोपहर 12 बजे आयोजित हो रही है। सभा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। स्थानीय गांधी मैदान में विशाल पंडाल बनाया गया है, जिसमें 30 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। प्रशांत किशोर की सभा को सफल बनाने के लिए जहानाबाद जिले के तीनों विधान सभा क्षेत्र जहानाबाद, घोसी और मखदुमपुर के गांव-गांव में आमंत्रण पत्र बांटे गए हैं। इस आयोजन में लोगों को सभा स्थल तक लाने के लिए सैकड़ों गाड़ियों की व्यवस्था की गई है ताकि लोगों को सभा में आने-जाने में कोई परेशानी न हो। इस आशय की जानकारी देते हुए जन सुराज पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य डॉ. अभिराम शर्मा ने बताया कि प्रशांत जी का यह सभा ऐतिहासिक और बिहार के राजनीतिक परिवर्तन के लिए शंखनाद होगा। इस दौरान शनिवार को डॉ.अभिराम शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने जहानाबाद ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में लोगों के बीच जाकर प्रशांत किशोर की सभा में आने के लिए आमंत्रण पत्र दिए। इस दौरान ऊंटा, स्टेशन रोड, मलहचक, प्रोफेसर कॉलोनी, श्यामनगर, पंचमहला, सट्टी मोड, मेन रोड, हॉस्पिटल मोड आदि क्षेत्रों में टीम अभिराम के सदस्य घूम-घूमकर लोगों को आमंत्रण देते देखे गए।

# डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, नियम तोड़ने पर होगी सख्त कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** दुर्गा पूजा के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शनिवार को हसपुरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, पूजा समिति के पदाधिकारियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने की। इस दौरान इंस्पेक्टर सुनील कुमार, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, सीओ कौशल्या कुमारी, प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह और उपप्रमुख सत्येंद्र चौधरी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सभी पूजा समितियों को पंडाल, मूर्ति विसर्जन और ध्वनि यंत्र हेतु लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि डीजे पर पूर्ण



प्रतिबंध रहेगा और नियम तोड़ने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने बताया कि सभी पूजा स्थलों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। थानाध्यक्ष ने जानकारी दी कि हसपुरा थाना क्षेत्र में इस वर्ष 27 स्थानों पर दुर्गा पूजा का आयोजन होगा। वहीं हसपुरा हाईस्कूल के बड़े मैदान में रावण दहन का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि पूजा पंडालों में किसी भी राजनीतिक दल का पोस्टर नहीं लगाया जाएगा। किसी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत सरकारी नंबर पर देने की अपील भी की गई। बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया कि षष्ठी से ही बाजार क्षेत्र के बाहर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में डॉ. देवलाल पासवान, लोजपा नेता विजय अकेला, सरपंच बखोरा खां, अरविंद सिंह, सुरेंद्र कुमार सुमन, पैक्स अध्यक्ष विनोद सिन्हा, मुखिया राकेश कुमार, सतेंद्र पासवान, बीस सूत्री सदस्य कौशल शर्मा, धर्मेंद्र कुमार लाला, गुड्डू पासवान, पिंटू चौधरी, राजकुमार, दिनेश राम, भोला कुरैशी, रंजय श्रीवास्तव और ओमप्रकाश विश्वकर्मा समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# पोषण माह के साथ चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में पोषण माह के अवसर पर आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, महिला पर्यवेक्षिका, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मखदुमपुर, रतनी, कसमा एवं बालाबिगहा गांव में आयोजित इस अभियान के दौरान ग्रामीणों को मतदान की महत्ता बताई गई। नए मतदाता पहचान पत्र बनाने, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया के साथ-साथ हर नागरिक को लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने हेतु अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। रतनी प्रखंड के करवाना गांव तथा सरता दक्षिणी गांव (महादलित टोला) में आयोजित संवाद में आइसीडीएस विभाग की टीम ने ग्रामीणों को मतदान के महत्व की जानकारी दी। वहीं, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं सेविका-सहायिकाओं से उपस्थित नागरिकों ने संवाद कर उन्हें आश्वस्त किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मत का प्रयोग करेंगे। अभियान के दौरान यह भी बताया गया कि पोषण और जागरूक नागरिकता दोनों ही स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं। जिस प्रकार संतुलित आहार से शरीर स्वस्थ रहता है, उसी प्रकार मतदान से लोकतंत्र सशक्त होता है।

# जल-जीवन-हरियाली की प्रगति के लिए समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में जल-जीवन-हरियाली कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं का निरीक्षण कर 2270 संरचनाओं का सत्यापन किया गया, जिनमें 267 अतिक्रमित संरचनाओं को मुक्त कराया गया। पांच एकड़ से अधिक वाले 30 तालाबों में 24 पर कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष 6 तालाबों पर शीघ्र कार्य कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता, एम.डब्ल्यू.आर.डी को दिया गया। 1839 कुओं का सत्यापन कर कार्य योग्य कुओं पर शीघ्र कार्य न होने पर खेद व्यक्त करते हुए जिला पंचायत राज पदाधिकारी को त्वरित कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। शहरी क्षेत्र की समीक्षा में 180 चापाकलों का विलोपन करने का निर्णय लिया गया और इसके लिए चार सदस्यों की टीम बनाकर सत्यापन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। जिले के उन भवनों को चिन्हित करने एवं पोर्टल पर प्रविष्टि करने का निर्देश दिया गया जिन पर आर.डब्ल्यू.एच का निर्माण हो चुका है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में हुए पौधारोपण की सभी प्रविष्टियाँ जल-जीवन-हरियाली पोर्टल पर करने का निर्देश वन प्रमंडल एवं सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को दिया गया, ताकि योजना की सभी गतिविधियां समयबद्ध रूप से पूर्ण हों और जिले की यह प्रगति और मजबूत हो।

## 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' अंतर्गत मखदुमपुर में पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जहानाबाद की जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष, जिला गंगा समिति नमामि गंगे जहानाबाद अलंकृता पांडेय के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत मखदुमपुर नगर पंचायत के पलेया तालाब परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति नमामि गंगे जहानाबाद अमित कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मखदुमपुर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

# जनता दरबार में सीओ ने सुनीं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** ग्रामीणों की समस्या को लेकर ओबरा अंचल में जनता दरबार आयोजित किया गया जिसमें सीओ हरिहरनाथ पाठक के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें अपनी-अपनी संबंधित समस्याओं को लेकर ग्रामीण महिला-पुरुष पहुंचे और अधिकारियों के समक्ष अपनी- अपनी समस्याओं को रखा गया। ऐसे में समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर निदान की दिशा में पहल करते हुए समस्याओं का समाधान किया गया। कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। सीओ ने बताया कि जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की सुनवाई की गई , पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ शिकायतों का निष्पादन किया गया। इस जनता दरबार में ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश



कुमार, खुदवा थानाध्यक्ष सुशील कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रफीगंज में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** आगामी दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण व व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर शनिवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) उपेंद्र दास एवं अंचलाधिकारी (सीओ) भारतेंदु सिंह ने की, जबकि संचालन सर्किल इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद एवं थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने किया। बैठक में पूजा समितियों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्य और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बीडीओ उपेंद्र दास ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि समाज में एकता और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अश्लील व फूहड़ गीत या डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। सर्किल इंस्पेक्टर ने बताया कि मेला क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों, बाइकर्स व सोशल मीडिया पर प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी। पूजा पंडालों में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और किसी भी लापरवाही पर संबंधित समिति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## निर्वाचन कार्यालय में प्रखंड बीस सूत्री कार्यसमिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित निर्वाचन कक्ष कार्यालय में प्रखंड 20 सूत्री कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता 20 सूत्री के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने किया। जबकि बैठक का संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष सह जदयू के प्रखंड अध्यक्ष प्रेम कुमार पप्पू ने किया। बैठक में बीडीओ सह सचिव मृत्युंजय कुमार समेत कई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। वही बैठक में पुलिस विभाग, प्रशासन विभाग, भवन निर्माण विभाग, आपूर्ति विभाग ग्रामीण विकास विभाग, बाल विकास परियोजना समेत कई विभागों के कोई प्रतिनिधि मौजूद नहीं रहे।

# भगवान भोलेनाथ का केंद्र है देवकुंड धाम

**देवशिल्पी विश्वकर्मा भगवान ने किया था मंदिर का निर्माण**
**औरंगाबाद के अलावा दूसरे जिले से भी दर्शन को ले पहुंचते हैं श्रद्धालु**

**रंजन सिंह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अरवल-औरंगाबाद जिले की सीमा पर अवस्थित बाबा नगरी देवकुंड धाम भगवान भोलेनाथ की आराधना का केंद्र है। इसकी शुमार महर्षि च्यवन मुनी की कर्म भूमि के रूप में भी है। बता दें कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा स्थापित शिवछलग पर जलाभिषेक कर श्रद्धालु मनोवांछित फल प्राप्त करते हैं। वहीं सावन का महीना खासकर देवाधिदेव भगवान शंकर को समर्पित है। वहीं प्रसिद्ध च्यवन ऋषि की कर्म भूमि पर सहस्त्र धाराओं से युक्त तालाब से घिरे मंदिर परिसर को शोभायमान बनाता है। देवकुंड की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए महंत कन्हैयानंद पुरी बताते हैं कि नीलम पत्थर से बने शिवछलग श्रद्धालुओं के लिए अधिक फलदायी माना जाता है। वहीं भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित



त्रेतायुगीय शिवछलग की गहराई नहीं मापी जा सकती है। बताते हैं कि वर्षो पूर्व मुंबई के जौहरी आकर शिवछलग की खुदाई की थी परंतु ज्यों ज्यों खुदाई होती गई शिवछलग चौड़ा होता गया। बताते है कि भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित शिवछलग के बाद देवशिल्पी विश्वकर्मा भगवान द्वारा बनाया गया भव्य मंदिर आज भी चमक दिखाई पड़ती है। बता दें कि बिहार से झारखंड के अलग होने के बाद शिवभक्त पटना गाय घाट से गंगा जल उठाकर पैदल यात्रा कर शिवछलग की पूजा अर्चना करते हैं। वहीं सहस्त्र धाराओं से युक्त तालाब भी मार्मिक कथा का स्मरण कराता है। महंत बताते हैं कि वर्षो पूर्व च्यवन ऋषि तपस्या में लीन थे। तपस्या में लीन रहने के कारण उनके शरीर पर दीमक का साम्राज्य हो गया था। उसी समय राजा श्याति अपने पूरे परिवार के साथ वन बिहार के लिए निकले थे। राजा की पुत्री शुकन्या ने मिट्टी की मुरत समझ च्यवन ऋषि के दिमक लगे शरीर के आंख में काटा चुभो दी थी। जिसके पश्चात शुकन्या को च्यवन ऋषि की सेवा में लगा रहना पड़ा था और सहस्त्र धारा वाली तालाब के पानी से च्यवन ऋषि को शुकन्या ने धोई थी। वहीं महर्षि त्रिदंडी स्वामी ने भी देवकुंड में यज्ञ किए थे।

# स्वच्छता जीवन का अनिवार्य अंग : डा. घनश्याम

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**दरभंगा।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर इकाई एवं शिक्षा शास्त्र इकाई की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस अवसर पर जन जागरूकता रैली एवं परिसर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा शास्त्र विभाग के निदेशक डॉ. घनश्याम मिश्र ने की। उन्होंने अपने संबोधन में स्वच्छता को जीवन का अनिवार्य अंग बताते हुए विद्यार्थियों से संकल्पित प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान तभी सफल होगा जब हर व्यक्ति इसे व्यक्तिगत जिम्मेदारी माने। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने स्वच्छता को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए स्वयं भागीदारी का महत्व रेखांकित किया। वहीं कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पवन सहनी ने विद्यार्थियों को अनुशासनपूर्वक स्वच्छता गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। पूरे आयोजन का संयोजन डॉ. साधना शर्मा एवं डॉ. पवन सहनी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनेक स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## संबद्ध कालेज कर्मियों को मिले यूजीसी का वेतनमान

**दरभंगा।** बिहार में वित्त रहित अनुदानित संबद्ध कालेज कर्मियों को यूजीसी वेतनमान लागू करने एवं नियमित भुगतान को लेकर संबद्ध महाविद्यालय संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ राम मोहन झा ने 19 सितम्बर 25 को मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। डॉ झा ने अपने ज्ञापन में कहा कि पटना उच्च न्यायालय द्वारा एलपीए 683/2023 में दिनांक 30 अप्रैल 2025 को दिया गया। निर्णय के अनुसार सभी श्रेणी के शिक्षण संस्थानों में यूजीसी वेतनमान लागू करने का निर्देश है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा एसएलपी 1347/24 में दिनांक 22/08/25 को दिए गए निर्णय के अनुसार समान कार्य समान वेतन को संवैधानिक अधिकार संग यूजीसी वेतनमान लागू करने का निर्देश दिया। डॉ झा ने कहा कि बिहार राज्य के वित्त रहित अनुदानित संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मचारी दशकों से समान कार्य समान वेतन के अपने संवैधानिक अधिकार हेतु संघर्ष कर रहा है। डॉ झा ने कहा कि पटना उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जो आदेश है उसे तत्काल लागू किया जाए अन्यथा आने वाले चुनाव में गंभीर परिणाम का सामना करना होगा।

## शांतिपूर्ण दुर्गापूजा संपन्न कराने को लेकर प्रशासन है सतर्क : सीओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना परिसर में दुर्गापूजा सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी सदाब आलम ने की। बैठक में पूजा समितियों से जुड़े पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुये अंचलाधिकारी ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि अश्लील व फूहड़ गीत बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा और ऐसा पाए जाने पर आयोजकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में बाइकर्स, संदिग्ध गतिविधियों व सोशल मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। साथ ही पूजा पंडालों में मजिस्ट्रेट व पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। दुर्गापूजा के आयोजकों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने पर संबंधित समिति पर भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष अरविंद किशोर ने श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि यात्री वाहनों का ठहराव निर्धारित स्थलों पर ही रहेगा ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई परेशानी न हो। साथ ही दुर्गा पूजा के लिए लाइसेंस को अनिवार्य बताते हुए कहा कि बिना लाइसेंस पूजा करने वालों पर कानूनी कार्रवाई होगी।

## पूजा पंडालों पर तैनात रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी

### एसडीएम ने की पूजा समितियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** दुर्गापूजा व दशहरा मेला को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की तैयारी को लेकर शनिवार को नगर परिषद सभागार में एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। इस मौके पर सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा भी शामिल रहे। वहीं इस बैठक में पूजा समिति एवं सभी थानों के थानाध्यक्ष शामिल रहे। विधि-व्यवस्था बनाए रखने एवं सुचारु रूप से पूजा-अर्चना व विसर्जन कार्य सुनिश्चित कराने पर चर्चा हुई और कई अहम निर्णय लिए गए। एसडीएम ने पुलिस पदाधिकारियों को सभी पूजा पंडालों का निरीक्षण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। प्रत्येक पूजा समिति के लिए लाइसेंस अनिवार्य किया गया। निर्देश दिया गया कि बिना लाइसेंस के किसी भी प्रकार का आयोजन प्रतिबंधित रहेगा। सभी पूजा पंडालों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस अफसर तैनात रहेंगे ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटा जा सके। सुरक्षा की दृष्टि से सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने सहित पूजा समिति के सभी सदस्यों के पहचान पत्र व मोबाइल नंबर प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया कि भीड प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, विधि-व्यवस्था की निगरानी एवं आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए कंट्रोल रूम सक्रिय रहेगा। इसके अतिरिक्त, पुलिस-प्रशासन को नियमित गश्ती करने और अफवाहों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। शांति समिति के सदस्यों से प्रशासन ने अपील करते हुए कहा कि वे आपसी सहयोग एवं समन्वय से पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराएं। निर्देश दिया गया कि विसर्जन के समय सभी घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग और प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाएगी। साथ ही विसर्जन के समय सीसीटीवी कैमरा और वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जायेगी। संवेदनशील घाटों को चिह्नित करने और वहां विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती का आदेश दिया। बैठक में वार्ड पार्षद शंभू सिंह, उज्जवल कुमार, पलटन सिंह, नवल भारती, गोल्डी आदि शामिल रहे।

## सरकारी सेवक घोषित करने की मांग को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का विरोध-प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मसौढ़ी।** सरकारी सेवक घोषित करने समेत 7 सूत्री मांगों को लेकर आशा एवं आशा फैसिलिटेट संघ के आह्वान पर शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया जहाँ आशा, ममता और वैक्सीन कुरियर की सेवाओं को एक दिन कार्य ठप करते हुए अपनी मांगों को रखा। आशा एवं आशा फैसिलिटेर संघ के राज्य अध्यक्ष मीरा सिन्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री के द्वारा जो आशा एवं आशा फैसिलिटर कार्यकर्ताओं को बढ़ी हुई 2000 राशि का भुगतान प्रोत्साहन के बजाय मानदेय में किया जाए, बढ़ी हुई राशि का भुगतान 1 सितंबर 2023 से करते हुए बकाया राशि का एकमुश्त भुगतान मुख्यालय स्तर से सीधे आशा के खाते में किया जाए। आशा एवं आशा फैसिलिटेर के सभी किस्म के बकाया प्रोत्साहन राशि का भी भुगतान विशेष अभियान चलाकर प्रशासनिक अधिकारी के देखरेख में अभियान कराया जाए, इसके अलावा वैलनेस सेंटर जहां पांच की बजाय 10 आशा कार्यकर्ता हैं उनको देय राशि 1000 की प्रोत्साहन राशि का भुगतान सभी में बराबर बांटा जाए, आशा एवं फैसिलिटर की सेवानिवृत्ति की उम्र आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका की तरफ 65 वर्ष करते हुए रिटायरमेंट बेनिफिट 10 लाख रुपया और पेंशन 10000 प्रति माह भुगतान किया जाए समेत 7 सूत्री मांगों को लेकर एक बार फिर से सभी प्रखंडों मुख्यालय पर आशा एवं आशा फैसिलिटेशन के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है,। धरना पर मीरा सिन्हा, आशा फैसिलिटर राज्य अध्यक्ष, यशोदा देवी मंजू देवी, आरती गुप्ता, सरिता देवी, रिंकू कुमारी, रेखा पांडे समेत ममता के कई कार्यकर्ता भी शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना एवं बस स्टाप केंद्र को लेकर की गई समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के निर्देश पर, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना एवं बस स्टाप केंद्र की समीक्षा बैठक सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ आयोजित की गई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि उपरोक्त योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए और चयनित लाभार्थियों के साथ बैठक कर आवेदन प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने प्रखंडों में ऐसे मार्गों की पहचान करने का निर्देश दिया गया जो तीन से चार गाँवों को जोड़ते हैं, ताकि यात्रियों की सुविधा के लिए वहां बस स्टाप केंद्र का निर्माण किया जा सके। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी परिवहन विभाग की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए शत प्रतिशत प्रयास करें और योजना के प्रचार-प्रसार एवं क्रियान्वयन में पूरी तत्परता दिखाएँ। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन, लाभार्थियों की सूची, आवेदन प्रक्रिया और निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

## मसौढ़ी में कृषि संगोष्ठी, किसानों को नई दिशा देने की पहल




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढी के राजा बिगहा गांव में शनिवार को एक विशेष कृषि संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, डॉ श्रवण कुमार सिंह, डॉ महेंद्र नारायण सिंह, बिहार सरकार के कृषि पदाधिकारी, स्वयं सहायता समूह और स्थानीय किसानों ने भाग लिया। आये हुए अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में किसान संगठन और एग्रीपोर्ट स्टार्टअप एक गांव स्तर पर नई पहल की घोषणा की गई। इस पहल का उद्देश्य किसानों को बेहतर बीज, खाद और बाजार से जोड़ना है। आयोजकों ने बताया कि आने वाले वर्षों में यह युवा-नेतृत्व वाला स्टार्टअप मसौढ़ी और आसपास के गांवों में खेती की दिशा बदलने की कोशिश करेगा। स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने कहा कि गांव के स्तर पर मिट्टी, जलवायु, बीज और खेती से जुड़ी समस्याओं का आकलन किया जाएगा। इसके बाद देश के प्रमुख कृषि संस्थानों की मदद से नई तकनीकों का परीक्षण होगा। जो तकनीकें स्थानीय स्तर पर सफल होंगी, उन्हें बड़े पैमाने पर फैलाया जाएगा। इस योजना में भारतीय कृषि संस्थान, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय और बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं का सहयोग लिया जाएगा। साथ ही किसानों को औषधीय पौधों की खेती, प्रोसेसिंग और स्थानीय ब्रांडिंग के जरिए राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की तैयारी भी की जा रही है। कार्यक्रम में राहुल कुमार ने किसानों को कई जरूरी चीजों से अवगत करवाया। किसान गोष्ठी में किसान सीताराम शर्मा, मनोज यादव, अलख यादव, ज्योति उर्फ़ रंजन, खुशबू रानी, सीताराम शर्मा, कल्लू जी, सुरेश यादव, अनिल सिंह, शंकर यादव, राजा, पप्पू, रावनीश, सहित राजा बिगहा और आसपास गांव से आए के कई युवा, पुरुष एवं महिला किसान शामिल हुए। कार्यक्रम में मरुत ड्रोन कंपनी द्वारा ड्रोन दीदी के सहयोग से परीक्षण भी किया गया।

## राजग की सरकार बननी है तय : अश्विनी चौबे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने आज यहां कहा कि बिहार में अगली सरकार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का बनना निश्चित है और इसे कोई भी ताकत रोक नहीं सकता है। जनता ने विकसित बिहार बनाने का प्रण ले लिया है।

उन्होंने शनिवार को यहां एनडीए के भागलपुर विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी के निरंतर विकास के पथ पर तेजी से बढ़ने से प्रदेश की जनता खुश है और संतुष्ट भी है। ऐसे में जनता फिर से एनडीए की सरकार बनाने का फैसला ले चुकी है। उस पर (जनता) किसी का जादू नहीं चलेगा। श्री चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में बहुत जल्द बिहार एक विकसित राज्य बनेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैय्यद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार के लोग दिल्ली एवं पटना के युवराजों के चक्कर में पड़ने वाले नहीं हैं और वह विधानसभा चुनाव में फिर से इस प्रदेश में एनडीए की सरकार बनाने का काम करेंगी। प्रदेश में चल रही डबल इंजन (मोदी-नीतिश) की सरकार के कामों से चारो ओर खुशहाली एवं अमन-चैन है। बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि क्षेत्रों में तेजी से काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में विपक्ष के लोगों का सरकार बनाने का कोई भी हथकंडा काम नहीं आएगा और उसका यह सपना अधूरा रह जाएगा। क्योंकि प्रदेश की जनता पूर्व की सरकार के जंगलराज को फिर से आने देना नहीं चाहती है। पूर्व राज्यसभा सदस्या एवं जदयू नेत्री कहकशां परवीन ने कहा कि एनडीए की सरकार ने बिहार की तकदीर बदलने का काम किया है। खासकर, हमारी महिलाओं के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई गई है। आज महिला एवं लड़कियां हर क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है और उनके सशक्तीकरण से समाज तथा परिवार का उन्नति हुई है। सम्मेलन को कहलगांव के विधायक पवन कुमार यादव,विधान पार्षद डॉ एन के यादव, जिला जदयू अध्यक्ष विपिन बिहारी सिंह, प्रदेश भाजपा के लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक दिलीप मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता शास्वत चौबे, लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमर कुमार, लोजपा महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष अंशु प्रियंका, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुनीता गोस्वामी आदि ने भी संबोधित किया।

## राजद नेता ने चलाया जनसंपर्क अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** राजद के प्रदेश महासचिव कमलदेव यादव उर्फ केडी यादव के नेतृत्व में शनिवार को दानापुर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया गया. श्री यादव ने अपने समर्थकों के साथ मछुआ टोली काली स्थान से जनंसपर्क अभियान शुरू किया. खुले वाहन पर केडी यादव सवार होकर इमलीतल, तकियापर, नासरीगंज, रामजीचक, रूपसपुर नहर, गोला रोड, आरा गोलंबर होते हुए शाहपुर-दाउदपुर, आनंद बाजार, छितनवा, मठियापुर, उसरी, सरारी व दानापुर स्टेशन होते हुए सगुना मोड पर समाप्त हो गया. इनके साथ पूर्व जिला पार्षद ओम प्रकाश यादव, विजय यादव, अशोक यादव, दिलीप सिंह, सुजीत साह, उमा राय, राज कुमार समेत कार्यकर्ताओं शामिल थे। केडी यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन द्वारा किए जा रहे कार्यों और भविष्य की योजनाओं को आमजन के समक्ष रखा. उन्होंने बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों की समस्याओं को लेकर तेजस्वी यादव की प्राथमिकताओं की जानकारी दी।

## युवा 'विकसित भारत-2047' के सिर्फ साक्षी नहीं, वास्तविक सारथी बनें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** रामकृष्ण कॉलेज, मधुबनी में विकसित भारत युवा कनेक्ट प्रोग्राम-2025 का आयोजन युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा सेमीनार हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम में मंत्रालय की ओर से आए यूथ आइकॉन रतिकेश पूर्णोदय और मंटू कुमार यादव ने युवाओं को सम्बोधित किया और भारत के विकसित राष्ट्र बनने में भारतीय युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सरकार द्वारा इस दिशा में उठाये गये क़दमों की भी चर्चा की। इस कार्यक्रम में माय भारत पोर्टल पर सैकड़ों युवाओं का रजिस्ट्रेशन भी किया गया। कार्यक्रम में जिला के विभिन्न कॉलेजों के एनएसएस स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स सहित 350 से अधिक युवा शामिल हुए, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। कार्यक्रम में पटना से आये अंकित पाठक, कॉलेज के एनसीसी पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार चौधरी सहित अनेक शिक्षक एवं कर्मी भी शामिल हुए। कार्यक्रम को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य अतिथि डॉ आर एन चौरसिया ने कहा कि भारत युवाओं का देश है, जहां 65% आबादी 35 वर्ष से कम आयु वर्ग के हैं। अपार युवा शक्ति का सही उपयोग होने से विकसित भारत निर्माण का लक्ष्य आसन हो जाएगा। युवा शक्ति ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने युवा शक्ति को देश की रीढ़ बताते हुए कहा कि युवा विकसित भारत-2047 का केवल साक्षी ही नहीं, बल्कि वास्तविक सारथी बने। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो अनिल कुमार मंडल ने अतिथियों एवं युवाओं का स्वागत करते हुए किसी भी राष्ट्र को विकसित करने में युवाओं के योगदान को सबसे महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दीपक त्रिपाठी ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर अवधेश झा ने किया।

## एक नजर

### वाहन के चकमे से बाइक सवार जख्मी

**मदनपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अज्ञात वाहन की चकमा से बाइक सवार दो युवक जख्मी हो गए। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के रानी कुआं के समीप एनएच 19 पर की है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों का इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया। घायलों की पहचान रोहतास जिले के सासाराम निवासी राजीव तिवारी एवं अशोक गुप्ता के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति बाइक द्वारा सासाराम से मदनपुर किसी काम से जा रहे थे। तभी उस जगह एक तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन ने चकमा दिया जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई और दोनो व्यक्ति घायल हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा दोनो को सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती किया गया। इलाज के बाद चिकित्सकों ने दोनों को घर भेज दिया।

### देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में इन दिनों चल रहे ऑपरेशन नशीली पदार्थ छापेमारी के अभियान के दौरान लगातार विभिन्न थाना क्षेत्र में कार्रवाई चल रही है, ऐसे में पिपरा पुलिस ने थाना क्षेत्र के बाजितपुर पुल के पास में एक सीएनजी ऑटो में लदा हुआ देसी शराब को जप्त किया है,जहाँ तकरीबन पॉलिथीन में भरा हुआ 250 लीटर देसी शराब को जप्त किया गया है, वही इस मामले में शराब धंधेबाज भागने में सफल रहा, ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसका नाम विशाल कुमार पिता पप्पू पासवान उम्र 25 वर्ष सरैरचा का रहने वाला बताया जाता है, गिरफ्तार युवक ने बताया कि बेहरावां चकिया से शराब लेकर पुनपुन जा रहे थे, फिलहाल पुलिस पूरे मामले की बिंदुवार जांच कर रही है की शराब कहां डिलीवरी करनी थी और किसके पास करनी थी।

### फोर्स ठहरने के लिए स्थल का निरीक्षण

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी विधानसभा चुनाव के बिगुल बजने में अब महज कुछ ही दिन शेष बचे हैं ऐसे में चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई है। जिसको लेकर शनिवार को विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बूथों पर तैनात होने वाले पुलिस फोर्स को ठहरने के लिए मसौढ़ी मुख्यालय के शिक्षक प्रशिक्षक महाविद्यालय के छात्रावास भवन का सहायक निर्वाचि पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार और थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने पूरे भवन का निरीक्षण किया। ताकि पुलिस फोर्स को ठहरने में किसी तरह की दिक्कतें न होने पाए। क्षेत्र के संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों का भी बारीकी से निरीक्षण किया। ताकी किसी भी बूथ पर मतदाताओं के लिए कोई परेशानी न होने पाएं। इसलिए सभी तरह की तैयारियों को बारीकी से देखा जा रहा है।

### पुलिस ने चार लोगों को किया गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाने की पुलिस ने अलग-अलग मामलों में छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पूर्व के केश में फरार चल रहे केवटार गांव निवासी नवीन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वही पुलिस ने सोल्हन्डा गांव में छापेमारी कर शराब के नशे में हंगामा कर रहे मनोज सिंह को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया हेतु न्यायालय भेजा है। साथ ही पुलिस ने सरैया गांव में छापेमारी कर मोबाइल चोरी के आरोप में अंशु कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस दौरान अंशु कुमार के पास से चोरी का मोबाइल भी बरामद किया गया है। वहीं पुलिस ने पूर्व के शराब मामले में उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिला से मोहम्मद सरताज को गिरफ्तार किया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी लोगों को पूछताछ के बाद कानूनी प्रक्रिया हेतु न्यायालय भेजा गया जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

### सेल्समैन से हुए लूटकांड मामले में तीन चढ़े पुलिस के हत्थे

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नदवां में हुए सेल्समेन के साथ लुट मामले में संलिप्त तीन अभियुक्त कुंदन कुमार पिता कपिल देव सिंह साकिन लॉजों थाना पाली. पवन कुमार पिता तपेश्वर प्रसाद ग्राम चक्रासन, वरुण कुमार पिता ललन प्रसाद ग्राम महुआ बीघा थाना मसौढी को धनरूआ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल घटना के बारे में बता जाता है की पटना गया नेशनल हाईवे-22 पर धनरूआ थाना क्षेत्र के नदवां पुल से तेतरी जाने वाले रास्ते में दिनदहाड़े बाईक पर सवार छह नाकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने आयुर्वेद कंपनी में सेल्समैन के रूप में काम करने वाले कर्मचारी को पिस्टल कनपटी पर सटाकर उससे 16 हजार रुपए नगद, फोन और उसकी अपाची बाइक लूट कर ले भाग गये थे। जब वह पटना से मसौढ़ी आ रहा था,पीड़ित का नाम राहुल कुमार पिता महेंद्र मोची जो धनरूआ थाना क्षेत्र के कैली गांव का रहने वाला है।

### मृतक के परिजनों को दी सांत्वना

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा नेता भाई सनोज यादव ने शनिवार को सुलतानपुर कोईरी टोला निवासी मृतक संजय महतो के परिजनों से मुलकात कर सांत्वना दी। श्री यादव ने सीओ व बीडीओ को फोन कर मृतक के आश्रितों को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 22 हजार और आपदा प्रबंधन द्वारा 4 लाख रूपये मुआवजा दिलाने को कहा गया है। श्री यादव ने बीबीगंज शांति गली निवासी व शिक्षक शंकर साह की दो पुत्री बैक अधिकारी मुजफ्फरपुर के भागवनपुर ओवरब्रिज के पास ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई थी। श्री यादव ने मृतका बैक अधिकारी स्वाति साह व सुरूचि साह के परिजनों से मुलकात कर सात्वंना दी. उन्होंने हृदयविदारक घटना से मर्माहित होकर शोकाकुल परिवार से मिलकर हरसंभव सहयोग दिलाने के भरोसा दिया। इनके साथ भाजपा नेता अजीत राय, युवराज कुमार, हर्ष, धीरेन्द्र मेहता व गोलू यादव मौजूद थे।

CMYK

# देव कार्तिक छठ मेला की तैयारियों में जुटा प्रशासन, सुरक्षा व विधि व्यवस्था पर की चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** देव कार्तिक छठ मेला 2025 की तैयारी एवं विधि व्यवस्था से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल द्वारा संयुक्त रूप से की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि देव कार्तिक छठ मेला का आयोजन 25 से 28 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं व्रतियों का आगमन होगा जिसके दृष्टिगत समुचित तैयारी एवं विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के आवासन हेतु मेला क्षेत्र में कुल 09 स्थलों को चिन्हित किया गया है। इनमें राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय का मैदान, राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय के पश्चिम का भाग, मालेनगर एवं हरिकीर्तन बिगहा के पास, पैक्स गोदाम का उत्तरी भाग, थाना परिसर के समीप, सिंचाई कॉलोनी का मैदान, चांदपुर मध्य का मैदान, संत विजय दास धर्मशाला बहुआरा मोड़ के पास तथा नरची गेट के समीप दिवाकर नगर शामिल हैं। इन स्थलों पर टेंट, पंडाल, लाइटिंग, जनरेटर, दरी आदि की संपूर्ण व्यवस्था बीआरबीसीएल, एनएसपीटीएस, श्री सीमेंट, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं अंचल अधिकारी के सहयोग से कराई जाएगी। देव के आसपास जोड़ने वाले सभी मार्गों की मरम्मति कार्य तत्काल पूर्ण करने हेतु संबंधित कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए सभी मार्गों को दुरुस्त करना अनिवार्य है। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल विशेषकर महिला पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। तालाब परिसर एवं मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध गुमटी या मांस-मछली की दुकान नहीं लगाने दी जाएगी। स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमणों को चिह्नित कर अभिलंब हटाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। विधि व्यवस्था प्रबंधन समिति का गठन किया गया है जिसमें अपर समाहर्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दायित्व सौंपा गया है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को निर्देश दिया गया है कि बंद पड़े चापाकलों की मरम्मति की जाए तथा मेला अवधि में 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। आवश्यकता पड़ने पर टैंकर की व्यवस्था भी की जाएगी। चिकित्सा सुविधा हेतु सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि मेला क्षेत्र में अस्थायी चिकित्सा शिविर स्थापित किया जाए। आकस्मिकता की स्थिति से निपटने हेतु एंबुलेंस, स्ट्रेचर, पर्याप्त जीवनरक्षक औषधियां तथा महिला एवं पुरुष विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी। मेला अवधि में भारी वाहनों की आवाजाही को देखते हुए यातायात प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। इस समिति में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी को शामिल किया गया है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि पर्याप्त पार्किंग स्थल चिह्नित कर वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मेला क्षेत्र में अग्निशामक वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अग्निशमन विभाग को निर्देशित किया गया है। छठ पर्व की अवधि में सूर्यकुंड के समीप 02, थाना के समीप 02 तथा ब्लॉक परिसर के समीप 01 अग्निशमन वाहन 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न आवासन स्थलों पर भी अग्निशमन वाहनों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। वहीं आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने हेतु एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम को प्रतिनियुक्त करने हेतु आपदा प्रबंधन विभाग से अनुरोध किया जाएगा। दोनों सूर्यकुंड तालाबों के पास पर्याप्त संख्या में लाइफ जैकेट, गोताखोर, जाल एवं अन्य सुरक्षा उपकरण की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से की जाएगी। मेला क्षेत्र के प्रमुख स्थानों, सूर्य मंदिर के गर्भगृह एवं अर्घ्य स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे। साथ ही, मेला क्षेत्र में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी, जिसमें एक दंडाधिकारी एवं एक पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। नियंत्रण कक्ष में आवश्यकता अनुसार वालंटियर्स एवं एनसीसी कैडेट्स की भी प्रतिनियुक्ति होगी। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारीयों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने स्तर से समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि देव कार्तिक छठ मेला 2025 का आयोजन सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता श्वेतांक लाल, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव एवं बेवी प्रिया सहित सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता, देव के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, मंदिर न्यास समिति के सदस्य एवं जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।


# Public Health Engineering Department
## Public Health Engineering Division, Aurangabad
## SHORT RE-TENDER NIT No –16R2/2025-26/(LoT/PRD)
## National Competitive Bidding

Govt. of Bihar

(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Designation and Address of Advertiser | Executive Engineer, P.H.Division, Aurangabad |
| 2 | Date of issue of Tender Notice | 15.09.2025 |
| 3 | Period of sale (downloading) of tender Bid Document | 28.09.2025 to 09.10.2025 up to17:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in |
| 4 | Date, time & place of pre-bid meeting | 03.10.2025 at 11.30 hrs. hrs in the Office of Executive Engineer of concerned P. H. Division |
| 5 | Last date and time of receipt (uploading) of tender | 09.10.2025 up to 17:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 6 | Date and time of opening of technical bid | 10.10.2025 at 10:00 Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 7 | Date and time of opening of financial bid | To be informed later after the approval of technical bid. |
| 8 | Name of Work: Design, Construction, Supply of materials, Testing and Commissioning of Piped Water Supply Schemes (ward level schemes) for habitations left out under "Har Ghar nal Ka Jal" nischay yojna in panchayats where "Har Ghar nal Ka Jal" was executed by the "Panchayati Raj Department" with Electric Driven Pumps in the District of Aurangabad, Bihar on turn-key basis with 3 months Trial Run Period. | |

| Group No. | Block | Panchayat | Habitation | Ward | No. of Schemes in group | Estimated Cost (Rs in Lakh) | Earnest Money (Rs in Lakh) | Cost of Tender Document (Non-Refundable) (in Rs) | BSEDC Bid Processing Fee (in Rs) | Completion Period (In Month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 4 | OBRA | SONHAULI | MUSLIM TOLA | 5 | 112 | 1731.04 | 27.32000 | 10000 | As per eproc-02 | 6 Month |
| | | | SONHAULI | 7 | | | | | | |
| | | | ADMA KA TOLA | 8 | | | | | | |
| | | | SONHAULI MAHADALT TOLA | 10 | | | | | | |
| | | | HEMAJA KA BHUIYA BIGHA | 11 | | | | | | |
| | | | KDIYAHI KHURD | 14 | | | | | | |
| | | BELL | SRIMAL CHAK | 1 | | | | | | |
| | | | NAROLA KA MAHADALI TOLA | 11 | | | | | | |
| | | CHANDA | PATHRA KA TOLA | 1 | | | | | | |
| | | | S.C TOLA | 3 | | | | | | |
| | | | BHUIA BIGHA | 4 | | | | | | |
| | | | MOMIN TOLA | 5 | | | | | | |
| | | | PISAY BIGHA | 6 | | | | | | |
| | | | S.C TOLA | 8 | | | | | | |
| | | | BIHARI BIGHA | 9 | | | | | | |
| | | | RAJBANSI TOLA | 11 | | | | | | |
| | | | CHANDRABASI TOLA | 12 | | | | | | |
| | | | BISHANPURA+ RAMNGAAR S.C TOLA | 14 | | | | | | |
| | | DEHARI | GAMHRIA TOL SURYA MANDIR KE PAS | 6 | | | | | | |
| | | | DINGRAHA TOLA | 12 | | | | | | |
| | | | GAMHRPUR | 14 | | | | | | |
| | | SARSAULI | DAULATPUR GANJ WEST SIDE | 1 | | | | | | |
| | | | KUTIPAR | 6 | | | | | | |
| | | | GOKUL BIGHA | 7 | | | | | | |
| | | | CHICHAMI TOLA ROAD SID | 8 | | | | | | |
| | | | MHTHU TOLA MAHBIR GANJ | 14 | | | | | | |
| | | | DEWKALI BLOK KE PAS | 16 | | | | | | |
| | | | DEWKALI WEST SID | 17 | | | | | | |
| | | | UKARRMI BIGHA | 18 | | | | | | |
| | | UBB | RAMPUR GIRI JEE BIGHA | 2 | | | | | | |
| | | | SITAL BIGHA | 3 | | | | | | |
| | | | LAL BIGHA | 3 | | | | | | |
| | | | PHATEHA | 4 | | | | | | |
| | | | UBB KE TOLA | 6 | | | | | | |
| | | | MOHAN BIGHA | 7 | | | | | | |
| | | | EKAWNA WEST TOLA | 9 | | | | | | |
| | | | BISHAMBHAR BIGHA | 10 | | | | | | |
| | | | BAR BISHAY BIGHA | 11 | | | | | | |
| | | | ARAIKHAP KA BIGHA | 12 | | | | | | |
| | | AMILOWNA | AMR BIGHA | 3 | | | | | | |
| | | | NISAD TOLA | 9 | | | | | | |
| | | | TENDUA TOLLA KE SITA BIGHA | 9 | | | | | | |
| | | | TENDUA TOLLA KE HATHI BORE | 10 | | | | | | |
| | | | KAITHI | 11 | | | | | | |
| | | | MEHNDAA TOLA SADA BIGHA | 12 | | | | | | |
| | | | KUNGI BIGHA | 14 | | | | | | |
| | | | PRYAG BIGHA | 15 | | | | | | |
| | | BHARUB | BHARUB TOLA AHRA NORTH SIDE | 1 | | | | | | |
| | | | BHARUB TOLA AHRA | 2 | | | | | | |
| | | | KURMI TOLA | 4 | | | | | | |
| | | | GANGA BIGHA | 5 | | | | | | |
| | | | TKEYAPAR | 9 | | | | | | |
| | | | GORTARA | 10 | | | | | | |
| | | | SADIPUR BGHA BHUMIHAR TOLA | 11 | | | | | | |
| | | | BANDHU BIGHA | 14 | | | | | | |
| | | | KALI GANJ | 14 | | | | | | |
| | | | BUDHA BIGHA | 15 | | | | | | |
| | | MAHUAWAN | MANGRU BIGHA | 2 | | | | | | |
| | | | BISUNPURA | 6 | | | | | | |
| | | | DIWAN BIGHA | 7 | | | | | | |
| | | | MAKHARA | 11 | | | | | | |
| | | | MAKHARA KA BIGHA | 12 | | | | | | |
| | | RATNPUR | NAWADIH | 2 | | | | | | |
| | | | KEWAL BIGHA | 3 | | | | | | |
| | | | ATROULI | 4 | | | | | | |
| | | | LOKAN BIGHA | 5 | | | | | | |
| | | | GIRA BIGHA | 6 | | | | | | |
| | | | PREM BIGHA | 7 | | | | | | |
| | | | RAM JIWAN BIGHA | 12 | | | | | | |
| | | TEJPURA | MAHDEWA FIELD KE PAS | 1 | | | | | | |
| | | | HAJARI BIGHA | 7 | | | | | | |
| | | | PASWAN TOLA YADAW TOLA | 11 | | | | | | |
| | | | YADAW TOLA | 12 | | | | | | |
| | | | DUMARI KE MAHADALIT TOLA | 13 | | | | | | |
| | | | S.C TOLA | 14 | | | | | | |
| | | GAINI | MISIR BIGHA | 2 | | | | | | |
| | | | NARAYN BIGHA | 2 | | | | | | |
| | | | GAINI MUSLMAN+ BHUMIHAR TOLA | 7 | | | | | | |
| | | | S.C TOLA | 8 | | | | | | |
| | | | MHADLIT TOLA MUSLMAN TOLA | 9 | | | | | | |
| | | | ARI KA BIGHA | 11 | | | | | | |
| | | | KUSHA | 12 | | | | | | |
| | | | PARIHAR PASWAN+YADAW TOLA | 14 | | | | | | |
| | | KANCHANPUR | MAHADALIT TOLA | 3 | | | | | | |
| | | | HEMAN BIGHA | 8 | | | | | | |
| | | | KATHBARI REVEENUE VILLAGE | 10 | | | | | | |
| | | | KATHBARI PASWAN TOLA | 11 | | | | | | |
| | | | NONIYA BIGHA | 12 | | | | | | |
| | | | PANCH RUKHIYA | 14 | | | | | | |
| | | KARA | SUBEDAR BIGHA | 1 | | | | | | |
| | | | KURMAIN KE BIGHA | 2 | | | | | | |
| | | | KARA WEST | 6 | | | | | | |
| | | KRSAWAN | KASIM BIGHA | 1 | | | | | | |
| | | | PADRIA BIGHA | 2 | | | | | | |
| | | | RUP KHAP | 4 | | | | | | |
| | | | HUSANBAD | 11 | | | | | | |
| | | | GHETRA NORTH SIDE | 13 | | | | | | |
| | | KHUDWAN | KHUDWAN TOLA KE DIH | 2 | | | | | | |
| | | | KHUDWAN TOLA GADH PAR | 3 | | | | | | |
| | | | FAGUI BIGHA | 10 | | | | | | |
| | | | BHAUTHADHI BIGHA | 13 | | | | | | |
| | | MALWA | MALWA KA BIGHA | 1 | | | | | | |
| | | | MALWA ROAD WEST SIDE | 3 | | | | | | |
| | | | MLAH TOLI | 7 | | | | | | |
| | | | SUNDARPUR BIRINDABAN | 9 | | | | | | |
| | | | MASIN GANJ | 12 | | | | | | |
| | | | CHATR PUR+KLYAN BIGHA | 12 | | | | | | |
| | | | CHATR TOLE RAGHU BIGHA | 13 | | | | | | |
| | | | LAHASHA BIGHAA | 14 | | | | | | |
| | | BABHNDIHA | RAMLAGN BIGHA | 11 | | | | | | |
| | | | KURAIPUR | 11 | | | | | | |
| | | DIHRA | KHUTHA YADAW TOLA | 6 | | | | | | |

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

Executive Engineer
Public Health Division, Aurangabad

PR- 015379 ( PHED ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


# अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में हुई अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बहुआरा गांव की है, जहां वज्रपात की चपेट में आने से उस गांव निवासी राजेंद्र भगत के 22 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक झुलसकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। गंभीर रूप से झुलसे युवक की पहचान उस गांव निवासी धर्मपाल देव के 23 वर्षीय पुत्र बिक्कू कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक विक्रम और बिक्कू खेत में धान की सोहनी कर रहे थे। इस दौरान अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। आसपास में कहीं छिपने का जगह नहीं होने के कारण दोनों खेत में ही काम करते रहे। इस क्रम में तेज गर्जन के साथ वज्रपात हुई, जिसके चपेट में आकर दोनों झुलस गए जिसमें बिक्रम की मौत हो गई जबकि बिक्कू जख्मी हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। आनन-फानन में दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने बिक्रम को मृत घोषित कर दिया। वहीं बिक्कू की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक विक्रम अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। अभी उसकी शादी भी नहीं हुई थी। उसकी मौत के बाद सिर्फ दो बेटियां बची है। विक्रम किसी तरह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। माता-पिता को उससे काफी उम्मीद थी। घटना की सूचना पर मुफस्सिल थाना की पुलिस वहां पहुंची तथा शव को बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा जाएगा। वहीं दूसरी घटना रिसियप थाना क्षेत्र के खेतपुरा गांव की है। जहां सड़क किनारे खेल रही एक मासूम बच्ची को तेज रफ्तार पिकअप ने कुचल दिया जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्ची की पहचान नबीनगर के चंद्रगढ़ निवासी अजय यादव की तीन वर्षीय पुत्री संजना कुमारी के रूप में की गई है। खेतपुरा गांव में वह अपने नाना विनय यादव के घर रहती थी। घटना के बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। अस्पताल में मासूम बच्ची की मौत की सूचना पुलिस पहुंची। शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। मासूम संजना दो बहनों में सबसे छोटी थी। पिता अजय यादव किसी दूसरे प्रदेश में नौकरी करता था। उसकी पत्नी अपने दोनों बच्चों को लेकर मायके में रहती थी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि धक्का मार कर भागने वाले पिकअप व चालक का पता लगाया जा रहा है।

## स्वच्छता अभियान को लेकर बच्चों को किया जागरूक

**अंबा(नबिटा संवाददाता)।** बाल विकास विद्यालय अंबा में शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया कर बच्चों को जागरूक किया गया। इस क्रम में स्वच्छता दूत संजय शर्मा के नेतृत्व में साफ-सफाई की गयी, जिसमें विद्यालय के शिक्षक के साथ-साथ बच्चों ने भी अपनी भूमिका निभाई। इस दौरान स्वच्छता दूत श्री शर्मा ने कहा कि वातावरण को संतुलित रखने के लिए साफ - सफाई जरूरी है इसके साथ ही हम सभी को वातावरण प्रदूषित होने से बचना होगा। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वच्छता के लिए ध्यान लगाया जाना, शारीरिक स्वच्छता के लिए प्रतिदिन व्यायाम करना व आंतरिक स्वच्छता के लिए शुद्ध भोजन जरूरी है।

# निजी क्लिनिक में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद शहर के एक निजी क्लिनिक में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना किस परिस्थिति में हुई यह स्पष्ट नहीं हो सका है। जब महिला का शव हसपुरा प्रखंड के डुमरा पंचायत के महुली गांव में पहुंचा तो कोहराम मच गया। मृतका की पहचान महुली गांव निवासी अरविंद कुमार की पत्नी 28 वर्षीय शिल्पी देवी के रूप में हुई है। वैसे घटना 19 सितंबर की रात 11 बजे के करीब की बतायी जा रही है। बताया जाता है कि शिल्पी प्रसव पीड़ा से ग्रसित थी। जब उसे दर्द होने लगा तो परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। नार्मल प्रसव नहीं होने की स्थिति में उसे डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। जानकारी मिली कि परिजन उसे औरंगाबाद के एक निजी क्लिनिक में ले गये, जहां प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गयी। उक्त निजी क्लिनिक में महिला का ऑपरेशन किया गया था। एक बच्ची का जन्म हुआ, लेकिन एक घंटे के भीतर ही दोनों की मौत हो गयी। मृतक अपने पीछे पांच वर्षीय पुत्र अक्षय कुमार और तीन वर्षीय पुत्री अल्फा कुमारी को छोड़ गयी है। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम कचहरी डुमरा के सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव महुली पहुंचे और पीड़ित परिजनों से मिलकर ढांढ़स बंधाया। ज्ञात हो कि औरंगाबाद शहर में कुकुरमुत्ते की तरह अवैध निजी नर्सिंग संचालित हो रहे है। कब किसकी मौत हो जाए कहा नहीं जा सकता। बहुत से मौत के बाद हंगामें के आसार बनते है और बहुत की घटना के बाद परिजन चुपचाप घर चले जाते है। यह भी ज्ञात हो कुछ दिन पहले ही औरंगाबाद सिविल सर्जन डॉ लालसा सिन्हा के निजी क्लिनिक में प्रसव के दौरान ही महिला और उसके गर्भ में पल रहे जुड़वा बच्चे की मौत हो गयी थी। घटना के बाद बवाल का दौर अभी थमा भी नहीं है। बड़ी बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही व मनमानी की वजह से अवैध धंधा फल-फूल रहा है।

# दो डीलरों के खिलाफ प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** सरकार जन वितरण प्रणाली के तहत गरीब परिवार के बीच हर माह प्रति व्यक्ति पांच किलो चावल व पांच किलो गेहूं का वितरण कर उनके रोजमर्रा की जरूरत को पूरा कर रही है, लेकिन जन वितरण विक्रेता सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना में अवैध तरीके से मोटी कमाई में जुटे है। प्रखंड क्षेत्र के दो डीलरों ने 824.86 क्विंटल सरकारी अनाज का घोटाला कर जरूरत मंद लोगों की हकमारी की है। खास बात यह है कि ये दोनों डीलर दीमक की तरह अनाज का गबन करते रहे और किसी को इसकी भनक तक नही लगी। इस मामले में अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर कड़ी कार्रवाई की गयी है। एमओ स्नेहलता कुमारी ने जन वितरण विक्रेता दक्षिणी उमगा पंचायत के जुड़ाही निवासी मुजाकिर हुसैन व मुंद्रिका पासवान के खिलाफ मदनपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। ऑनलाइन निरीक्षण के दौरान मुजाकिर हुसैन की दुकान में 42.50 क्विंटल चावल व 11.83 क्विंटल गेहूं का अंतर पाया गया है। वही, मुंद्रिका पासवान की दुकान में 687.57 क्विंटल चावल व 79.96 क्विंटल गेहूं का अंतर पाया गया है। इस संबंध में एमओ ने बताया कि यह कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश पर की गयी है। जांचोपरांत दोनों डीलरों द्वारा सरकारी अनाज का घोटाला का मामला सामने आया है। इनकी अनुज्ञप्ति रद करते हुए अग्रिम कार्रवाई के लिए थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए बताया कि यह सरकारी योजना है जो गरीबों के लिए है। जो भी गड़बड़ी करते पकड़े जायेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## अष्टभुजी धाम महोत्सव को मिला राजकीय दर्ज़ा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बारून प्रखंड के पिपरा में आयोजित अष्टभुजी धाम महोत्सव को कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा राजकीय दर्ज़ा प्रदान किया गया है। इसपर अष्टभुजी धाम पिपरा महोत्सव आयोजन समिति के सदस्यों ने हर्ष जताया है। कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लिए गौरवान्वित करने वाला यह विषय है।

# बैंकों की उपलब्धि पर डीएम ने जताया संतोष

## जिले के विकास में समन्वय स्थापित कर योगदान देने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभा कक्ष में वित्तीय वर्ष 2025-26 की जून तिमाही का जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति/जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा की गई। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक ने पिछले बैठक में लिए गए निर्णय की कार्यवाही पर बिंदुवार चर्चा किया। अध्यक्ष ने प्रगति प्रतिवेदन पर संतोष प्रकट किया तथा सदन ने ध्वनि मत से इसकी पुष्टि की। अग्रणी जिला प्रबंधक आनंद वर्धन ने बैंको से संबंधित उपलब्धियों की जानकारी दी। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि जिले के बैंकों का समग्र सीडी अनुपात जून 2025 में 61.09 प्रतिशत है जो कि संतोषजनक है। बैठक में इंडियन बैंक, कैनरा बैंक, आईसीआईसीआई, एचडीएफसी, आईडीबीआई बैंक, बंधन बैंक, उत्कर्ष बैंक, ईसाफ बैंक की उपलब्धि काफी अच्छी रही। परंतु बैंक ऑफ बडौदा, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक, पीएनबी इत्यादि के सीडी अनुपात, 40 प्रतिशत से भी कम है, जिसमें सुधार की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को अपने क्षेत्र के सभी योग्य उद्यमियों को प्रधान मंत्री स्वरोजगार योजना, पीएमएफएमई, मुद्रा ऋण एवं योग्य किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ने को कहा। उन्होने सभी विभागों एवं बैंकरों को आपस में समन्वय स्थापित कर जिले के विकास में अहम भूमिका निभाने को कहा। वार्षिक साख योजना की जून 2025 तक की उपलब्धि 14.40 प्रतिशत रहने पर जिलाधिकारी ने असंतोष प्रकट किया। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र ने बताया कि पीएमएफएमई के अंतर्गत लक्ष्य 240 के विरुद्ध 43 ऋण आवेदन स्वीकृत किया गया है, जो कि संतोषजनक नहीं है। पीएमईजीपी में लक्ष्य 78 के विरुद्ध 13 ऋण आवेदन स्वीकृत किया गया है जिस पर अध्यक्ष द्वारा खेद प्रकट किया गया। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के अंतर्गत पात्र लाभुकों एवं किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने को जोर दिया। स्वयं सहायता समूह के अंतर्गत जिले में 24976 ग्रुप बनाये गये हैं जिसके अंतर्गत 24830 स्वयं सहायता समूह को बैंको द्वारा प्रथम लिंकेज ऋण उपलब्ध करा दिया गया है। सदन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की। जिलाधिकारी ने सामाजिक सुरक्षा योजना जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना पर अच्छी उपलब्धि पर बैंकरों को बधाई दी। अटल पेंशन योजना के अंतर्गत जिले की सराहनीय उपलब्धि पर अध्यक्ष ने प्रसन्नता जाहिर की। डीएलसीसी बैठक के साथ ही जिला स्तरीय आर सेटी सलाहकार समिति की बैठक भी जिलाधिकारी के अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक द्वारा बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में संस्थान द्वारा कुल 1150 लक्ष्य के विरुद्ध संस्थान द्वारा अबतक 575 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अध्यक्ष द्वारा आर सेटी क सर्वोन्मुखी प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया। इस बैठक में वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, नाबार्ड डीडीएम सुशील कुमार सिंह, आरबीआई पटना के राहुल कुमार, डीबीजीबी के क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद कुमार, पीएनबी के मुख्य प्रबंधक डीके ब्रह्मचारी, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक मो. अफ्फान, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, जिला पशु पालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी श्रीकांत, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र राजकुमार सिंह के निदेशक एवं जिले के सभी बैंक समन्वयक उपस्थित थे।

### बीआरबीसीएल के साथ डीएम ने समझौता पत्र पर किया हस्ताक्षर

# स्वास्थ्य सेवाओं में होगा सुधार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा गुणवत्ता में सुधार के लिए जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया ताकि विभिन्न स्वास्थ्य एवं सार्वजनिक निर्माण कार्यों में विकास हो सके। इसको लेकर जिला प्रशासन और बीआरबीसीएल के बीच कुल पांच स्वास्थ्य निर्माण कार्यों के लिए 2 करोड़ 8 लाख 9 हजार 400 रूपये का एमओयू साइन किया गया। इसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दाउदनगर में औषधि भंडार कक्ष का निर्माण, महिला एवं पुरुष वार्ड तथा चिकित्सक एवं कर्मी कक्ष का निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारूण में डायग्नोस्टिक भवन का निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देव में डायग्नोस्टिक भवन का निर्माण और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दाउदनगर में मरीजों एवं परिजनों के बैठने के लिए शेड का निर्माण कार्य शामिल है। इसके साथ ही दाउदनगर टाउन हॉल के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 59 लाख 99 हजार रूपये का एमओयू भी हस्ताक्षरित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि ये निर्माण कार्य न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करेंगे बल्कि जनता को बेहतर एवं सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यों की समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सम्पन्नता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इन कार्यों के सफल निष्पादन से जिले के स्वास्थ्य और सार्वजनिक अवसंरचना क्षेत्र में व्यापक सुधार होने की उम्मीद है।

# चार दिनों से दो नाबालिग लड़कियां गायब लव जिहाद में भगाने की आशंका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के अंबा बाजार की रहने वाली दो नाबालिग लड़कियां बीते चार दिनों से लापता है। इस दौरान परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चलने पर परिजनों ने अंबा थाना में आवेदन समर्पित कर खोजबीन की मांग की है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हालांकि अब तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। दोनों एक साथ ट्यूशन में पढ़ने जाती थी। जानकारी के मुताबिक 16 सितंबर की रात 12 बजे दोनों अपने घर से निकली थीं। उनके परिजन जब 17 सितंबर की सुबह उठे तो बच्चियां घर पर नहीं थीं। घर से निकलने के बाद किशोरियों ने इंस्टाग्राम आईडी पर एक फोटो अपलोड किया है जो प्रयागराज का बताया जा रहा है। परिजनों और स्थानीय लोगों का मानना है कि दोनों लव जिहाद की शिकार हो गई है। किसी लड़के ने उन्हें साजिश के तहत भगा लिया है। पांचों लड़कियां एक ही साथ ट्यूशन पढ़ती थी। इसी क्रम में उन्हें इंस्टाग्राम पर किसी लड़के से दोस्ती हुई थी। इसके बाद लड़के ने पांचों लड़कियों को अपने झांसे में लेना शुरू किया। उसके झांसे में आकर पांचों लड़कियां उसके साथ जाने को तैयार हो गई। लोगों का कहना है अगर दो दिनों के अंदर किशोरियों को बरामद नहीं किया गया तो स्थानीय लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। जल्द ही लापता लड़कियों को बरामद कर लिया जाएगा।

# औरंगाबाद के प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन प्रोजेक्ट का चयन

## जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री 9 अक्टूबर को मसूरी में देंगे प्रस्तुति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नीति आयोग द्वारा आयोजित यूज केस चैलेंज में औरंगाबाद जिले की उपलब्धि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय बनी है। आयोग ने जिले द्वारा प्रस्तुत प्लास्टिक वेस्ट से पेवर ब्लॉक निर्माण संबंधी प्रोजेक्ट को अनुकरणीय प्रोजेक्ट के रूप में चयनित किया है। इस उपलब्धि के तहत औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री को 9 अक्तूबर 2025 को मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक संस्थान में आयोजित यूज केस अवॉर्ड सेरेमनी में जिले की ओर से प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया गया है। नीति आयोग ने 24 दिसम्बर 2024 से 18 फरवरी 2025 तक नीति फॉर स्टेट्स पोर्टल के तहत जिलों से अनुकरणीय प्रोजेक्ट आमंत्रित किए थे। इस दौरान पूरे देश से अनेक जिलों ने अपनी नवाचार आधारित पहले पोर्टल पर अपलोड कीं। औरंगाबाद जिला प्रशासन की ओर से प्रस्तुत प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन का मॉडल



अपनी उपयोगिता और प्रभावशीलता के कारण आयोग के चयन में विशेष स्थान बना पाया। जिला प्रशासन द्वारा विकसित इस प्रोजेक्ट में अपशिष्ट प्लास्टिक को एकत्र कर उसे वैज्ञानिक पद्धति से पुनः प्रयोग योग्य बनाया जाता है। इसके बाद इनसे पेवर ब्लॉक तैयार किए जाते हैं, जो पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के साथ-साथ निर्माण कार्यों में उपयोगी साबित हो रहे हैं। इस पहल से न केवल प्लास्टिक प्रदूषण पर अंकुश लगाने में मदद मिल रही है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के अवसर भी विकसित हो रहे हैं। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के अनुसार, यह उपलब्धि औरंगाबाद जिले के प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व का विषय है। उनका कहना है कि यह प्रोजेक्ट आगे चलकर अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। इस चयन के साथ औरंगाबाद जिला अब उन चुनिंदा जिलों की सूची में शामिल हो गया है, जिनकी नवाचारी पहलों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। मसूरी में होने वाले समारोह में देशभर के जिलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे और अपने-अपने प्रोजेक्ट्स का प्रस्तुतिकरण करेंगे। जिला प्रशासन के इस प्रयास ने साबित किया है कि यदि वैज्ञानिक सोच और जनभागीदारी को आधार बनाया जाए तो प्लास्टिक जैसी गंभीर समस्या का समाधान भी विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों के साथ संभव है।

# शांतिपूर्ण और पारदर्शी रूप से संपन्न होगा विधानसभा चुनाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2025 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन एक्शन में है। इस संदर्भ में सीएपीएफ कोषांग, नियंत्रण कक्ष कोषांग, डीईएमपी एवं कम्यूनिकेशन कोषांग के नोडल पदाधिकारियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में एक विशेष और महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया की पूर्ण तैयारी, सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा, और समन्वय सुनिश्चित करना था, ताकि मतदान पूरी तरह से निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी रूप से संपन्न हो सके। बैठक में मतदान केंद्रों की सुरक्षा, सीएपीएफ बलों का आवंटन, नियंत्रण कक्ष एवं संचार प्रणाली की कार्यक्षमता, मतदाता सूची का अद्यतन, ईवीएम एवं वीवीपीएटी की जांच, और निर्वाचन के दौरान संभावित आपात स्थितियों से निपटने की रणनीतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नोडल पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी सतर्कता, तत्परता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि निर्वाचन संबंधी सभी व्यवस्थाएं समय पर और व्यवस्थित रूप से पूरी हों, जिससे मतदाताओं को सुरक्षित, सुगम और निर्बाध मतदान का अनुभव प्राप्त हो। बैठक में उपस्थित सभी नोडल पदाधिकारियों ने निर्वाचन की निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# जदयू के कई नेताओं ने थामा लोजपा (आर) का दामन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के सलैया पंचायत के चौथईया ग्राम निवासी और जदयू के पूर्व पंचायत अध्यक्ष धीरज कुमार शर्मा ने पार्टी छोड़कर एलजेपीआर की सदस्यता ग्रहण की। धीरज कुमार शर्मा ने बताया कि वे किसी भी दल की सीमा में बंधे बिना लोजपा (रामविलास) के वरिष्ठ नेता प्रमोद सिंह की विचारधारा और कार्यशैली से प्रभावित होकर संगठन के साथ जुड़े हैं। प्रमोद सिंह ने कहा कि धीरज कुमार शर्मा सहित कई स्थानीय कार्यकर्ताओं ने पार्टी से जुड़कर जनता की सेवा करने का संकल्प लिया है। उनके अनुसार, रघुनंदन शर्मा, आनंद शर्मा, रामस्वरूप दास, मनोज रजक, नरेश शर्मा, बनवारी विश्वकर्मा, केदार शर्मा, सत्यनारायण शर्मा और बृजनंदन शर्मा ने भी एलजेपीआर की सदस्यता ली है। सभी ने कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से प्रमोद सिंह के काम और सोच से प्रभावित हैं और अब क्षेत्र की जनता के लिए संगठन के साथ मिलकर काम करेंगे। प्रमोद सिंह ने बताया कि इन नेताओं ने साफ शब्दों में कहा है कि उनके लिए पार्टी से अधिक प्राथमिकता उनके विचार और कार्यशैली रहेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नए साथियों के जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी और जनता के हित में कार्य और प्रभावी ढंग से हो सकेगा। एलजेपीआर में शामिल हुए नेताओं ने कहा कि वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल करने और क्षेत्र के विकास के लिए सक्रिय योगदान देंगे। प्रमोद सिंह ने उनके समर्थन और विश्वास के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब से ये सभी पार्टी के साथ मिलकर क्षेत्र की जनता के हित में काम करेंगे।

# तीन दिन बाद खुला बालूगंज बाजार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस और व्यवसायियों के बीच पिछले तीन दिनों से चल रहा गतिरोध आखिरकार समाप्त हो गया। शनिवार को विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, एसडीओ संतन कुमार सिंह और एसडीपीओ चंदन कुमार बालूगंज बाजार पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। अधिकारियों ने घटना की निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद व्यवसायियों ने अपनी दुकानें खोल दीं और बाजार की रौनक लौट आयी। ज्ञात हो कि 17 सितंबर को सड़क किनारे खड़ी बाइक हटाने को लेकर पुलिस और एक युवक के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद मामला तूल पकड़ गया और ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बाजार बंद कर दिया। इस दौरान आगजनी की घटना भी हुई। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर 11 लोगों को नामजद तथा 50-60 अज्ञात लोगों को अभियुक्त बनाया। साथ ही राजा कुमार सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि थानाध्यक्ष ने जेल भेजने से पहले युवक की बेरहमी से पिटाई की। बातचीत के दौरान ग्रामीणों के दो गुट आपस में भिड़ गये। पूर्व मुखिया ने कहा कि बाजार अतिक्रमण की चपेट में है और सड़क किनारे फुटपाथी दुकानदारों के कारण आवागमन प्रभावित होता है। इसी पृष्ठभूमि में पुलिस और युवक के बीच विवाद हुआ था। दोनों पक्षों को एसडीओ ने फटकार लगाते हुए शांत कराया। ग्रामीणों ने पुलिस पर मनमानी और अवैध वसूली का आरोप लगाया। कहा गया कि वाहन जांच के नाम पर जबरन पैसा लिया जाता है और स्थानीय लोगों से दुर्व्यवहार होता है। इससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# श्रमिकों को दी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** श्रम संसाधन विभाग द्वारा श्रम अधिकार दिवस सह ग्रामीण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आईसीसी सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मगध प्रमंडल के उप श्रमायुक्त विनोद कुमार ने की। कार्यक्रम में श्रम अधीक्षक प्रियंका, डीआरडीसी प्रबंधक स्नेहा, जिला पार्षद हरिराम, राकेश कुमार, सभी प्रखंडों के श्रम परिवर्तन पदाधिकारी एवं जिला के प्रत्येक पंचायत से आए हुए श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित एवं बिहार गाथा के साथ किया गया। इस अवसर पर श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न अधिनियम एवं योजनाओं के अंतर्गत विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बिहार भवन एवं अन्य सह निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना 2011, बिहार प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना 2008, ई-श्रम पोर्टल, श्रम योगी मानधन योजना, बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986, बंधुआ मजदूर अधिनियम, कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, तथा ग्रेजुएट अधिनियम के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के कुछ लाभार्थियों को चेक प्रदान कर योजना का लाभ दिया गया। इसके साथ ही पंचायतों से आए हुए श्रमिकों को एक दिन का पारिश्रमिक तथा मार्ग व्यय का भुगतान किया गया। यह कार्यक्रम श्रमिकों को उनके अधिकारों एवं कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने तथा ग्रामीण स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

# एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन आज केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह विधानसभा क्षेत्र के पथरौल हाई स्कूल खेल मैदान में आज रविवार को आयोजित होने वाले एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय हिस्सा लेंगे। यह जानकारी देते हुए भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने बताया कि इस कार्यक्रम में एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे तथा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। नित्यानंद राय के अलावे भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा, पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. विनोद कुमार यादव, पूर्व विधायक वशिष्ठ सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष लोजपा (आर) श्यामदेव पासवान, पूर्व विधायक डॉ. रणविजय सिंह, हम (से.) के राष्ट्रीय सचिव रोमित कुमार प्रमोद चन्द्रवंशी सहित कई एनडीए के दिग्गज नेता शामिल होंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# निर्धारित राशि से अधिक खर्च करने पर होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत विभिन्न राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों की व्यय संधारण एवं आय-लेखा संबंधी कार्यों के कुशल निष्पादन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा गठित सभी सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा दल के सदस्यों की एक बैठक वाणिज्य कर कार्यालय औरंगाबाद में आयोजित की गई। इस बैठक सह प्रशिक्षण की अध्यक्षता राज्य कर संयुक्त आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग रवि रंजन आलोक ने की। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित वैधानिक व्यय सीमा, उसके अनुश्रवण के तरीके तथा आयोग द्वारा जारी अधिसूचना एवं प्रेस नोट की तिथि से सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा दलों के दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि सहायक व्यय प्रेक्षक आयोग द्वारा प्राधिकृत व्यय प्रेक्षक के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे और आदर्श आचार संहिता लागू होते ही उनके दायित्व विधिवत प्रारंभ हो जाएंगे। सहायक व्यय प्रेक्षक लेखा दल द्वारा संधारित व्यय पंजी की जांच और अनुमोदन करेंगे तथा प्रत्याशियों के खर्च का रिकार्ड निर्धारित सीमा के अंदर सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी प्रत्याशी या दल द्वारा आवश्यकता से अधिक व्यय किए जाने की शिकायत होगी तो उसकी गहन जांच सहायक व्यय प्रेक्षक के माध्यम से की जाएगी। बैठक में यह भी बताया गया कि लेखा दल उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा प्रचार सामग्री, विज्ञापन, रैली, यात्रा आदि पर किए गए खर्च का रिकार्ड सुरक्षित रखेंगे और चुनाव संपन्न होने के बाद उम्मीदवारों से प्राप्त व्यय विवरणी की जांच एवं सत्यापन करेंगे। जिला निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा प्रतिनियुक्त सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा दल निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग से समन्वय स्थापित कर दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा समय-समय पर व्यय प्रेक्षक को प्रतिवेदन प्रस्तुत करते रहेंगे। इस अवसर पर राज्य कर संयुक्त आयुक्त ज्ञानी दास, राज्य कर सहायक आयुक्त गुंजन कुमार, राज्य कर उपायुक्त संतोष कुमार, राज्य कर सहायक आयुक्त अनामिका कुमारी, निरंजय कुमार, अमितेश कुमार, अभिषेक कुमार, कुणाल सिंह, अनिल कुमार, अशोक कुमार केसरी, रूपेश कुमार, मोहम्मद इरफान, अभिनव अभिषेक, अखिलेश कुमार, प्रकाश कुमार, नीरज कुमार, रितेश कुमार शर्मा, विशाल कुमार, प्रमिला कुमारी, चंदन कुमार, इरशाद अली, प्रतीक वत्स सहित अन्य अधिकारी एवं लेखा दल के सदस्य उपस्थित थे।

# अभ्यास मध्य विद्यालय में पेवर ब्लॉक कार्य का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के शाहपुर स्थित अभ्यास मध्य विद्यालय में कराये गये पेवर ब्लॉक के कार्य का उद्घाटन शनिवार को नगर परिषद के अध्यक्ष उदय प्रसाद गुप्ता ने किया। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका सुधा पांडेय का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक रामकुमार राम ने बताया कि जब से विद्यालय में नगर परिषद के द्वारा पेवर ब्लॉक का कार्य के साथ ही विद्यालय परिसर में बैठने के लिए सीमेंट वाला बेंच लगाया गया है तब से विद्यालय की सुंदरता बढ़ गई है और विद्यालय आने वाले बच्चों को सुविधा होने लगी है। अध्यक्ष उदय प्रसाद गुप्ता ने बताया कि नगर परिषद शहर के साथ-साथ शहर के सभी विद्यालयों का विकास करने के लिए कृत संकल्पित है। हमारा हमेशा यह प्रयास रहता है कि कहीं भी कोई समस्या हो तो उसे तुरंत दूर कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि यहां प्रधानाध्यापक के साथ-साथ सभी शिक्षक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में हमेशा आगे रहते हैं। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रस्तुति दी गई। मौके पर वार्ड पार्षद रंजय अग्रहरि, शिक्षिका सरिता कुमारी, तलत परवीन, शिक्षक जफर इमाम, सुजीत कुमार सिंह, रम्भा कुमारी, रणजीत प्रसाद सिन्हा, सचिव संगीता देवी, अतुल कुमार मिश्रा, राजेन्द्र कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।